सुप्रभात

रांची, शुक्रवार

17.02.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 215




11 पुजारा का दिल्ली टेस्ट में होगा खास शतक

## भगवान बिरसा को श्रद्धांजलि दे मोदी ने नयी दिल्ली में राष्ट्रीय आदि महोत्सव का किया शुभारंभ

# आदिवासी समाज को लेकर गौरव के साथ आगे बढ़ रहा भारत

■ जनजातीय कला को प्रोत्साहन व जनजातीय युवाओं के स्किल बढ़ाने पर है सरकार का जोर

■ पहली बार भगवान बिरसा जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाने की शुरुआत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम ने कहा कि हम कैसे प्रकृति से संसाधन लेकर भी उसका संरक्षण कर सकते हैं, इसकी प्रेरणा हमें हमारे आदिवासी समाज से मिलती है। उन्होंने कहा, आदिवासी समाज को लेकर देश जिस गौरव के साथ आगे बढ़ रहा है, वैसा पहले कभी नहीं हुआ। आज भारत विश्व को बताता है कि अगर आपको जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों का समाधान चाहिए, तो हमारे आदिवासियों की जीवन परंपरा देख लीजिए, आपको रास्ता मिल जायेगा। पीएम गुरुवार को यहां मेजर ध्यान चंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आदि महोत्सव का आदि महोत्सव में बोल रहे थे। उदघाटन के पूर्व पीएम मोदी ने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा को भी पुष्पांजलि अर्पित की। आयोजन स्थल पर लगी प्रदर्शनी का जायजा लिया। इस दौरान केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा भी उनके साथ उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव का उद्देश्य देश भर की जनजातियों की समृद्ध और विविध विरासत को प्रदर्शित करना होगा। आगामी 27 फरवरी तक चलने वाले महोत्सव में करीब 1000 आदिवासी शिल्पकार अपनी सहभागिता कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि पहली बार देश ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मजयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाने की शुरुआत की है। पहली बार अलग-अलग राज्यों में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी म्यूजियम खोले जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का नया भारत 'सबका साथ सबका विकास' के दर्शन पर काम कर रहा है। सरकार उन लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है, जिनसे लंबे समय से संपर्क नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि आदिवासी इलाकों में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया जा रहा है। देश के हजारों गांव, जो पहले वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित थे, उन्हें 4जी कनेक्टिविटी से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों के युवा अब इंटरनेट और इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिये मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं।

### आदिवासी बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता

पीएम ने कहा कि आदिवासी बच्चे देश के किसी भी कोने में हों, उनकी शिक्षा और उनका भविष्य भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। 2004 से 2014 के बीच केवल 90 'एकलव्य स्कूल' खोले गये, जबकि 2014 से 2022 तक हमारी सरकार ने देश भर में 500 से अधिक 'एकलव्य स्कूल' को मंजूरी दी। इनमें से 400 से ज्यादा स्कूलों में पढ़ाई शुरू भी हो चुकी है और एक लाख से ज्यादा जनजातीय छात्र इन स्कूलों में पढ़ाई भी करने लगे हैं।



### अब अपनी भाषा में पढ़ सकेंगे आदिवासी युवा

मोदी ने कहा कि आदिवासी युवाओं को भाषा की बाधाओं से बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषा में पढ़ाई का विकल्प भी दिया गया है। अब हमारे आदिवासी बच्चे, आदिवासी युवा अपनी भाषा में पढ़ सकेंगे, आगे बढ़ सकेंगे। सरकार का जोर जनजातीय आर्ट्स को प्रमोट करने, जनजातीय युवाओं के स्किल को बढ़ाने पर भी है।

**एकलव्य मॉडल विद्यालयों की संख्या पांच गुना बढ़ी :** पीएम ने कहा, आदिवासी बच्चे देश के किसी भी कोने में हो, उनकी शिक्षा, उनका भविष्य ये मेरी प्राथमिकता है। आज देश में एकलव्य मॉडल आदिवासी विद्यालयों की संख्या में पांच गुना की वृद्धि हुई है। 2004 से 2014 तक 10 वर्षों में केवल 90 एकलव्य आदिवासी स्कूल ही खुले थे।

**आदिवासी समुदाय प्रेरणादायक**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम कैसे प्रकृति से संसाधन लेकर भी उसका संरक्षण कर सकते हैं, इसकी प्रेरणा हमें हमारे आदिवासी समाज से मिलती है। भारत के जनजातीय समाज द्वारा बनाये जाने वाले उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है और ये विदेशों में निर्यात किये जा रहे हैं।

## न्यूज डायरी

### पहले सरना धर्म कोड लागू करे केंद्र : झामुमो

**रांची।** झामुमो ने आदि महोत्सव पर तंज कसा है। पार्टी ने कहा कि भाजपा अचानक आदिवासियों की चिंता करने लगी है, लेकिन सरना धर्म कोड लागू नहीं करेगी। पार्टी ने केंद्र से सरना धर्म कोड लागू करने की मांग की है। पार्टी नेता सुप्रियो ने कहा कि दिल्ली में पीएम मोदी ने उद्घाटन समारोह में आदिवासियों की खूब प्रशंसा की। लेकिन सरना धर्म कोड पर केंद्र सरकार चुप है।

### हड़ताल से मंडी में पसरा सन्नाटा, कारोबार ठप

**रांची।** खाद्यान्न व्यापारियों की हड़ताल से मंडी में सन्नाटा पसरा है। दो दिनों से कारोबार ठप पड़ा है। झारखंड में खाद्यान्न,सब्जी और फलों के थोक व्यवसाय काफी प्रभावित हो गया है। कृषि शुल्क बढ़ोतरी के खिलाफ व्यावसायियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। पहले दिन करीब 100 करोड़ का नुकसान हुआ था।

### त्रिपुरा में 80 फीसदी से अधिक वोटिंग

**नयी दिल्ली।** त्रिपुरा विधानसभा की 60 सीटों के लिए गुरुवार को 3,337 मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ। 80 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। यह अंतिम आंकड़ा नहीं है, क्योंकि मतदान के अंतिम समय 4 बजे तक भी कई मतदान केंद्रों पर बड़ी लाइनें देखी गयीं। वोट प्रतिशत का अंतिम आंकड़ा शुक्रवार तक आने की संभावना है।

### एशियाई चैंपियन फुटबॉलर बलराम के निधन से शोक

**कोलकाता।** एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले भारतीय फुटबॉलर तुलसीदास बलराम का निधन गुरुवार को कोलकाता के एक निजी अस्पताल में हो गया है। वह महानगर से 17 किलोमीटर दूर हुगली जिले के उत्तरपाड़ा में नदी किनारे एक फ्लैट में परिवार के साथ रहते थे। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि 1962 के एशियाई चैंपियन की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें 26 दिसंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### 17 अप्रैल को होगी अग्निवीरों की परीक्षा

**नयी दिल्ली।** अग्निपथ योजना के तहत सेना में अग्निवीरों की चयन प्रक्रिया में किये गये बदलाव के बाद पहला ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीइइ) 17 अप्रैल को होगा। यह लिखित परीक्षा पास करने वाले उम्मीदवारों को ही फिजिकल टेस्ट के लिए बुलाया जायेगा। इसके लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो गये हैं, आखिरी तारीख 15 मार्च है।

### उत्तरी कश्मीर : कुपवाड़ा में एक आतंकवादी ढेर

**कुपवाड़ा।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के तंगधार में बुधवार की देर रात सेना ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे एक आतंकी को मार गिराया। गुरुवार सुबह शुरू किये गये सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने मारे गये आतंकी के शव के साथ हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है।

### देवघर में 144 पर आज हाइकोर्ट में सुनवाई

**रांची।** देवघर में शिव बारात के आयोजन के दौरान धारा 144 लागू करने के खिलाफ सांसद निशिकांत दुबे की ओर से हाइकोर्ट में दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को होगी। सुनवाई एक्टिंग चीफ जस्टिस अपरेश कुमार सिंह की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में होगी। गुरुवार को मामले में शीघ्र सुनवाई के लिए प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव एवं पार्थ जालान ने खंडपीठ आग्रह किया। कोर्ट ने अर्जी स्वीकार करते हुए शुक्रवार सुनवाई निर्धारित की है। याचिका में सांसद ने देवघर जिला प्रशासन द्वारा शिव बारात को लेकर धारा 144 लगाए जाने का विरोध करते हुए इस आदेश को निरस्त करने का आग्रह किया है।

## 13 गिरफ्तार, 2500 से ज्यादा पर एफआइआर

# पलामू पुलिस उपद्रवियों को पाताल से भी खोज निकालेगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर/ रांची।** पलामू जिले के पांकी में हिंसा के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है। तमाम बड़े अधिकारी कैंप कर रहे हैं। मामले में दो एफआइआर भी दर्ज करायी गयी है। साथ ही 19 फरवरी की सुबह तक पूरे पलामू में इंटरनेट सेवा बंद रहेगी। इसकी पुष्टि सदर एसडीएम राजेश कुमार शाह ने की है। जानकारी देते हुए पलामू डीसी और एसपी ने बताया कि पांकी हिंसा मामले में 13 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले में दर्ज एक एफआईआर में 100 नामजद और 500 अज्ञात, जबकि दूसरे में 47 नामजद और 2000 अज्ञात पर मामला दर्ज किया गया है। हिंसा के मामले में पलामू डीसी ए दोड्डे और एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले में शांति भंग कर उपद्रव फैलानेवालों को पलामू पुलिस पाताल से भी ढूंढ़ निकालेगी। हिंसा फैलाने वालों का समाज में कोई जगह नहीं है।



फिलहाल जिले की स्थिति शांतिपूर्ण है। इलाके की हर स्थिति पर नजर रखी जा रही है। एहतियातन तौर पर धारा 144 लागू की गयी है। इसी के तहत सभी तरह की गतिविधि चल रही है। जिला प्रशासन पूरे मामले में चप्पे-चप्पे पर नजर रखे हुए है। शांति समिति की बैठक में आगे की रणनीति तय की जायेगी। **- ए दोड्डे, पलामू उपायुक्त।**

पूरे मामले में 13 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में दो अलग-अलग एफआईआर की गई है। पत्थरबाजी करने वालों की पहचान की जा रही है। वीडियो फोटो का आकलन कर उपद्रवियों की पहचान की कोशिश है। उपद्रवी यदि पाताल में भी होंगे, तो उन्हें खोजकर पलामू पुलिस निकालेगी। पुलिस काफी संयम बरत रही है। **-चंदन कुमार सिन्हा, एसपी**

# रामगढ़ उपचुनाव : एक्जिट पोल पर आयोग सख्त, सजा-जुर्माना संभव

➲ 27 तक सभी सर्वे पर प्रतिबंध उल्लंघन पर सजा का प्रावधान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रामगढ़ विधानसभा को लेकर चुनाव आयोग ने एग्जिट पोल पर 27 फरवरी की शाम तक रोक लगा दी है। नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को दो वर्ष की सजा अथवा जुर्माना या दोनों की सजा दी जा सकती है। रामगढ़ विधानसभा सीट पर 27 फरवरी को उपचुनाव के लिए मतदान है। इस तारीख तक अब किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल पर रोक लगा दी गयी है। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से इसकी अधिसूचना पहले ही जारी कर दी गयी थी।

आयोग की अधिसूचना के अनुसार इस दौरान कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह से मतदान का सर्वेक्षण नहीं करेगा। न ही ऐसे किसी सर्वे के परिणाम का इस अवधि के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन किया जायेगा। किसी भी सर्वे का किसी भी रूप में किसी भी मीडियम से प्रचार-प्रसार नहीं करने की हिदायत निर्वाचन आयोग की ओर से दी गयी है। आयोग की घोषणा के अब अगले 10 दिनों तक कोई भी मीडिया में एग्जिट पोल का प्रकाशन या प्रसारण नहीं होगा।




**वोटिंग खत्म होने से 48 घंटे के दौरान भी न दिखायें :** निर्वाचन आयोग की मानें, तो जारी अधिसूचना के अनुसार 16 की सुबह सात बजे से 27 फरवरी तक प्रिंट या इलेक्ट्रोनिक मीडिया से एग्जिट पोल के परिणाम के प्रकाशन अथवा अन्य प्रसार को प्रतिबंधित कर दिया है। यह कहा गया है कि मतदान के दिन वोटिंग प्रक्रिया समाप्त होने से 48 घंटे के दौरान इलेक्ट्रोनिक मीडिया में ओपीनियन पोल भी नहीं दिखाया जा सकेगा। किसी भी व्यक्ति के मतदान के सर्वेक्षण पर रोक लगायी गयी है। किसी भी मीडिया से प्रचार अथवा प्रसार नहीं करने की हिदायत भी दी गयी है।

**इन सीटों पर भी होना है उपचुनाव :** झारखंड में रामगढ़ के अलावा अरुणाचल प्रदेश के लुम्ला विस क्षेत्र, तमिलनाडु के इरोड (पूर्व) विस क्षेत्र, पश्चिम बंगाल के सागरदिघी विस क्षेत्र और महाराष्ट्र के कसबा पेठ एवं चिंचवाड़ विस क्षेत्र के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा पहले ही हो चुकी है।

### आज रामगढ़ चुनाव प्रचार में जायेंगे सीएम

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को रामगढ़ उपचुनाव में यूपीए प्रत्याशी का प्रचार करने के लिये रामगढ़ जायेंगे। श्री सोरेन शुक्रवार को रामगढ़ का नेवरा गांव भी जायेंगे। दरअसल, बीते बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में यूपीए नेताओं की बैठक हुई थी और एकजुट होकर चुनाव प्रचार करने पर बल दिया गया था।



# सांसद खेल महोत्सव का आज प्रहलाद जोशी करेंगे उद्घाटन

■ सांसद संजय सेठ ने की सभी खेल प्रेमियों से महोत्सव में सम्मिलित होने की अपील

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय कोयला एवं संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी गुरूवार की देर शाम रांची पहुंचे। श्री जोशी शुक्रवार को तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। सांसद संजय सेठ के अनुसार यह आयोजन होटवार स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में हो रहा है। इसका उद्घाटन अपराह्न तीन बजे से होगा। इसके अलावा केंद्रीय जनजाति कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा मुख्य अतिथि व खेल राज्य मंत्री निशित प्रमाणिक विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। 17 से 19 फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव में रांची लोकसभा क्षेत्र के 3000 से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे। झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में 6 प्रकार के खेलों से जुड़ी प्रतिस्पर्धा होगी। इसमें बैडमिंटन, एथलेटिक्स, वुशु, तीरंदाजी, योगासन और कबड्डी को शामिल किया गया है।





3 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में 650 से अधिक मेडल और ट्रॉफी प्रतिभागियों को दिये जायेंगे। तीन दिवसीय महोत्सव के लिए 3087 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों से खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में रांची लोकसभा क्षेत्र के 17 प्रखंड और 53 वार्डों का प्रतिनिधित्व होगा।

## मनी लांड्रिंग: पूजा सिंघल ने लगायी कोर्ट में हाजिरी

**रांची।** मनी लॉउन्ड्रिंग मामले के आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल समेत अन्य 2 आरोपियों के आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई एक मार्च को होगी। गुरुवार को आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई की तारीख निर्धारित थी। लेकिन, बचाव पक्ष की ओर से समय की मांग की गई। जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए एक मार्च की तारीख निर्धारित की। इससे पूर्व अंतरिम जमानत पर चल रही पूजा सिंघल गुरुवार को ईडी कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर हाजिरी लगाई। साथ ही, मामले में जेल में बंद सीए सुमन कुमार, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता शशि प्रकाश एवं बर्खास्त कनीय अभियंता राम बिनोद प्रसाद सिन्हा की पेशी की गई। तीनों की न्यायिक हिरासत अवधि एक मार्च तक बढ़ा दी गई है। मालूम हो कि पूजा सिंघल बीते 13 फरवरी को अंतरिम जमानत की सुविधा मिलने के बाद बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार से दोबारा बाहर निकली है। पूजा सिंघल मनी लाउंड्रिंग मामले में अब तक 249 दिनों तक जेल में रही है।



# इनामी राशि बढ़ी, मैट्रिक टॉपर को मिलेंगे 3 लाख

›› सेकेंड टॉपर को दो और थर्ड टॉपर को एक लाख

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्टेट बोर्ड से मैट्रिक परीक्षा के टॉपर विद्यार्थी सरकार तीन लाख रुपये देगी। राज्य के स्कूली शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो गुरूवार को कहा कि सरकार ने यह निर्णय लिया है कि अब राज्य में मैट्रिक की परीक्षा में टॉप करने वाले छात्रों को इनाम में पहले से अधिक राशि दी जोगी। अब 10वीं की परीक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले छात्रों को राज्य सरकार 1 लाख की जगह 3 लाख रुपये देगी। वहीं, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थी को क्रमशः 2 और 1 लाख दिये जाएंगे। ये घोषणा राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने रांची के मोरहाबादी मैदान में की है। वह मुख्यमंत्री सहाय योजना में शिरकत करने आये थे।

**14 मार्च से होगी मैट्रिक और इंटर की परीक्षा :** राज्य में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 14 मार्च से होने वाली है। मैट्रिक की परीक्षा 3 अप्रैल तो वहीं इंटर की परीक्षा 5 अप्रैल तक चलेगी। इसको लेकर परीक्षार्थियों का एडमिट कार्ड 28 जनवरी और इंटर के छात्रों का 30 जनवरी को जारी हो गया है। इसके बाद 15 जून तक रिजल्ट जारी कर दिया जायेगा। वहीं, इस वर्ष शत-प्रतिशत पाठ्यक्रम के आधार पर परीक्षा ली जानी है। इस साल मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में लगभग 8 लाख परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। मैट्रिक में 4.50 लाख और इंटर की परीक्षा में 3.50 लाख परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं।

# पाकिस्तान में हर कोई मांग रहा आजादी

■ पाकिस्तान में अलगाववादी आंदोलन उग्र, बढ़ा संकट, सरकार पर भरोसा नहीं

■ आर्थिक संकट से लोगों का सरकार पर से भरोसा उठा

■ बलूच, सिंध और पश्तून, पाकिस्तान में सब कर रहे आंदोलन

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सीमाएं भारत, अफगानिस्तान, ईरान और चीन से मिलती हैं। मुल्क चार प्रांतों में बंटा हुआ है- पंजाब, सिंध, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान। इसके अलावा पीओके (पाक अधिकृत कश्मीर) और गिलगित-बाल्टिस्तान पर उसका अवैध कब्जा है। एक वक्त था जब पाकिस्तान के इन सभी प्रांतों और क्षेत्रों में विविध संस्कृति, भाषाओं और मान्यताओं का पालन करने वाले लोग रहते थे। लेकिन कट्टरपंथ और आतंकवाद को पालने वाला देश इन्हें एकजुट रखने में विफल हो गया। गंभीर आर्थिक और राजनीतिक संकट ने पाकिस्तान में सांप्रदायिक और अलगाववादी हिंसा को बढ़ावा दिया है।

पाकिस्तानियों का शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पर से काफी हद तक भरोसा उठ गया है। महंगाई जैसे मुद्दों पर इमरान खान को घेर कर सत्ता में आये शहबाज खुद देश पाकिस्तान में ठोस आर्थिक सुधार लागू करने में विफल हो रहे हैं। पाकिस्तान के विशेषज्ञ नवीद बसीर कहते हैं, 'पाकिस्तान में जो भी सरकार, सेना या अदालतें कर रही हैं, लोग उससे खुश नहीं हैं।

## जिन्ना के मुल्क के कई टुकड़े कर देंगे कंगाली?

### चीन ने जमकर दिया लोन

भारत के दोनों पड़ोसी देशों- श्रीलंका और पाकिस्तान- की आर्थिक स्थिति खराब चल रही है। दोनों ने 'दोस्त' चीन से जमकर कर्ज लिया। श्रीलंका पर पिछले साल तक कुल 51 बिलियन डॉलर का विदेशी कर्ज था। पाकिस्तान की बात करें तो उसके कुल विदेशी कर्ज का 30 प्रतिशत जो करीब 30 बिलियन डॉलर है, वह चीन से लिया गया। इसके बदले चीन पाकिस्तान की धरती का इस्तेमाल अपने लिए कर रहा है। चीन के कई प्रोजेक्ट्स पाक में चल रहे हैं। ऐसे में स्पष्ट है कि चीन जैसे देशों से विदेशी कर्ज लेने और फिर उसे बेफिजूल खर्च करने की वजह से श्रीलंका और पाकिस्तान का बुरा हाल हुआ है। दोनों ही देश अब आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए आईएमएफ की ओर देख रहे हैं।

**चीन के चक्कर में जो पड़ा, हो गया कंगाल :** पाकिस्तान और श्रीलंका, दोनों ही देश भारत के पड़ोसी हैं और दोनों में एक बात जो कॉमन है, वह चीन की दोस्ती है। दरअसल, भारत के दोनों पड़ोसियों ने चीन से जमकर कर्ज लिया और बदले में अपनी जमीन का इस्तेमाल ड्रैगन को कई प्रोजेक्ट्स के लिए करने दिया। अब दोनों ही देशों का हाल बेहाल हो गया है। पिछले साल के मध्य में श्रीलंका की आर्थिक हालत चरमरा गयी, तो अब पाकिस्तान कंगाल बनने से बस एक कदम ही पीछे है। पाकिस्तान में भी बिजली समेत महत्वपूर्ण चीजों के दाम बढ़ चुके हैं।

# होमगार्ड बहाली हाइकोर्ट के आदेश से होगी प्रभावित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गोड्डा जिले में होम गार्ड बहाली को लेकर दाखिल याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में दायर याचिका के फैसले से नियुक्तियां प्रभावित होंगी। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की अदालत में सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता गौरव अभिषेक और प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता पीपीएन रॉय और अधिवक्ता रंजन प्रसाद ने पक्ष रखा। हाईकोर्ट अब इस मामले की सुनवाई 6 सप्ताह बाद करेगा।

### 2009 और 2018 में निकला था विज्ञापन

बता दें कि वर्ष 2009 में गोड्डा जिले में होम गार्ड भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। जिसके बाद अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करते हुए बहाली के लिए दौड़ की करवाई गई, लेकिन अब तक नियुक्ति नहीं हुई। इसके बाद वर्ष 2018 में एक बार फिर 529 होम गार्ड की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी कर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी।

स्पीड न्यूज

# भोजपुरिया दारोगा-2 में शहर के गायक अजीत अमन को मिला बड़ा ब्रेक

## होली के बाद शुरू होगी फिल्म की शूटिंग, झारखंड-बिहार व यूपी में होगी शूटिंग

- गायन के साथ सुनहरे पर्दे पर चमकने का भी मिला मौका
- मुख्य भूमिका में होंगे भोजपुरी स्टार सुदीप पांडे और अक्षरा सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** देश के जाने-माने उद्योगपति रतन टाटा पर गीत गाकर मशहूर हुए शहर के अजीत अमन को फिल्म भोजपुरिया दारोगा-2 में बड़ा ब्रेक मिला है।

उन्हें इस फिल्म में अभिनय के साथ-साथ गाने के लिए भी चयनित किया गया है। भोजपुरी स्टार सुदीप पांडे इस फिल्म में मुख्य रोल में नजर आएंगे। इससे पूर्व उन्होंने फिल्म भोजपुरिया दारोगा बनाया था, जिसमें पवन सिंह ने भी काम किया था। फिल्म अभिनेता सुदीप पांडे ने एक वीडियो जारी करते हुए कहा है कि बहुत जल्द ही भोजपुरिया दारोगा-2 फिल्म बनने जा रही है।

इसकी शूटिंग झारखंड के साथ-साथ बिहार व उत्तरप्रदेश में की जाएगी। इसे लेकर सुदीप पांडे 24 फरवरी को मुंबई से जमशेदपुर आ रहे हैं। इस दौरान वे शूटिंग के लिए जगह चयनित करने के साथ-साथ कलाकारों से भी मिलेंगे। इस फिल्म में भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह सहित अन्य अभिनेता नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग होली के बाद शुरू होगी। इधर, फिल्म में ब्रेक मिलने के बाद अजीत अमन काफी उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि बहुत खुशी की बात है कि उनकी गीतों को मुंबई में भी सुना जा रहा है और उसके आधार पर उन्हें फिल्म के लिए चयनित किया गया है। यह उनके लिए बड़ी उपलब्धि है। भोजपुरी स्टार सुदीप पांडे के साथ अजीत अमन भी नजर आएंगे। अजीत अमन न बताया की वे केवल कर्म और मेहनत पर भरोसा करते है।

बाकी ईश्वर के हाथ में हैं। फिल्म में काम करने को लेकर अभिनेता सुदीप पांडे ने मुंबई से फोन पर अजीत अमन से संपर्क किया है। उन्होंने कहा है कि इस फिल्म में कई नये चेहरे को स्टार बनने का मौका मिलेगा।



भोजपुरिया दारोगा-2 का पोस्टर

### घाटशिला कॉलेज में खुलेगा झारखंड ओपन विवि का अध्ययन केंद्र

**जमशेदपुर।** घाटशिला महाविद्यालय में झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी का स्टडी सेंटर शीघ्र खुलेगा। इसको लेकर प्राचार्य डा आर के चौधरी ने झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय, रांची के कोर्डिनेटर डा प्रेम सागर केशरी एवं विकास मौर्य से एलबीएसएम कालेज , जमशेदपुर में बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम में मिलकर विस्तृत प्रस्ताव उन्हें सौंपा। इस पर डा केशरी ने प्राचार्य डॉ चौधरी को आश्वस्त किया कि आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर अगले माह तक घाटशिला महाविद्यालय में अध्ययन केंद्र स्थापित करवा दिया जाएगा। इस अवसर पर कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गंगाधर पंडा, विश्वविद्यालय के सीसीडीसी डा मनोज महापात्र, पोटका के विधायक संजीव सरदार, एलबीएसएम के प्राचार्य डा ए के झा, टाकू अध्यक्ष डा राजेंद्र भारती, घाटशिला महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डा पी के गुप्ता, डा नरेश कुमार, डा एस के सिंह, प्रो इंदल पासवान आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### गांधी घाट से पुराना पुल तक का नटी तट अतिक्रमण मुक्त

**जमशेदपुर।** गांधी घाट पार्क साकची जो सिंहभूम केन्द्रिय वरिष्ठ नागरिक समिति की देखरेख में है उसके बगल से लेकर मानगो पुराना तक का जमीन जो शहर का मुख्य द्वारा है जो वर्षों से विरान अवैध धंधा का अड्डा और गाय भैंस का खटाल बना हुआ था। वह स्थल जिला प्रशासन और जुस्को के सहयोग से अतिक्रमण मुक्त हो गया चारो तरफ से चारदिवारी बनकर गेट लग गया। समिति के अध्यक्ष शिवपूजन सिंह ने बताया कि अतिक्रमण मुक्त स्थल की सुरक्षा और रमणीक स्थल बनवाने का प्रयत्न होगा जो जमशेदपुर की जनता के लिए वरदान साबित होगा।

### बाजार शुल्क के विरोध में विधायकों से मिले चैंबर पदाधिकारी

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के नेतृत्व में व्यापार मंडल, कोल्हान राईस मिल एसोसिएशन, फ्लावर राईस मिल एसोसिएषन, आलू-प्याज थोक विकेता संघ, फल विकेता संघ, एवं अन्य खाद्यान्न व्यवसासी संघ झारखण्ड सरकार के द्वारा कृषि उपज एवं पशुधन पर लगाये गये दो प्रतिशत (बाजार शुल्क) के विरोध में लगातार आंदोलनरत हैं और इस व्यापार एवं जनविरोधी काले कानून को वापस लेने हेतु सरकार को बाध्य करवाने हेतु संघर्षरत हैं। विराध में अपना स्टैण्ड कायम रखते हुये इस कानून को वापस करवाने हेतु प्रतिबद्ध है।

PUBLIC NOTICE

It is to bring into the notice for general information that SHRI BAJRANG AKHADA SAMITEE, which organizes Shri Ramnavami festival at the Samudayik Vikas School Maidan of Kharangajhar under Telco PS, has now been registered as a Trust under the Indian Trust Act 1882 in the Registrar's Office, Jamshedpur with it's Reg. No. 2023/ISR/628/BK4/38. Now this organization will be known as "SHRI BAJRANG AKHADA SAMITEE TRUST, KHARANGAJHAR". Mr. Ankit Anand is the Settlor of the Trust and 6 others are Trustees. Like before, the trust will be involved in public interest. including the organising of Sri Rama Navami festival protection, promotion and upliftment of Sanatan Dharma and culture. It is hereby informed that you yourself will be responsible for legal action for wrong use of the organization's name, claim, or collection of donations etc. As per information/- "SHAL BAIRANG AKHADA SAMITEE TRUST, KHARANGAUHAR"

# टाटा स्टील ने टीएमटी बार का पहला मल्टी-मॉडल शिपमेंट पूरा किया

- भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल रूट के जरिये प. बंगाल से त्रिपुरा के लिए भेजा माल
- अंतर्देशीय जलमार्ग का उपयोग करने वाली पहली स्टील कंपनी बनी टीएसएल
- पश्चिम बंगाल के हल्दिया बंदरगाह से 960 टन स्टील टीएमटी बार अगरतला भेजा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**कोलकाता/जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने पश्चिम बंगाल के हल्दिया बंदरगाह से त्रिपुरा के अगरतला तक 960 टन स्टील टीएमटी बार का पहला मल्टी-मॉडल शिपमेंट सफलतापूर्वक पूरा किया, जो एक सस्टेनेबल भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। इस अतर्देशीय जलमार्ग के प्रयोग से चिकन नेक मार्ग पर माल-ढुलाई का बोझ जहां कम होगा वहीं दूसरी ओर, जल मार्ग के रुप में वैकल्पिक परिवहन रुट भी उपलब्ध हो गया है। रणनीतिक रुप से टाटा स्टील के साथ-साथ पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 8 जनवरी, 2023 को हल्दिया बंदरगाह से बार्ज एमवी बल्कर को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यात्रा का पहला चरण अंतर्देर्शीय जलमार्ग के माध्यम से भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल (आईबीपी) मार्ग का उपयोग करते हुए बांग्लादेश में आशुगंज बंदरगाह पर ट्रांसफर पॉइंट तक था।

इसके बाद बार को उतारा गया और दूसरे चरण का परिवहन भारत-बांग्लादेश सीमा पर अगरतला में लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के गोदाम तक सड़क मार्ग से किया गया। यात्रा के तीसरे और अंतिम चरण में, इस गोदाम से माल को अगरतला में वितरक के गोदाम तक पहुंचाने के लिए ट्रकों का उपयोग किया जाता था। टाटा मारट्रेड इंटरनेशनल लॉजिस्टिक्स लिमिटेड (टीएमआईएलएल) इस पहली यात्रा के लिए संपूर्ण लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट का इंचार्ज था। फ्लैग-ऑफ से लेकर डिस्ट्रीब्यूटर के गोदाम में सामग्री प्राप्त करने तक का पूरा परिवहन 17 दिनों में पूरा किया गया। फ्लैग-ऑफ इवेंट का वर्चुअली उद्घाटन पीयूष गुप्ता, वाइस प्रेसिडेंट जीएसपी और सप्लाई चैन, टाटा स्टील द्वारा किया गया। टीएम इंटरनेशनल लॉजिस्टिक्स लिमिटेड (टीएमआईएलएल) के डी. सामंत और ए.के. महापात्रा, जनरल मैनेजर (ट्रैफिक), हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स भी समारोह में शामिल हुए।

पीयूष गुप्ता, वाइस प्रेसिडेंट, जीएसपी और सप्लाई चेन, टाटा स्टील ने कहा कि भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग अंतर्देर्शीय जलमार्गों का उपयोग करने के लिए बांग्लादेश और भारत दोनों के लिए एक विश्वसनीय एकीकृत लॉजिस्टिक्स समाधान के रूप में कार्य करता है और बेहतर सेवा के लिए विकसित होते उत्तर पूर्वी बाजार में हमारे उपभोक्ता पहुंच का विस्तार करने में मदद करेगा। यह मार्ग परिवहन और मल्टीमॉडल मूवमेंट के एक साधन के रूप में नदी-समुद्र संयोजन के कुशल उपयोग का उदाहरण है।

रंजन सिन्हा, चीफ ग्रुप शिपिंग, टाटा स्टील ने कहा कि टीएमआईएलएल टीम के साथ टाटा स्टील को इस शिपमेंट के निष्पादन में किए गए प्रयासों पर गर्व है। कंपनी अपने ग्राहकों की सेवा के लिए समयसीमा को और भी कम करने की उम्मीद करती है। बता दें कि इससे पहले 2022 में, कंपनी ने ब्रह्मपुत्र नदी के माध्यम से भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल (आईबीपी) मार्ग का उपयोग करके पश्चिम बंगाल के हल्दिया बंदरगाह से असम के पांडु बंदरगाह तक 1,800 टन तैयार इस्पात उत्पादों को सफलतापूर्वक भेजा था।

# शास्त्रीनगर में भव्य शिव हनुमान मंदिर निर्माण करायेंगे समाजसेवी नीरज सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 16 फरवरी 2023 को कदमा शास्त्रीनगर ब्लॉक न० 3 स्थित पीपल धरी शिव हनुमान मंदिर प्रांगण में भवय शिव हनुमान मंदिर निर्माण के लिए गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी, व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह द्वारा विधिवत भूमि पूजन कर मंदिर की नीव रखी गयी। भूमि पूजन की शुरूआत 11 ब्राम्हणों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर की गयी। मंदिर के अध्यक्ष रुपेश सिंह ने बताया की मंदिर में पहले से भगवन हनुमान और भगवन शिव जी की प्रतिमा स्थापित है मगर मंदिर का पक्का निर्माण अभी तक नहीं हो पाया था मगर अब मंदिर को भव्य रूप देने के साथ ही साथ भगवान राधा-कृष्ण की भी प्रतिमा मंदिर में पुरे विधि के साथ स्थापित किया जायेगा। मौके पर नीरज सिंह ने कहा की हिन्दुओं का सबसे पहला कर्तव्य धर्म और धार्मिक स्थानों की रक्षा करना है। साथ ही मंदिर की अच्छी तरह से देख रेख और भव्यता भी बनी रहनी चाहिए। इस भूमि पूजन में बागबेड़ा की जिला पार्षद डा श्रीमती कविता परमार, भाजपा मानगो मंडल अध्यक्ष विनोद राय , रूपेश सिंह, राजू सिंह, राहुल दुबे, मुकेश, फिरटू, विमल और जगदीश समेत सैकड़ों महिलायें उपस्थित थीं।



मंदिर प्रांगण में नीरज सिंह और पार्षद डा कविता परमार ने किया भूमि पूजन।

## सीटू, किसान सभा और खेतिहर यूनियन का कोल्हान स्तरीय संयुक्त सम्मेलन संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आगामी 5 अप्रैल-2023 को दिल्ली में होने वाली मजदूर किसान संघर्ष रैली के विषय पर आज जमशेदपुर के गोलमुरी कार्यालय में सीटू, किसान सभा एवं खेतिहार मजदूर यूनियन का कोल्हान स्तरीय संयुक्त कन्वेंशन आयोजित हुआ, जिसमें तीनों जिलों के प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अधिवेशन में किसान सभा के राज्य अध्यक्ष का0 सुफल महतो, महासचिव कॉ0 सुरजीत राय, सीटू के राज्य महासचिव, कॉ0 विश्वजीत देब के अलावा कॉ0 के के त्रिपाठी (सीटू), स्वपन महतो , लोटन दास (किसान सभा) आदि ने कन्वेंशन को संबोधित किया।



वक्ताओं ने, कहा कि राष्ट्रीय संपदा के उत्पादक मजदूर और किसान के हितों की कीमत पर केंद्र सरकार, कारपोरेटों और अति धनाढ्यों के पक्ष में नीतियां बनाने में लगी हुई है। मेहनतकश जनता और देश को बचाने के लिए , जिसे बदलना समय की आवश्यकता हैं।

## 25 किसानों को कृषि प्रशिक्षण के लिए भेजा जायेगा प. बंगाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा की अध्यक्षता में आत्मा शासकीय निकाय एवं जिला खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजन किया गया। वर्ष 2022-23 में आत्मा, एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत क्रियान्वित किए जा रहे प्रचार प्रसार गतिविधियों का यथा प्रशिक्षण, प्रत्यक्षण, परिभ्रमण, कृषक गोष्ठी, कृषक पाठशाला, किसान मेला का शासकीय निकाय से स्वीकृति प्रदान किया गया। अन्तर्राजकीय प्रशिक्षण के अन्तर्गत 25 किसानों को प. बंगाल के नीमपीठ अवस्थित रामकृष्ण आश्रम कृषि विज्ञान केन्द्र में दिनांक 28 फरवरी से 4 मार्च 2023 में कृषि की नई तकनीकों की जानकारी हेतु भेजा जा रहा है।



डीआरडीए के निदेशक सौरव सिन्हा बैठक करते हुए।

## महाशिवरात्रि की तैयारी से पूर्व राज्य के दो जिलों में धारा 144 लागू करना गलत : भाजपा

**जमशेदपुर।** भगवान शिव की अपार शक्ति और भक्ति के पर्व महाशिवरात्रि पर झारखंड के दो जिलों में धारा 144 लागू है। एक ओर जहां पलामू जिले के पांकी बाजार में महाशिवरात्रि पर तोरण द्वार लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया और जमकर पत्थरबाजी हुई। तो वहीं, दूसरी ओर देवघर जिले में प्रशासन ने भोलेनाथ की बारात का रास्ता बदल दिया और अन्य रास्तों पर धारा 144 लागू कर दिया गया है। भाजपा राज्य की हेमंत सरकार और प्रशासन के खिलाफ हमलावर है। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष यादव ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झामुमो-कांग्रेस और राजद गठबंधन की सरकार में अराजक तत्वों का मनोबल सिर चढ़कर बोल रहा है।

## जमशेदपुर में पेंशन आवेदन जमा लेने को 17 फरवरी से 1 अप्रैल तक लगेगा कैंप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम की जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निदेर्शानुसार पेंशन स्वीकृति की प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से शहरी क्षेत्र में घर-घर जाकर सर्वे कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में जमशेदपुर अंचल में 17 फरवरी से 01 अप्रैल तक पेंशन संबंधी कार्यों के क्रियान्वयन को लेकर कैम्प लगाने का आदेश अंचल अधिकारी श्री अमित श्रीवास्तव द्वारा जारी किया गया है। कैम्प के सफल संचालन को लेकर प्रत्येक कैम्प के लिए राजस्व उप निरीक्षक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर की प्रतिनियुक्ति की गई है ।प्रतिनियुक्त कर्मियों को ससमय संबंधित कार्यों को निष्पादित करते हुए विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया है।

| कैम्प की तिथि एवं स्थल का नाम |
|---|
| 1. 17.02.2023- दीनदयाल उपाध्याय सामुदायिक भवन, जेल चौक, साकची |
| 2. 20.02.2023- प्रीतम पार्क सामुदायिक भवन, पटेल नगर, भुईयांडीह |
| 3. 22.02.2023- ग्वाला बस्ती, टेल्को सामुदायिक भवन |
| 4. 24.02.2023- बर्मा माइंस, रघुवरनगर, सामुदायिक भवन |
| 5. 27.02.2023- भोजपुर साहित्य परिसद, गोलमुरी एबीएम कॉलेज के सामने सामुदायिक भवन |
| 6. 01.03.2023- कदमा शास्त्रीनगर नं. 03, सामुदायिक भवन |
| 7. 03.03.2023- झाबरी बस्ती, सोनारी सामुदायिक भवन |
| 8. 06.03.2023- बिष्टुपुर गोस्वामी मंदिर सामुदायिक भवन |
| 9. 09.03.2023- राजकीय प्राथमिक स्कूल, नीलडीह, जोन न.-10 |

# सब्जी बेच बच्चों को पाल रही माधुरी अब बनी पक्के मकान की मालकिन

- मानगो नगर निगम का पीएम आवास कैंप से कई गरीबों को मिला पक्का मकान
- पीएम आवास योजना के लाभुक माधुरी की सफलता की कहानी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी मांगो नगर निगम जमशेदपुर के लाभ श्रीमती माधुरी गोपी स्वर्गीय देवीलाल को अपने जीवन की दुख भरी कहानी बताते हुए ईश्वर के प्रति आभार प्रकट करती है और कहती है कि लोग कहते हैं कि रात जीवन में अंधेरा और दुख तथा दिन सुखमय भरा आनंद का प्रतीक है परंतु माधुरी कहती है कि चांदनी रात भी कहीं आशा की किरण लेकर खुशियों की सौगात लगती है।

ऐसी ही घटना मेरे साथ हुआ मेरे पति की मृत्यु मेरी शादी के मात्र 4 वर्ष बाद हो गई मेरी जिंदगी मेरे दो नन्हे बच्चे 3 वर्ष का एक बेटा एवं 1 वर्ष की एक बेटी के साथ सिमट कर रह गया जीवन में अचानक काली रात जैसा अंधेरा छा गया चिंता तथा तनाव से हमेशा खुद खुशी के लिए मन व्याकुल हुआ करता था परंतु नन्हे बच्चों के लिए हमें जीने की प्रेरणा मिली। मैं काफी आत्मविश्वास के साथ अपने बच्चों के भरण पोषण हेतु सब्जी बेचने का काम शुरू किया जब मेरे पास मिट्टी का खपरैल मकान था दिन बिताता गया बच्चों को पढ़ाई लिखाई कराने लगी इसी बीच ईश्वर की कृपा से 1 दिन नगर निगम के एक अधिकारी ने मेरे पास सब्जी खरीदने पहुंचे तथा उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में बताया हमें उनके द्वारा बताई गई बातों पर विश्वास नहीं हो रही थी कि सरकार घर बनाने के लिए मेरी जैसे असहाय बेसहारा लोगों को लाखों रुपए मुफ्त में देती है मैं मानगो नगर निगम गई और इसकी सच्चाई जानकर घर बनाने हेतु फॉर्म भरी हमें 4 किस्तों में 225000 नगर निगम के द्वारा प्राप्त हुआ नगर निगम के नगर प्रबंधक श्री दिनेश्वर यादव ने घर बनाने के दौरान राशि देने एवं देखरेख से संबंधित कार्यों में काफी सहयोग किए। मकान बनाने के बाद मेरे जीवन में सामाजिक बदलाव आया पड़ोसियों के साथ रहन-सहन में तालमेल बड़ा बेटी की शादी भी सम्मान पूर्वक नए मकान से किया। में फुटपाथ विक्रेता थी इसीलिए मुझे नगर निगम के द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के तहत इस योजना का लाभ दिया गया एवं मुझे लोन की राशि प्राप्त हुई।

इस आर्थिक मदद से मैं थोड़ा सशक्त हुई। सरकार के जन कल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का लाभ मिलने पर मेरे जीवन में आशा से अधिक तरक्की हुई आज मेरे घर में पानी बिजली टीवी शौचालय गैस चुला आदि की सुविधा है अब मैं अपने बच्चों के साथ काफी खुश हूं तथा सरकार एवं मानगो नगर निगम के अधिकारियों को कोटि-कोटि धन्यवाद देती हूं जिन्होंने मेरी दुख भरी आंसू को सुखाने में अहम योगदान दिया।



पक्के मकान के सामने माधुरी देवी।

## खबर एक नजर में

### टाटा स्टीलकर्मी राजू व अंकुश ने किया एसडीपी दान

जमशेदपुर। एसडीपी डोनेशन की बढ़ती जरूरत को देखते हुए रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा संस्था के एसडीपी प्रभारी प्रभुनाथ सिंह की देखरेख में लगातार एसडीपी डोनेशन करवाया जा रहा है, जिससे जरूरतमंद लोगों को समय पर इसकी आपूर्ति हो सके। इसी क्रम में टाटा स्टील के कर्मचारी राजू कुमार ने 9वां एसडीपी दिया तथा 17 बार नियमित रक्तदान के साथ 25 बार से अधिक रक्तदान करने का स्मृति चिन्ह जमशेदपुर ब्लड सेंटर से प्राप्त किया। इसी क्रम में टाटा स्टील कर्मी अंकुश कुमार ने अपने चौथा एसडीपी दान किया एवं उन्होने नियमित रक्तदान के रूप में 15 रक्तदान किया है। सिंगल डोनर प्लेटलेट का दान करने वाले रक्तदाताओं को प्रोत्साहन प्रदान करने में जहां जमशेदपुर ब्लड सेंटर के प्रशासक एवं महाप्रबंधक संजय चौधरी ने स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया, वहीं रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह ने पत्नी लक्ष्मी देवी के साथ जमशेदपुर ब्लड सेंटर जाकर रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।



एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह सपत्नीक डोनर का हौसला बढ़ाते हुए।

### जेडीआइइए के शिविर में 179 यूनिट रक्तदान

जमशेदपुर। जमशेदपुर डिवीजन इंश्योरेंस इम्प्लॉइज एसोसिएशन के द्वारा बिस्टुपुर स्थित जीवन प्रकाश भवन में आज एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें179 यूनिट रक्त एकत्र हुए। शिविर का उद्घाटन एल आई सी के वरिष्ठ मण्डल प्रबंधक सूर्य नारायण पंडा ने किया जबकि श्रीमान क्लासेज के निदेशक त्रिगुण विशिष्ट अतिथि थे। 200 से ज्यादा रक्तदाता एकत्र हुए थे लेकिन कुछ साथियों का रक्त संकलन के योग्य नहीं पाया गया। संगठन के महामंत्री गिरीश ओझा ने सभी रक्तदाताओं और सहयोगकर्ताओं का आभार और धन्यवाद किया।



### इनरव्हील क्लब ईस्ट ने टीबी जागरूकता अभियान चलाया



जमशेदपुर। टी बी को खत्म करने के लिये इनरव्हील क्लब जमशेदपुर ईष्ट विभिन्न पहलूओं पर काम कर रहा है। निक्षय मित्र के तहत क्लब ने टी बी के 3 मरीजो को गोद लिया है और जगह जगह पर टी बी जागरूकता कार्यक्रम चला रहे है। क्लब द्वारा रजक समाज मनीफीट महिला समाज की 60 महिलाओ की उपस्थिति मे क्षय रोग पर जागरूक सत्र का आयोजन किया। अध्यक्ष डॉ मृत्युंजय धवरिया (डीटीओ) पूर्वी सिंहभूम, आलम(डी पी एस), सुजॉय प्रमाणिक और राजीव कुमार के साथ (टी बी एच वी) ने घातक तपेदिक रोग के लक्षण, कारण और नवीनतम उपचार के बारे मे विस्तार से बताया। क्लब का एक छोटा सा प्रयास टी बी उन्मूलन की दिशा मे देश की प्रगति को गति देना। मौके पर क्लब अध्यक्ष अर्चना, उपाध्यक्ष संपा, सोनाली, संचिता, मंजरी और रजक समाज की महिला अध्यक्ष अनुराधा मौजूद थी।

### सांसद विद्युतवरण को राष्ट्रपति समेत कई माननीयों ने दी जन्मदिन की बधाई

जमशेदपुर। सांसद विद्युत वरण महतो के जन्मदिन के अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें अपनी शुभकामना संदेश प्रेषित किया है। महामहिम राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा की ईश्वर उन्हें स्वस्थ और प्रसन्न रखें और आने वाले कई वर्षों तक राष्ट्र की अनवरत एवं निष्ठा पूर्वक सेवा करते रहे। इसके अतिरिक्त उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी उन्हें अपनी शुभकामना संदेश दिया है। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने दूरभाष पर सांसद महतो को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही साथ पूरे लोकसभा क्षेत्र से उन्हें कार्यकर्ताओं एवं नेताओं। गत बुधवार को मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष गुंजन यादव, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, राजेश कुमार शुक्ला, अनिल सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा,नीरज सिंह, नागेंद्र पांडे, सत्यनारायण अग्रवाल, दीपक हल्दिया, कमल किशोर, चंचल चक्रवर्ती, प्रशांत पोद्दार, विनोद राय, बजरंगी पांडे, बबलू गोप,सुनील सिंह मुंडा, सानंद प्रधान, ललन यादव ,आनंद कुमार, मुकेश सिंह, प्रवीण सिंह मुन्ना ,मनीष पांडे, केपी सिंह, बलबीर मंडल, निशांत कुमार, शशिकांत सिंह आलोक दुबे, नीरज दुबे, कौस्तव राय नारायण पोद्दार ,मनोज बाजपेई, प्रदीप चटर्जी केशव सिंह, मोंटी अग्रवाल, पुरन वर्मा, कृष्णा पात्रो,समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मिल कर शुभकामनाएं दी।



### आदर्श विद्या निकेतन हाई स्कूल में छोटा गोविंदपुर में योग जागरण शिविर

जमशेदपुर। पतंजलि युवा भारत के तत्वावधान में आदर्श विद्या निकेतन उच्च विद्यालय छोटा गोविंदपुर में एक दिवसीय योग जागरण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 80 छात्र-छात्राओं ने योग की बारीकियों को सीखा। पतंजलि युवा भारत के जिला प्रभारी नरेंद्र कुमार ने बच्चों एवं विद्यालय के अध्यापकों को योगिक जोगिंग, सूर्य नमस्कार समेत विभिन्न आसन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। स्वागत भाषण विद्यालय की शिक्षिका सह योग एंबेस्डर उषा भारती ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन सीमा कुमारी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुष्मिता होता ने बच्चों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं में तनुश्री नायक, मनोज कुमार मिश्रा, नीलिमा दास एवम् शशि भूषण उपस्थित रहे। शिविर के सफल आयोजन में विद्यालय के योग संवाहक ओमांश तिवारी, अंकुश तिवारी, करण मुर्मू, शुभम मार्डी एवं विद्यालय के सभी कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।



### मानगो में भाजमो ने किया बिजली कटौती का विरोध, विद्युत महाप्रबंधक से मिले



जमशेदपुर। मानगो में सुबह 06:00 बजे से लेकर 09:00 बजे तक एवं संध्या में हो रही बिजली कटौती के खिलाफ भाजमो मानगो नगर निगम समिति ने जेबिविएनएल के विद्युत महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज कराया और अविलम्ब निर्बाध बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया की मानगो क्षेत्र में पिछले एक माह से रोजाना सुबह शाम घंटो बिजली की कटौती हो रही है। प्रतिदिन प्रात: सुबह 06:00 बजे के आसपास बिजली काटी जाती है और घंटो तक बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से भाजमो नगर निगम समिती के संयोजक कुलविंदर सिंह पन्नु, धर्मेंद्र प्रसाद, प्रवीण सिंह, आकाश शाह, उलीडीह मंडल अध्यक्ष प्रेम सक्सेना, मानगो मंडल अध्यक्ष कन्हैया ओझा, हरभजन सिंह, अभिजित सेनापति, गणेश शर्मा, नीरज साहु, राहुल प्रसाद, त्रिलोचन सिंह, राजेश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# पलामू में दूसरे दिन माहौल शांत, प्रशासन बरत रही है चौकसी







**खबर मन्त्र टीम**

**पलामू।** पांकी में शांति बनाने की अपील और लोगों में विश्वास बनाने के लिए आज पुलिस ने पूरे क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च का नेतृत्व पलामू जोनल आईजी राजकुमार लकड़ा ने किया।

फ्लैग मार्च में डीसी ए दोड्डे, एसपी चंदन कुमार सिन्हा समेत अन्य अधिकारी शामिल थे। इससे पूर्व डीसी ए दोड्डे और एसपी चंदन सिन्हा ने पांकी थाना में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर घटना की पूरी जानकारी दी। डीसी ए दोड्डे और एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये सभी प्रयास किए जा रहे है। प्रशासन चौकस है। असमाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है और सख्ती बरती जा रही है। लोगों से अफवाहो पर ध्यान नही देने की अपील की जा रही है। जिले में शांति व्यवस्था कायम है।

**मोहम्मदगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक**

**मोहम्मदगंज( अनुप कुमार)।** थाना परिसर में गुरुवार को क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों के साथ शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित प्रशानिक पदाधिकारी ने क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों से महाशिवरात्रि त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में मानने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील करते हुए पुलिस प्रशासन को मदद करने का आग्रह किया।इस पीआर अपनी सहमति जताते हुए दोनों समुदाय के लोगों ने आपसी भाईचारा कायम रखने का आश्वासन दिया। मौके पर बीडीओ प्रभाकर ओझा,सीओ यसवंत नायक,आरक्षी निरीक्षक दीपक कुमार,थाना प्रभारी अक्षय कुमार के अलावा क्षेत्र के प्रबुद्ध सीबी रमण सिंह, महेंद्र सिंह, डा सतार जी, कमला देवी, इजराइल अंसारी, जावेद खान, जियायउद्दीन खान समेत कई लोग मौजूद थे।

**किसी प्रकार की गलत बात व विवाद पर प्रशासन को सूचना दें : सीओ हुसैनाबाद**

जिला प्रशासन के निर्देश पर गुरुवार को हुसैनाबाद प्रशासनिक अधिकारियों ने थाना परिषर में आम पब्लिक और गणमान्य लोगों के साथ बैठक किया, जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी ने किया एवं संचालन एसआई सौरभ कुमार ने किया, बैठक को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने कहा कि आगामी 18 फरवरी को महाशिवरात्रि व पलामू जिला में उतपन्न स्थिति को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा हैं।

उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व में जहां-जहां मेला या मन्दिर में भीड़ होती हैं वहां समिति अपने अपने वोलेंटियर्स की संख्या पहले से ज्यादा रखे और बैच लगाकर मेला का निगरानी रखेंगे एवं सभी जगहों पर पुलिस बल की पूर्ण व्यवस्था की गई हैं कोई भी गलत अफवाह या सूचना पर स्थानीय प्रशासन को सूचना दे। बीडीओ रतन कुमार ने कहा कि आपकी सतर्कता ही समाज की सुरक्षा हैं बैठक में गणमान्य लोगों की जबाब देही होती हैं आप समाज पर नियंत्रण रखें।

मौके पर नगर चेयरमैन शशी कुमार,पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर राम,वार्ड पार्षद सुहैल आलम,रामचन्द्र चौधरी, शिवपूजन चौधरी, अब्बास अंसारी, लालधन ठाकुर,राकेश तिवारी,डॉ नादिर रिजवी,अमीन खान प्रकाश कश्यप प्रदीप कांस्यकार, रंजीत चंदेल,राजीव ठाकुर,पवन पटेल, संतोष पटेल आदि कई लोग बैठक में शामिल थे।

## विधायक ने किया जगदेव द्वार के निर्माण का शिलान्यास

**राजेश प्रसाद**



**हरिहरगंज पलामू।** शहर के नयी सब्जी मंडी के समीप डेमा रोड में गुरुवार को हरिहरगंज हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने अमर शहीद जगदेव प्रसाद द्वार निर्माण योजना का शिलान्यास किया। इस योजना का निर्माण विधायक मद से कराया जाना है। बाद में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि बिहार लेनिन के नाम से मशहूर अमर शहीद जगदेव प्रसाद शोषित वंचित समाज के अधिकार के लिए संघर्ष किया है। कोरोना काल के बाद विकास की गति तेज हुई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही हल्का तथा वनसपती गांव तक जाने वाले सड़क का पुनर्निर्माण, लादी वाली में पुल का निर्माण कराया जाएगा। वहीं विधायक प्रतिनिधि अजित कुमार सिंह ने कहा कि महापुरुषों के नाम पर द्वार का निर्माण करने से लोगों में उनके जीवन से प्रेरणा मिलती है। सभा के दौरान विजय कुमार सिंह , रेखा यादव सहित एक दर्जन विभिन्न दलों के कार्यकताओं ने एनसीपी का दामन थामा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा ने किया। सभा के बाद मेन रोड स्थित आर बी पैलेस मैरिज हाल में एनसीपी कार्यकताओं की विशेष बैठक हुई। इस अवसर पर इंटक प्रदेश महामंत्री वरिष्ठ नेता बिनू सिंह, पप्पू सिंह, पिपरा प्रखंड विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान,बीस सूत्री अध्यक्ष रवींद्र कुमार सिंह, अजय सिंह, रामवृक्ष मस्ताना, मो असलम, कामदेव शर्मा, मुखिया विनय कुमार सिंह, दिलीप सिंह उर्फ खुदी सिंह, उदय सिंह ,डा लक्ष्मण प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पाटन : हत्या कर रहर के खेत में फेंका शव

**पाटन।** पाटन प्रखंड अंतर्गत सीरमा निवासी इसराइल अंसारी कि हत्या कर रहर के खेत में फेंका मिला सिरमा निवासी इसराइल अंसारी कल शाम से लापता था आज जब कुछ चरवाहा लोग बकरी चरा रहे थे तभी उनलोगो की नजर उस पर पड़ी इसकी सुचना उनलोगों ने आस पास के लोग दिया तथा सुचना पाकर पाटन पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर थाना ले गयी परिवार वालों के अनुसार इसराइल अंसारी कि हत्या जमीनी विवाद बताया जा रहा है समाचार लिखे जाने तक हत्या का अस्पष्ट कारण पता नहीं चल पाया है।

## महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**थाना परिसर में शांति समिति की बैठक करते सीओ बासुदेव राय, बीडीओ जयप्रकाश नारायण, प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार।**

**हरिहरगंज पलामू।** महाशिवरात्रि का पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर गुरुवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से सीओ बासुदेव राय, बीडीओ जयप्रकाश नारायण, प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार, सीमावर्ती बिहार के कुटुंबा थानाध्यक्ष बलवंत सिंह के अलावे दोनों समुदाय के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। मौके पर अंचलाधिकारी बासुदेव राय ने महाशिवरात्रि का पर्व लोगों से आपसी प्रेम और भाईचारगी के साथ मनाने की अपील की। वहीं प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने लोगों को किसी भी प्रकार के अफवाह से बचने तथा इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। बैठक में एसआई नीतीश कुमार, धूम्मा किस्कू,कृष्णा यादव, एएसआई संजय कुमार सिंह के अलावे भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, मुन्ना विश्वकर्मा, ओमप्रकाश अकेला, अशोक यादव,राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, पम्मी लाल,अतहर हुसैन, लक्ष्मी विश्वकर्मा, महादेव यादव ,प्रमोद कुमार रवि, इशरार आलम, मौलाना इफ्तिखार अहमद नूरी, मुस्लिम अंसारी,रामजी पासवान ,नसरूल्लाह अंसारी, पांचू यादव, सोनू कुमार, सरोज जायसवाल, संतोष प्रसाद, कृष्णा सिंह, विमलेश पाठक, गणेश शौंडिक सहित कई लोग उपस्थित थे ।

## सड़क सुरक्षा को लेकर थाना प्रभारी सख्त

### कहा, कम उम्र के बच्चों को अभिभावक गाड़ी नहीं चलाने दें

**गौतम पटेल**

**हुसैनाबाद, पलामू।** पलामू एसपी चन्दन सिन्हा के निर्देश पर जिले के सभी थानों में चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस के द्वारा लगातार दो पहिया वाहनों को पकड़ा जा रहा, लेकिन लोगो मे सुधार नही हो रहा हैं।

इस सबन्ध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने मीडिया को बताया कि इस विषय की जागरूकता जरूरी हैं कि गाड़ी चलाते समय मानव जीवन रक्षा के लिए हेलमेट जरूरी हैं हाल के दिनों में सड़क दुर्घटना की सांख्य काफी तेजी बढ़ रहा हैं, उन्होंने आम लोगो और स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों से भी अपील किया हैं कि आप लोग अपने अपने सगे सम्बंधि में यह जागरूकता फैलाएं। उन्होंने यह भी बताया कि एक पखवाड़े में हुसैनाबाद थाना में सैकड़ों दो पहिया चालको को पकड़ कर परिवहन विभाग को भेजा गया हैं लेकिन लोगो मे सुधार नही हो रहा हैं आगे उन्होंने यह भी कहा कि कम उम्र के बच्चों को अभिभावक गाड़ी नही चलाने दे नही तो उनका पंजीकरण भी रदद् किया जाएगा ।गाड़ी चालकों को ड्राइविंग लाइसेंस,इन्सुरेंस, प्रदूषण सभी तरह के कागज फिट रखना आवश्यक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कम उम्र के चार पहिया या उससे अधिक ट्रेक्टर भी चलाने की सूचना भी मिल रही बहुत जल्द उन लोगो पर भी कार्रवाई होगा।

**एक पखवाड़े के अंदर सैकड़ों मोटरसाइकिल पकड़ी गयीं लेकिन नहीं हो रहा है लोगों में सुधार : जगन्नाथ धान**

## पूर्व मंत्री कमलेश सिंह ने डेंटल केयर क्लिनिक का किया उद्घाटन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** शहर के अररुआ खुर्द अनुषा पतंजली स्टोर के बगल में स्थित डेंटल केयर क्लिनिक का गुरुवार को हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधायक पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक सिंह ने कहा कि डेंटल क्लिनिक से यहां के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी। जो अत्यंत आवश्यक था। उन्होंने क्षेत्र में डेंटल क्लिनिक खोलने के लिए डॉ सौरभ जायसवाल को शुभ कामना सहित बधाई दी है।

इस अवसर पर एनसीपी के वरिष्ठ नेता बीनू सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजित सिंह, संदीप पासवान, सरोज प्रसाद कुशवाहा, अनिल जायसवाल, सुनील जायसवाल, डॉ. समर जायसवाल, मो. असलम, पप्पू सिंह, बबलू सिंह, सुनील सिंह, भगवती सिंह, संदीप गुप्ता, बीनू जायसवाल, जायपाल चौधरी, कामता प्रसाद, राजेश कुमार उर्फ छोटू, राजा सिंह, उदय सिंह, बिरेन्द्र सिंह, पंकज जायसवाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थें।

## कार से एस्कॉर्ट कर ले जा रहा था मवेशी, पड़वा पुलिस ने पकड़ा

### गिरफ्तार तीन पशु माफिया को पुलिस ने भेजा जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पड़वा।** पड़वा पुलिस ने स्वीफ्ट डिजायर कार से स्काट करते हुए दो वाहनों से पशु ले जा रहे पशु माफियाओं को पशु लदा वाहन सहित पुलिस ने पकड़ कर तीन पशु माफियाओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह जानकारी पड़वा थाना प्रभारी नकुल साह ने दी। थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि बुधवार को गुप्त सूचना मिली थी कि मेदिनीनगर के तरफ से पशु माफियाओं के द्वारा दो वाहनों से पशु तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। इसी सूचना पर पड़वा थाना पुलिस मेदिनीनगर--औरंगाबाद मुख्य पथ पर गशित कर रही थी इसी दौरान पुलिस पड़वा थाना गेट के पास थी। तभी एक कार के साथ दो वाह वैरियर तोड़ते हुए भागने लगा तभी पुलिस ने पीछा कर पड़वा बाजार के पास तीनों वाहनों को पकड़ लिया। थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि वाहनों की जांच की गई तो पीकप वाहन जेएच 03 भी 7060 एवं टाटा मैजिक नंबर जेएच 03 एडी 9115 मे बैल, भैस और भैंस का बच्चा लदा हुआ था।

**पड़वा थाना प्रभारी नकुल साह ने दी जानकारी**

**मेदिनीनगर से औरंगाबाद की ओर तस्करी के लिए ले जा रहे थे पशु**

पुलिस ने जब चालकों से मवेशी के कागजात की मांग किया तो चालकों द्वारा कोई कागजात पुलिस को उपलब्ध नहीं करा सका। जिसके बाद पुलिस ने कार से स्काट कर रहे पशु माफिया वसीर अंसारी जो छतरपुर थाना क्षेत्र के डाली का रहने वाला है और पीकप वाहन चालक गढ़वा बीरबंधा के अख्तर अंसारी एवं हरिहरगंज के बेलोदर के मोहम्मद गुलाम पीर को गिरफतार कर लिया।

थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि गिरफ्तार पशु माफियाओं ने बताया कि वे लोग मेदिनीनगर से औरंगाबाद की ओर पशु तस्करी के लिए ले जा रहे थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीनों पशु माफियाओं को जेल भेज दिया गया है। इस मौके पर सअनि वीरेंद्र खाखा, रवि लोहरा शामिल थे।

## भारतीय आदिम जनजाति परिषद ने सतबरवा प्रखंड मुख्यालय में दिया धरना

**जीवन कुमार**





**सतबरवा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भारतीय आदिम जनजाति परिषद केंद्रीय कमेटी तथा भारतीय भुइयां विकास परिषद के बैनर तले 15 सूत्री मांग पत्र को लेकर सतबरवा प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में आदिम जनजाति के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में महामहिम राज्यपाल के नाम मांग पत्र सतबरवा बी डी ओ राज किशोर प्रसाद को सौंपा गया जिसमें मुख्य रूप से रामगढ़ के पत्रकार रूपेश कुमार सिंह को बिना शर्त रिहा करने, गैर मजरुआ लाल पर्चा से बंदोबस्त जमीन को ऑनलाइन करते हुए रसीद जारी करने, जन वितरण प्रणाली के डीलरों के द्वारा घोटाला किए गए अनाज की जांच करवाने, विधवा दिव्यांग तथा वृद्धा पेंशन की राशि को एक हजार से बढ़ाकर 5000 करने, गांव गांव में सरकारी एंबुलेंस की व्यवस्था करने, राशन कार्ड से वंचित सभी लोगों को राशन कार्ड मुहैया कराने, किसानों का केसीसी ऋण माफ करने समेत 15 सूत्री मांग पत्र भारतीय आदिम जनजाति परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष शांति देवी तथा भारतीय भुइयां विकास परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष पिंटू राम भुइयां तथा भारतीय आदिवासी विकास परिषद के भूलन परहिया के द्वारा संयुक्त रूप से सौंपा गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि केंद्र तथा राज्य की सरकार के द्वारा गरीबों के हक अधिकार का हनन किया जा रहा है। आजादी के 75 साल गुजर जाने के बाद भी देश के लिए कुबार्नी देने वाले लोगों के परिवार भीख मांगने पर मजबूर हैं वक्ताओं ने कहा कि जल जंगल जमीन के बचाव के लिए लोगों को एकजुट रहने तथा चरणबद्ध आंदोलन की जरूरत है।

वही बी डी ओ राज किशोर प्रसाद में आगे की कार्रवाई के लिए मांग पत्र भेजने का आश्वासन दिया। इस मौके पर वार्ड सदस्य बबलू परहिया, केश्वर परहिया, सुनीता देवी, पचिया देवी, मीना देवी, विश्वनाथ परहिया, भूलन परहिया, बिंदा देवी, देवंती देवी, सुषमा देवी, सरवन बैगा, बंधु भुइयां, ललिता देवी, पूजा देवी, किरण देवी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## छतरपुर विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह ने पाटन सीओ लाल बाबू पर लगाया घोर अनियमितता का आरोप

**मनीष दुबे**

**पाटन।** छतरपुर विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह ने प्रेस वार्ता कर पाटन सीओ लाल बाबू पर घोर अनियमितता का आरोप लगाया है उन्होंने बताया कि पाटन सीओ के द्वारा केवाला मोटेशन रशीद काटने औन लाइन करने सिमांकन करने में पैसा कि मांग किया जाता है जिससे पाटन कि जनता परेशान है तथा लोगों में भारी आक्रोश है उन्होंने बताया कि पाटन सीओ के द्वारा पाटन बलौक से लेकर स्वगीर्य सीपाही साव भण्डार तक पीडब्ल्यूडी रोड के गैरमजरुआ जमीन को किसी व्यक्ति के नाम से पैसा लेकर रशीद काट दिया गया है वहीं सीओ पाटन के द्वारा महेंद्र पाण्डेय का जमीन का सिमांकन साल भर से नहीं किया गया जबकि पाटन सीओ के द्वारा तीन तीन बार डेट निकाल दिया गया पाटन सीओ के द्वारा जमीन किसी का और रशीद ओनलाइन कर पैसा लेकर दूसरे व्यक्ति को रशीद काट दिया जाता है उन्होंने बताया कि पाटन सीओ के द्वारा बीना कर्मचारी सीआई के रिपोर्टर किये रशीद काटने का काम किया जाता है उन्होंने कहा कि अगर पाटन सीओ अपनी कार्य शैली में सुधार नहीं करते हैं तो जोरदार जन आंदोलन किया जाएगा प्रेस वार्ता के मौके महेंद्र पाण्डेय इत्यादि लोग उपस्थित थे। भाजपा नेता अशोक तिवारी आनंद सिंह प्रमोद सिंह नवलेज सिंह महेंद्र पाण्डेय इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# छेड़खानी को लेकर दो गुट भिड़े आधा दर्जन घायल, बस्ती में तनाव

## पासी धौड़ा और ऊपर धौड़ा के लोगों में हुई लाठी-डंडे से मारपीट

खबर मन्त्र संवाददाता

**पुटकी।** पुटकी थाना क्षेत्र के पासी धौड़ा और उपर धौड़ा में छेड़खानी को लेकर दो गुटों के बीच ईंट-पत्थर और लाठी डंडों से मारपीट हुई । इसमें दोनो गुटों के आधा दर्जनों लोग घायल हो गए. इस घटना में किसी के हाथ टूटे तो किसी के पैर टूटे । वहीं किसी के सिर पर गंभीर चोट भी लगी है । मामले की सूचना पाकर मौके पर पुलिस थाना प्रभारी अलबिनुस इदरवार अपने दल बल के साथ धटना पर पहुंची और दोनों तरफ से मामले को शांत कराया तथा घायलों को धनबाद एनएमसीएच अस्पताल ईलाज के लिये भेज घटना की तफ्तीश में जुटी, और स्थिति को नियंत्रण में किया । घटना के बाद से दोनों बस्तियों में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस कैंप कर रही है । वही घटना की सुचना पर धनबाद डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार विन्हा भी पड़ताल करने पँहुचे। खबर लिखे जाने तक दोनों तरफ से किसी प्रकार से लिखित नही दिया।



## उचक्कों ने बाइक की डिक्की से उड़ाये 2 लाख

**बेरमो/कथारा।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के कथारा मुख्य चौक पर आज लगभग एक बजे के आसपास एक ऐसी घटना घटी जिसे सुनकर लोग दंग रह गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खेतको गांव निवासी मो रियाज जो सीसीएल कथारा क्षेत्रीय अस्पताल में कार्यरत है। उन्होंने दोपहर लगभग 1 बजे के आसपास कथारा स्थित भारतीय स्टेट बैंक से दो लाख रुपये की निकासी की और उसे बाइक की डिक्की मे डाल कर घर के लिए निकले मगर इसी बीच उन्हें कुछ सामान खरीदना था इस लिए उन्होंने अपनी स्प्लेंडर बाइक हार्डवेयर की दुकान के सामने खड़ा कर उसी दुकान से सामान खरीदने लगा। इसी भी धात लगाये अज्ञात उच्चके उनकी बंद डिक्की का ताला तोड़ डिक्की से दो लाख रुपये उड़ाकर रफु चक्कर हो गया।

## सिंदरी: बंद घर से ढाई लाख की चोरी

**सिंदरी।** सिन्दरी के बंद घरों में चोरों द्वारा कुछ घंटों में चोरी कई ओर इशारा कर रही है। सिन्दरी के आरएमकेफोर 455 निवासी पिंकी सिन्हा ने बलियापुर थाना को लिखित शिकायत में 60 हजार नकदी सहित लगभग दो लाख रुपए के गहने की चोरी का जिक्र किया है। घटना के संबंध में भुक्तभोगी ने लिखित शिकायत में बताया है कि विगत 10 फरवरी को माँ का इलाज कराने रांची गई थी। उक्त दिन से उनके उक्त आवास पर नजदीक के खटाल का प्रकाश कुमार रह रहा था और घर की देखभाल कर रहा था। प्रकाश मंगलवार को तीन बजे सुबह दूध दूहने के लिए निकल गया था और शाम छः बजे वापस मेरे घर लौटने पर उसने देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरे पड़े हैं।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा नेता राकेश तिवारी को मातृशोक

**सिन्दरी ।** भारतीय जनता पार्टी सिन्दरी नगर के वरिष्ठ नेता राकेश तिवारी की माता श्रीमती दयमंती देवी की 83 वर्ष की आयु में गुरुवार की सुबह 6 बजे उनके आवास पर निधन हो गया है। सिन्दरी के नीमटांड़ के समीप दामोदर नदी के किनारे शव का अंतिम संस्कार किया गया। शोकाकुल परिवार को ढाँढस बंधाने वालों में भाजपा सिन्दरी नगर अध्यक्ष अरबिंद पाठक, जिला अध्यक्ष ज्ञानरंजन सिन्हा, बरमेश्वर शर्मा, सुरेश प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मजीत सिंह, पूर्व पार्षद दिनेश सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य सुमन चौधरी, बृजेश सिंह, रंजना शर्मा, विधायक प्रतिनिधि कुमार महतो, सुनील चौधरी, नगर महामंत्री इंद्रमोहन सिंह, रविश्वर मराण्डी, नगर उपाध्यक्ष धीरज सिंह, गणपति बाउरी, विजय नाहा, रामजी सिंह, अणिमा सिंह, गणेश सिंह, शैलेंद्र सिंह, बिरेन्द्र हांसदा उपस्थित रहे।

### तीन दिनों से लापता युवक का सुराग नहीं

**निचितपुर।** ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर दो निवासी बीसीसीएल से सेवानिवृत्त कर्मी बासुदेव बाउरी का छोटा पुत्र शिबू कुमार बाउरी उम्र 19 पिछले 11 फरवरी के सुबह से लापता है। बताया जाता है कि शिबू कुमार बाउरी सुबह साढ़े सात बजे के करीब घर से बाजार जाने के लिए निकला जिसके बाद से शिबू कुमार बाउरी का कोई पता नही है। शिबू कुमार बाउरी काला टीशर्ट, ब्लू ट्राउजर व हवाई चप्पल पहने हुए है। परिजनों ने काफी खोजबीन की मगर कोई पता नही चला। जिसके बाद बासुदेव बाउरी ने ईस्ट बसुरिया ओपी पुलिस से पुत्र को खोजने की आग्रह किया है।

### टैक्स के विरोध में बंद रहीं दुकानें

**चिरकुडा।** कुमारधुबी रोजमर्रा की आम उपभोग की वस्तुओं पर 2 प्रतिशत कृषि टैक्स लगाए जाने के विरोध में लगातार दूसरे दिन गुरूवार को भी चिरकुंडा के व्यवसाईयों ने अपनी-अपनी दूकाने बंद रखी। व्यवसाईयों ने बताया कि चिरकुंडा-पंचेत रोड स्थित स्मार्ट सुपर स्टोर मॉल के प्रबंधक से भी मॉल को बंद करने की अपील की गई उसके बाद मॉल प्रबंधक ने भी मॉल को बंद कर दिया।सभी थोक व खुदरा खाद्यान दुकाने दूसरे दिन भी बंद रहने के कारन आम लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### अंचल स्तरीय माइनिंग टास्क फोर्स की बैठक

**कतरास।** पिछले दिनों जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में दिए गए निदेर्शों के तहत गुरुवार को बाघमारा अंचलाधिकारी कमल किशोर सिंह ने महाप्रबंधक गोविंदपुर क्षेत्र के कार्यालय में अंचल स्तरीय माइनिंग टास्क फोर्स के कार्यवाही हेतु एक बैठक की। जिसमें बीसीसीएल गोविंदपुर क्षेत्र अंतर्गत सभी इकाई के परियोजना पदाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

### निर्यात संवर्द्धन एवं जेम पर नेशनल सेमिनार

**बोकारो।** बोकारो में खरीद एवं विपणन सहायता योजना के तहत दो दिवसीय निर्यात संवर्द्धन एवं जेम पर राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी का आयोजन बीएसएल के एचआरडी सेंटर में हुआ। इसका उद्देश्य एमएसएमई इकाइयों को निर्यात संवर्द्धन, जेम, नए बाजार सृजन, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार में नवीनतम चलन की जानकारी देना है।

## करकेंद में कनीय अभियंता का पुतला फूंक किया विरोध

**पुटकी।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत ग्रामीण एकता मंच के उपाध्यक्ष अनिल सिंह के नेतृत्व में नीतीश कुमार कनीय विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रशाखा पुटकी का पुतला दहन करकेन्द बिजली ऑफिस के समीप लिंक रोड पर किया गया.पुतला दहन से पहले सैकड़ों की संख्या स्थानीय महिला पुरुषो ने ग्रामीण एकता मंच के बैनर तले करकेन्द मोड़ से जुलूस निकालकर केंदुआ होते हुए करकेन्द स्थित बिजली कार्यालय के समक्ष पहुँचे और भ्रष्ट अधिकारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## परिश्रम कभी निरर्थक नहीं होता : सुनील सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** विद्या विकास समिति, झारखंड के तत्वावधान में दिनांक 12 फरवरी 2023 से 15फरवरी 2023 तक चलने वाले प्रधानाचार्य सम्मेलन जो सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा, गिरिडीह में आयोजित थी, उसमें अपने विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह को विभिन्न प्रांतीय प्रतियोगिताओं में 15 पुरस्कार प्राप्त हुए। गुरुवार को वंदना सभा में ऐसे भैया- बहनों को प्राचार्य सुनील कुमार सिंह एवं उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा ने पुरस्कृत किया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने भैया- बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि परिश्रम कभी निरर्थक नहीं होता। आज का दिन इस विद्यालय के लिए अत्यंत गौरवशाली है जहां हमारे विद्यालय के 15 भैया -बहनों ने प्रांतीय पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय तथा इस संपूर्ण क्षेत्र को गौरवान्वित किया। उन्होंने सभी विजेता भैया -बहनों को बधाई देते हुए उनके मंगलमय भविष्य की कामना की। प्रदान किया गया।

इस पुरस्कार वितरण समारोह में आचार्य अजय कुमार पांडे, नवल किशोर झा, अशोक कुमार सिंह, मुरारी दयाल सिंह, आचार्या निशा तिवारी, नमिता कुमारी , सुलेखा कुमारी, आचार्य जितेंद्र कुमार दुबे, आचार्य धर्मेंद्र तिवारी के साथ-साथ सभी आचार्य उपस्थित रहे।

## डीपीएस के डॉ गंगवार को मिला अवार्ड

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार को सेंटर फॉर एजुकेशनल डेवलपमेंट फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा स्कूल चेंजमेकर कांफ्रेंस के दौरान श्लीडर ऑफ द ईयर अवार्डश से सम्मानित किया गया। गुणवत्तापूर्ण शिक्षाए बच्चों के समग्र विकास के प्रयासों तथा एक चेंजमेकर के रूप में शिक्षकों को सशक्त बनाने के लिए डॉण गंगवार को इस सम्मान के लिए चयनित किया गया। सम्मेलन की मुख्य अतिथि यूपी सरकार की राज्यमंत्री पीण शुक्ला ने राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता तिवारी सहित अन्य गणमान्य जनों की उपस्थिति में डॉण गंगवार को यह सम्मान प्रदान किया। डॉण गंगवार पूरे झारखंड से यह सम्मान पाने वाले एकमात्र प्राचार्य थे।डॉण गंगवार ने कहा कि इसका श्रेय सभी शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मियोंए, विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को जाता है। उन्होंने बताया कि डीपीएस बोकारो में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षाए खेलए सामाजिक सरोकारए अनुशासनए तकनीकए कला. संगीत आदि से संबंधित गुणों का भी विकास किया जाता रहा हैए दूसरी ओर शिक्षकों को भी उचित प्रोत्साहन देकर उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित की जाती है।

## विद्यालय में दिव्यांग बच्चों की पहचान करेगा प्रशस्त एप

**झरिया।** समावेशी शिक्षा के झरिया रिसोर्स सेंटर में बी आर सी सभागार में सभी विद्यालय के प्रधान शिक्षक एवं सामान्य शिक्षकों को प्रशस्त ऐप के माध्यम से दिव्यांग बच्चों की पहचान एवं पंजीकरण करने का प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित डॉ मनोज सिंह ने कहा कि सभी प्रकार की दिव्यांगता की स्थिति प्रत्यक्ष रूप से पहचान योग्य नहीं होती। प्रशस्त एप के माध्यम से विद्यालय में दिव्यांग बच्चों की पहचान करना आसान हो जायेगा । ऐप मे मौजूद 61 चेकलिस्ट पर सेलेक्ट करते ही पता हो जायेगा की विद्यार्थी किस तारह का दिव्यांग है।

## विधायक पूर्णिमा के समर्थकों ने किया श्याम भक्तों का स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह समर्थकों ने किया रजत निशान यात्रा मे पधारे सभी श्याम भक्तो का अभिनंदन । विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह की ओर से कतरासमोड स्थित कार्यालय के समीप शर्वत, पानी व जलपान का व्यवस्था किया गया था। जहां कि समर्थकों ने निशान में शामिल श्याम भक्तों का सेवा व स्वागत किया। भक्तों के स्वागत में फल, ड्राई फ्रूट, फ्रूटी एवं जल का वितरण किया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि केडी पांडेय, महेश त्यागी, नगर अध्यक्ष रत्नेश यादव, महेश शर्मा, कुश सिंह, अजिम खान, गोपल पासवान, कुंदन मोदक, रवि रवानी, सतीश मिश्रा राहुल कुमार, दीपक शर्मा, राजीव पांडे, विनय शर्मा इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## झरिया : लोदना उवि में शिक्षक की हाजिरी में गड़बड़ी का खुलासा

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** धनबाद जिला अंतर्गत शिक्षा विभाग में अजब गजब खेला खेला जा रहा है । इसी क्रम में झरिया बी आर सी के बीपीओ सुनील सिंह उच्च विद्यालय लोदना के लिपिक राहुल सिंह एवं उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कमलेश पासवान के मिलीभगत से एक शिक्षक उज्जवल पाल शारीरिक शिक्षक उच्च विद्यालय लोदना झरिया से संबंधित है। जिन्हें धनबाद से अहमदाबाद गुजरात जाना था। अवकाश के जगह पर उन्हें एक षड्यंत्र के तहत प्राथमिक विद्यालय में प्रतिनियोजन दिखाकर उन्हें विद्यालय से मुक्त कर दिया गया। विद्यालय के शिक्षक उपस्थिति पंजी में शिक्षक के कॉलम में विद्यालय का नाम प्राथमिक विद्यालय हरिजन तिलक पुरी झरिया 1 अंकित कर दिए है। जबकि उससे संबंधित कोई पत्र झरिया स्तर से जारी नहीं किया गया है। क्योंकि शिक्षक हाई स्कूल संवर्ग के हैं। उनका प्रतिनियोजन प्राथमिक विद्यालय में नहीं किया जा सकता है। संबंधित उच्च विद्यालय के सीआरपी अनुश्रवण हेतु विद्यालय पहुंचे तो विद्यालय के शिक्षकों में उत्सुकता थी कि उवि के शिक्षक को प्राथमिक विद्यालय में प्रतिनियोजन कैसे हो सकता है।

# श्रीश्याम महोत्सव : फुसरो में निकली निशान यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** खाटू वाले बाबा श्याम के दो दिवसीय वार्षिक पूजन महोत्सव के उपलक्ष्य में गुरुवार को सुबह फुसरो में भव्य निशान यात्रा निकाली गई। सैकड़ों महिला.पुरुषों ने अपने हाथों में बाबा श्याम का निशान लेकर भ्रमण किया। मारवाड़ी युवा मंच के तत्वावधान में खाटू वाले बाबा श्याम महोत्सव सह वार्षिक पूजन का आयोजन अग्रसेन भवन में किया जा रहा है। करगली बाजार स्थित शिव नारायण मंदिर से निशान यात्रा निकाली गईए जो करगली बाजारए स्टाफ क्वार्टर ढोरीए पुराना बीडीओ ऑफिसए फुसरो बाजार एवं नया रोड होते हुए फुसरो स्थित अग्रसेन भवन पहुंची। कार्यक्रम संयोजक दिलीप गोयल और मारवाड़ी युवा मंच अध्यक्ष सरवन अग्रवाल सचिव रोहित मित्तल व कोषाध्यक्ष सोनू अग्रवाल ने बताया कि बेरमो में यह पूजा निरंतर 29 वीं बार हो रही है। निशान यात्रा के सभी निशान को बाद में झरिया धाम स्थित बाबा श्याम के मंदिर ले जाकर चढ़ाया जाएगा। निशान यात्रा में शिव.पार्वतीए राधा.कृष्णए बजरंगबली आदि देवी.देवताओं की प्रतिमा की भव्य झांकी भी शामिल थी। प्रतिमाओं की साज.सज्जा इस कदर आकर्षक थी कि लोग अपलक निहारने को विवश थे।

### भजनों की बही रसधार

निशान यात्रा में बनारस.काशी से आए डमरू मंडली और म्यूजिक ग्रुप द्वारा भक्ति गीतों की रसधार बहाई गई। इससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके साथ ही बैंड.बाजे के अलावा साथ चल रहीं महिलाओं द्वारा बाबा श्याम की शान में गीत गाए गए। संध्या मे काशी.बनारस के डमरू मंडली के द्वारा आरती की गई।

# बोकारो : पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** स्वतंत्रता सेनानी स्मृति समिति की ओर से पुलवामा आतंकी हमले में शहीद वीर जवानों की स्मृति में गगन दास की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन शिवानंद व धन्यवाद ज्ञापन कुलदीप कुमार महतो ने किया। मौके पर योगेन्द्र कुमार चौधरी ने कहा कि भारत के इतिहास में यह दिन पुलवामा में शहीद वीर जवानों को समर्पित है। आज से चार वर्ष पूर्व जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकी संगठन ने विस्फोटक से लदे वाहन से सी आर पी एफ के जवानों की बस को टक्कर मारी गई थी।जोरदार धमाका हुआ और बस में जा रहे 42 जवान धरती मां की गोद में समा गए। उन्हें आज के दिन श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, तेनुघाट बांध प्रमण्डल, तेनुघाट**

ई–प्रोक्यूरमेंट सूचना

अल्पकालिन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना संख्या जल संसाधन विभाग/तेनुघाट बांध प्रमंडल, तेनुघाट/आई.एफ.बी./एस0बी0डी0–03/2022–23 दिनांक 15.02.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Electrification work of Tenughat Dam top road, electrification of dam gallery and maintenance work of dam gallery under Tenughat DamDivision, Tenughat |
| 2 | प्राक्कलित राशि | रु0 2,57,60,292.00 (रुपये दो करोड़ सत्तावन लाख साठ हजार दो सौ बानवे) मात्र। |
| 3 | परिमाण विपत्र का मुल्य | रु0 10000.00 (रुपये दस हजार) मात्र (अप्रत्यापर्णीय राशि) |
| 4 | अग्रधन की राशि | रु0 5,15,210.00 |
| 5 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 365 (तीन सौ सौ पैंसठ) दिन |
| 6 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 28.02.2023 को 11.00 AM बजे |
| 7 | अंतिम तिथि/बीड समर्पित करने का समय | 11.03.2023 को 05.00 PM बजे |
| 8 | परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि आदि कागजात प्रमंडल में जमा करने की अंतिम तिथि | 15.03.2023 को 05.00 PM बजे |
| 9 | पूर्व योग्यता निविदा खोलने की तिथि | 17.03.2023 |
| 10 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | बाद में प्रकाशित किया जाएगा |
| 11 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, तेनुघाट बांध प्रमंडल, तेनुघाट। (बोकारो) पिन कोड 829123 |
| 12 | ई–प्रोक्यूरमेंट पदाधिकारी का मोबाई नं0 | 8789848809 |
| 13 | ई–प्रोक्यूरमेंट सेल का दूरभाष संख्या | 06546–267462 |

नोट : केवल ई – निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
किसी भी विशेष जानकारी के लिए वेबसाइट http//jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
तेनुघाट बांध प्रमंडल, तेनुघाट।

PR.NO.290454 Water Resource(22-23):D

**ई–प्रोक्योरमेंट सेल**
**अधीक्षण अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, हजारीबाग**

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– BCD/BCHZB/DHANBAD/24/2022-23 दिनांक:– 16.02.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Renovation of Boundary Wall, Construction of Toilet, Laying of Paver Block & Street Light, Construction of Mediation Centre & Other Work in Govt. Old Age Home at Sabalpur Under Dhanbad Disstt. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू०) | Rs.98,76,700/-(Ninety Eight Lac Seventy Six Thousand Seven Hundred) Only |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 05 (Five) Month |
| 4. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 27.02.2023 11.30 A M तक |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 20.02.2023 |
| 6. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग। |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 06546–222640 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 06546–222640 |

- किसी भी प्रकार का बदलाव *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।

*note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्योरमेंट सेल
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल, हजारीबाग।

PR.NO.290527 Building(22-23):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114 Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

ई–प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

1st Call

निविदा सूचना संख्या–DWSD/GAR/26/2022-23 दिनांक–15.02.2023

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 23/02/2023 को 12:30 बजे अपराह्न तक।
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–02/03/2023 को 5:00 बजे अपराह्न तक।
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी) जमा करने क की तिथ, स्थान एवं समय:– 03/03/2023 को पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराहन 5:00 बजे तक
   (1) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
   (2) अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर।
6. निविदा खोलने की सम्भावित तिथि एवं समय :– 04/03/2023 को 04:00 बजे अपराह्न।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
8. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
9. प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क न0. :– 9973003856
10. ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन न0. :– 0651–2490920

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Extension of Distribution pipeline 100mm dia, Construction of 340 Nos House Connection and 02 year Operation Expenditure and maintenance of **Pachparwa, Rural Pipe Water Supply Scheme** under D.W.& S. Division, Garhwa. | 60,09,492.00 | 1,21,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |

नोट –(1) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(2) विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट न0- http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।

PR.NO.290508 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

**e- Procurement Cell**
**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER,**
**BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT, BUILDING CIRCLE, HAZRIBAG.**

Notice Inviting Tender
(Very Short & Urgent Notice)
ई – प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

Tender Reference No.- BCD/BCHZB/GIRIDIH/25/2022-23 Date:-16-02-2023

| | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT MUNDRO , BLOCK- BAGODAR , DIST- GIRIDIH. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 2 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT NAGAR KHESHWARI , BLOCK- BAGODAR , DIST- GIRIDIH. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 3 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT BHARWADIH, BLOCK- BENGABAD , DIST- GIRIDIH. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 4 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT CHOTKIKHARGDIHA, BLOCK- BENGABAD , DIST- GIRIDIH. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 5 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT NAWAHAR, BLOCK- BENGABAD , DIST- GIRIDIH. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 6 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT OJHADIH, BLOCK- BENGABAD , DIST- GIRIDIH. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 7 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT BALGO, BLOCK - BIRNI , DIST- GIRIDIH. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 8 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT DHARMPUR, BLOCK- BIRNI , DIST- GIRIDIH. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 9 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT KHARKHARI, BLOCK- BIRNI , DIST- GIRIDIH. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 10 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT DEOPAHARI, BLOCK- DEORI , DIST- GIRIDIH. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 11 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT GHORANJI, BLOCK- DEORI , DIST- GIRIDIH. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 12 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT HARDATDIH, BLOCK- DHANWAR , DIST- GIRIDIH. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 13 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT KARGALI, BLOCK- DHANWAR , DIST- GIRIDIH. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 14 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT ATKI, BLOCK - DUMRI , DIST- GIRIDIH. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 15 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT BHANDARO, BLOCK- DUMRI , DIST- GIRIDIH. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 20-02-2023 |
| 2 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 27-02-2023 को अपराह्न 11.30 बजे |
| 3 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग। |
| 4 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 06546-222640 |
| 5 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 06546-222640 |

- किसी भी प्रकार का बदलाव *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।

*note:UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

Nodal Officer,
e- Procurement Cell
Office Of The Superintending Engineer,
Building Construction Department
Building Circle, Hazaribag.

PR 290529 (Building) 22-23 (D)

# उम्मीद जगाती यात्रा

देश भर में बदहाल दिख रही कांग्रेस पार्टी के लिए वर्ष 2023-24 अभूतपूर्व होगा, जिसकी शुरुआत हो चुकी है। जिस तरह कड़कती ठंड, बारिश और बर्फबारी के बावजूद जोरदार तरीके से श्रीनगर के ऐतिहासिक लालचौक पर भारतीय तिरंगा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने फहराया, वह अद्भुत और आह्लादित करने वाला क्षण था। श्रीनगर में 4,080 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा का 30 जनवरी को औपचारिक समापन हुआ। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की छवि और काबिलियत को, जिसे सत्तारूढ़ ने नकार दिया था, उसे सकारात्मक बनाने में राहुल गांधी को जी-तोड़ मेहनत भले करनी पड़ी, लेकिन उनकी इस दूरदर्शिता का लाभ कांग्रेस सहित देश को भविष्य में बखूबी मिलेगा। क्योंकि इस यात्रा के बहाने राहुल ने कई लोगों को जोड़ने में सफलता पायी है। 7 सितंबर से अब तक देश के हर कोने में गूंजती बातों के बीच यात्रा के समापन के दौरान गृहमंत्री अमित शाह को चुनौती देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि अगर जम्मू-कश्मीर के हालात सही हैं, तो वह जम्मू से श्रीनगर तक की पदयात्रा क्यों नहीं करते? सच में यह लंबा सफर बहुत ही कठिन था, लेकिन पार्टी की एकजुटता जनसमर्थन और शीर्ष नेतृत्व ने इस पहली यात्रा को सफल बना दिया। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने इस यात्रा की व्याख्या करते हुए बताया कि भारत जोड़ो यात्रा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा शुरू किया गया एक जनांदोलन है, जिसका उद्देश्य नई दिल्ली में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की कथित विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ देश को एकजुट करना है। इसे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री मुथुवेल करुणानिधि स्टालिन कन्याकुमारी में प्रायोजित किया गया था।

# भरोसा कायम

शेयर बाजार नियामक सेबी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह नियमों के किसी भी उल्लंघन की पहचान के लिए अदाणी समूह के खिलाफ अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिडेनवर्ग रिसर्च के आरोपों के साथ-साथ रिपोर्ट जारी होने के तुरंत पहले और बाद की बाजार गतिविधियों की जांच कर रहा है । भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने न्यायालय से यह भी कहा कि उसके पास लगातार कारोबार सुनिश्चित करने और शेयर बाजार में अस्थिरता से निपटने के लिए मजबूत ढांचा है। सेबी ने दावा किया कि विकसित प्रतिभूति बाजार दुनिया भर में शॉर्ट सेलिंग को वैध निवेश गतिविधि के रूप में मानते हैं। रएइक ने अदाणी समूह के शेयरों में भारी गिरावट के बाद दर्ज दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही प्रधान न्यायाधीश (उखक) डी वाई चंद्रचूड की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया कि वह सेबी नियमों, शॉर्ट सेलिंग के नियमों के उल्लंघन की जांच के लिए संस्थान के आरोपों और रिपोर्ट जारी होने से ठीक पहले और ठीक बाद की बाजार की गतिविधि, दोनों की जांच कर रहा है। सेबी ने कहा कि हाल ही में अदाणी समूह के शेयरों में भारी गिरावट से शेयर बाजार पर ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ा है। सेबी ने कहा, भारतीय बाजार इससे पहले और भी बुरी अस्थिरता देख चुका है, विशेषकर कोरोना महामारी के समय, जब दो मार्च, 2020 से 19 मार्च, 2020 (13 कारोबारी दिवस) के बीच इंडेक्स लगभग 26 प्रतिशत गिर गया था। बाजार अस्थिरता को देखते हुए सेबी ने 20 मार्च, 2020 को अपने मौजूदा बाजार तंत्र की समीक्षा की थी और कुछ बदलाव किए थे। निश्चित तौर पर शेयर बाजार एक संवेदनशील बाजार है लेकिन भारतीय शेयर बाजार लगातार नयी प्रतिमान गढ़ रहा है और सफलता के शीर्ष तक पहुंच रहा है।

# भोजन की बर्बादी तत्काल रोकने की जरूरत



**भारत** में सभी भोज्य पदार्थों का एक तिहाई हिस्सा उपभोग से पहले खराब हो जाता है। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने अपनी रिपोर्ट में यह बात कही है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की फूड वेस्ट इंडेक्स रिपोर्ट, 2021 में कहा गया था कि भारतीय परिवारों में प्रति वर्ष प्रति व्यक्ति करीब 50 किलोग्राम खाद्यान्न बरबाद हो जाता है। इस तरह, देश में सालाना प्रति वर्ष 6.87 करोड़ टन खाद्यान्न बरबाद होता है।

यह बरबादी आपूर्ति व्यवस्था-परिवहन, भंडारण एवं विपणन- से लेकर रसोई और खाना खाने के टेबल तक सभी जगह होती है। भोजन का एक बड़ा हिस्सा बनने के बाद फेंकना पड़ता है क्योंकि पारिवारिक या सामाजिक स्तर पर उपभोग से अधिक कहीं अधिक मात्रा में सामग्री बनती है। भोजन संरक्षित करने में देरी एवं इनके साधन (शीत भंडारक आदि) पर्याप्त नहीं होने से भी बड़ी मात्रा में भोजन बेकार हो जाता है। कोलकाता के भारतीय प्रबंध संस्थान के एक अध्ययन के अनुसार खराब होने वाले खाद्य पदार्थों का 10 प्रतिशत हिस्सा ही शीत भंडारकों में संरक्षित हो पाता है।

वैश्विक स्तर पर भी कटाई से लेकर उपभोग तक बड़ी मात्रा में खाद्यान्न बरबाद हो जाता है। यूएनईपी सूचकांक के अनुसार कुल खाद्यान्न उत्पादन का 17 प्रतिशत हिस्सा खराब हो जाता है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) का अनुमान है कि दुनिया में सालाना 1.3 अरब टन अनाज बरबाद हो जाता है। भारत सहित दुनिया के कई देशों में कुपोषण की समस्या है, ऐसे में इतनी अधिक मात्रा में खाद्यान्न का खराब होना अशोभनीय है।

एफएओ के अनुमानों के अनुसार दुनिया में करीब 79.5 करोड़ लोगों को समुचित आहार नहीं मिल पाता है। जितनी मात्रा में अनाज बरबाद होता है वह बचा ली जाए तो प्रत्येक वर्ष 1.26 अरब भूखे लोगों तक भोजन पहुंचाने में मदद मिल सकती है। वास्तव में कोई सामाजिक आयोजन जितना बड़ा होता है भोजन उतनी ही अधिक मात्रा में बरबाद होता है। इन आंकड़ों से यह संदेश मिल रहा है कि खाद्यान्न की बरबादी बहुत अधिक हो रही है और इसे तत्काल रोके जाने की जरूरत है। इन्हें दोबारा किसी न किसी रूप में उपयोग में लाया जा सकता है। कच्चे खाद्यान्न की बरबादी रोक कर और बजे भोजन का बेहतर इस्तेमाल कर भूखमरी एवं कुपोषण की समस्या का काफी हद तक निदान किया जा सकता है। वास्तव में इस दिशा में कदम बढ़ाना सतत विकास लक्ष्य की धारा 12.3 का हिस्सा है। सितंबर 2015 में रियो में संयुक्त राष्ट्र के ऐतिहासिक सम्मेलन में दुनिया के सभी देशों में इस बात को लेकर सहमति बनी थी। सम्मेलन में आपूर्ति व्यवस्था उन्नत बनाकर और खुदरा एवं उपभोक्ता स्तर पर खाद्यान्न की बरबादी प्रति व्यक्ति घटाकर 2030 तक आधा करने की बात कही गई है। यह लक्ष्य प्राप्त करना आसान है क्योंकि हमारे पास इसके लिए सभी आवश्यक संसाधन एवं तरीके उपलब्ध हैं। कई देशों ने इस दिशा में प्रयास भी शुरू कर दिए हैं और एक व्यवस्था तैयार की है। इस व्यवस्था के जरिये उन्हें भोजन की बरबादी रोकने या बचे भोजन का लाभप्रद तरीके से इस्तेमाल करने में मदद मिल रही है। उदाहरण के लिए फ्रांस में एक कानून बनाया गया है जिसके तहत सुपरमार्केट को बिना बिके भोजन निःशुल्क देने या इसे मवेशी के चारे या उर्वरक के लिए किसानों को देने के निर्देश दिए गए हैं।

कनाडा में कई संस्थान रेस्तरांओं, कैटरर, रिटेलर और कृषि-प्रसंस्करणकताओं से बिना इस्तेमाल एवं खाने लायक भोजन एकत्र कर इन्हें जरूरतमंद लोगों को देते हैं। अच्छी बात यह है कि भारत में भी जल्द बरबाद होने वाले, बिना पके या पके भोजन के समुचित इस्तेमाल के लिए कुछ कदम उठाए जा रहे हैं। हालांकि ये प्रयास बहुत छोटे स्तरों पर हो रहे हैं इसलिए कोई विशेष अंतर नहीं आ पा रहा है। हालांकि इंडियन फूड शेयरिंग अलायंस (आईएफएसए) जैसी कुछ पहल जरूर हुई है जिस पर गंभीरता से काम किया जाए तो भविष्य में बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। एफएसएसएआई की तरफ से यह पहल हुई है। आईएफएसए में खाद्य संग्रह एजेंसियों का एक तंत्र विकसित करने की शुरूआत हुई है। इसके तहत नागरिक, खाद्य कारोबार, कंपनियों, नागरिक समाज संगठनों, कार्यकताओं और स्थानीय निकायों को एक साथ लाकर पूरी आपूर्ति व्यवस्था (उत्पादन से लेकर उपभोग) में भोजन की बरबादी रोकने की कोशिश की जा रही है।

एक अन्य उपाय के तौर पर केंद्र सरकार ने राज्यों को विद्यालयों के पाठ्यक्रमों में भोजन की बरबादी रोकने पर एक अध्याय शामिल करने की सलाह दी है। इसका मकसद बच्चों एवं युवाओं में भोजन की बरबादी रोकने के लिए जागरूकता फैलाना है। यह भी कहा जा रहा है कि केंद्रीय खाद्या एवं उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय इस विषय पर पूरे देश में विभिन्न समाचार माध्यमों के जरिये जागरूकता अभियान चलाने की योजना तैयार कर रहा है।

राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी (एनएएएस) नवंबर में नीति पत्र लेकर आया था। इस नीति पत्र में बेकार बच गए खाने के मवेशी के चारे रूप में इस्तेमाल करने या इसे उर्वरक में बदलने का प्रस्ताव दिया गया है। ह्यवेस्ट टू वेल्थ- यूज ऑफ फूड वेस्ट एज एनिमल फीड नाम से प्रकाशित इस दस्तावेज में कहा गया है कि देश में पशुधन क्षेत्र भोजन एवं चारे की भीषण कमी का सामना कर रहा है। दस्तावेज में कहा गया है कि इस स्थिति से निपटने के लिए इस्तेमाल के बाद बच गया भोजन पालतु जानवर, मुर्गियों एवं मछलियों को खिलाया जा सकता है। इस कदम का एक बड़ा फायदा यह होगा कि भोजन की बरबादी रुक जाएगी और इन्हें खाकर पालतू जानवर, मवेशी आदि दूध, मांस और अंडे जैसे उत्पाद भी देंगे।

हालांकि तब भी बिना इस्तेमाल हुए, उपयोग की अवधि समाप्त हो चुके या इस्तेमाल के लायक नहीं रह गए खाद्य पदार्थों के अलग-अलग जगहों से संग्रह और इनके रीसाइकलिंग यूनिट और उपभोग केंद्रों तक परिवहन के लिए एक सक्षम एवं किफायती तंत्र विकसित करने की जरूरत होगी।



**- सुरिंदर सूद**

> यह लक्ष्य प्राप्त करना आसान है क्योंकि हमारे पास इसके लिए सभी आवश्यक संसाधन एवं तरीके उपलब्ध हैं। कई देशों ने इस दिशा में प्रयास भी शुरू कर दिए हैं और एक व्यवस्था तैयार की है। इस व्यवस्था के जरिये उन्हें भोजन की बरबादी रोकने या बचे भोजन का लाभप्रद तरीके से इस्तेमाल करने में मदद मिल रही है। उदाहरण के लिए फ्रांस में एक कानून बना है जिसके तहत सुपरमार्केट को बिना बिके भोजन नि:शुल्क देने या इसे मवेशी के चारे या उर्वरक के लिए किसानों को देने के निर्देश दिये गये हैं।

खास बात

## उड़ती दौलत के बीच अडाणी की मुस्कुराहट

**ममता यादव**

अडानी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के कारण कंपनी को बड़ा झटका लगा। शेयरों के दाम गिर गये। गौतम अडानी की निजी संपत्ति में बड़ी गिरावट आयी और वो घटकर करीब आधी रह गयी। लेकिन इतने झटके के बावजूद गौतम अडानी कह रहे हैं कि घबरायें नहीं, सब ठीक है। उड़ती दौलतों के बीच अडाणी की मुस्कुराहट सीधे शब्दों में कई बातों की ओर संकेत कर रही है। अडानी समूह को लेकर जारी निगेटिव रिपोर्ट के बाद अडानी समूह में भूचाल मच गया। गौतम अडानी की निजी संपत्ति गिरकर आधी रह गई। कंपनी का मार्केट कैप 125 अरब डॉलर तक गिर गया। गौतम अडानी जो एक महीने पहले तक 127 अरब डॉलर की निजी संपत्ति के साथ दुनिया के तीसरे सबसे अमीर शख्स थे वो गिरकर 23नंबर पर पहुंच गये। हर तरह अडानी और अडानी के कर्ज, उनके लोन की बातें हो रही है। कंपनी की दौलत घट रही है, लेकिन गौतम अडानी ने सामने से आकर निवेशकों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि उनके पास पैसों की कोई कमी नहीं है। कंपनी पर कोई खतरा नहीं है। कंपनी के निवेशकों का पैसा सुरक्षित है। एक तरफ दौलत लुट रही है, लेकिन गौतम अडानी और उनकी टीम क्यों ऑल इज वेल की बातें क्यों कर रही है, आइए जानते हैं।

**इसलिए मुस्कुरा रहे हैं अडानी :** हर तरफ गौतम अडानी के कर्ज की बातें हो रही है। सितंबर 2022 में क्रेडिटसाइट्स ने भी अडानी समूह पर कर्ज को लेकर चिंता जताई। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में कहा गया कि अडानी ग्रीन का कर्ज-इक्विटी रेश्यो सबसे खराब है। कंपनी भारी कर्ज के बोझ में दबी है, लेकिन क्या अडानी की कंपनियों पर कर्ज इतनी बड़ी चिंता का विषय है? जिस कर्ज को लेकर सड़क से लेकर संसद तक हंगामा हो रहा है क्या उसके लिए वो कर्ज सचमुच चिंता का कारण है। जिस कंपनी की आधी दौलत घट गई हो, वो कैसे दावा कर रही है कि उसके पास पर्याप्त फंड है? अडानी ग्रुप पर जितना कर्ज है, उससे दोगुनी तो उनका निजी नेटवर्थ है। जनवरी 2023 तक हिंडनबर्ग के रिपोर्ट आने से पहले तक ये 5 गुना था।

# समुदाय का सत्य

विचार-प्रवाह

**अमीश**

**दूसरा** सत्य है समुदाय। दुख का कारण जुड़ा है इससे। ललक, लगाव और इच्छाओं का घेरा रहता है हमारे चारों ओर। यह एक अचेतन भावनात्मक और मानसिक अवस्था है। तीसरा सच है निरोध। यानी दुख समाप्त होने की संभावना। और चौथा सच है मार्ग यानी दुख से छुटकारा पाने की राह। दुख इस राह की ओर ले जाता है।

कोविड महामारी चीन के वुहान से शुरू हुई और अब इसने पूरी दुनिया के दिलोदिमाग को झकझोर दिया है। मौत, तबाही और आर्थिक अफरातफरी का आलम है। कंपनियां पस्तहाल हैं। 15 लाख से ज्यादा लोग जा चुके हैं इस दुनिया से। इससे कहीं ज्यादा लोगों को तकलीफ सहनी पड़ी है और तमाम लोग अब भी बीमार हैं। यह भयानक और दिल तोड़ने वाला मंजर है। इसका खात्मा भी हाल-फिलहाल होता नहीं दिख रहा। अधिकतर विशेषज्ञ इस बात पर सहमत हैं कि महामारी का खात्मा हो जाने पर भी आने वाले कई सालों तक बने रहेंगे माली और दिमागी तौर पर लगे जख्मों के निशान।

तो ऐसे में क्या धर्म के सिद्धांतों और दुख की भूमिका का सहारा लेकर हम इस महामारी के असर से उभर सकते हैं? क्या इनके जरिए हम पहले से कहीं ज्यादा मजबूत और समझदार बन सकते हैं? या कहीं ऐसा तो नहीं है कि हममें से कई लोगों, खासतौर से अमीर तबके को ज्यादा दुश्वारियां नहीं झेलनी पड़ी हैं? लेकिन ये तो हुआ ही है कि हमें अपने घरों में सिमटे रहना पड़ा है। खाना-पानी के साथ एक तरह का कैदखाना। फेस मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग है तो बिजली, वाई-फाई, नेटफ्लिक्स और एमेजॉन प्राइम भी हैं।

ये जो ज़िंदगी की किताब है
ये किताब भी क्या किताब है,
इंसान जिल्द सँवारने में व्यस्त हैं
और पन्ने बिखरने को बेताब हैं.. :)

**– अनुपम खेर अभिनेता**

आपके ट्वीट

**संवैधानिक** अभिभावक के रूप में आदरणीय रमेश बैस जी का मार्गदर्शन राज्य को हमेशा मिलता रहा। महाराष्ट्र का राज्यपाल नियुक्त होने पर झारखंड की जनता की ओर से अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

**– हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री**





**महाशिवरात्रि** को लेकर तोरणद्वार भारत में नहीं बनेंगे तो फिर कहां बनेंगे? बांग्लादेश या पाकिस्तान में तोरणद्वार नहीं बनाया जायेगा, तोरणद्वार भारत में ही बनेगा।

**केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह**

कार्टून वर्ल्ड



सुपरमैन बनते डॉक्टर्स...

साभार : कार्टून मूवमेंट

लेटर टू एडिटर

## राजनीतिक अपरिपक्वता

**हाल** ही के दिनों में देश के चुनावी अभियानों में राजनेताओं की अमर्यादित भाषा बेचैन करने वाली है। किसी भी सभ्य समाज में हर जिम्मेदार नागरिक से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखेगा। नेताओं के शब्दों की अमयार्दा और अशालीनता आजादी के सात दशक बाद भी लोकतंत्र की अपरिपक्वता को ही दशार्ता है। **–पूनम जमशेदपुर**

## बंद दुकानों के मायने

**कृषि** उपज एवं पशुधन विपणन विधेयक के विरोध में गुरुवार को भी शहर सहित आसपास के कस्बों में खाद्यान्न व्यावसायी, कृषि उपज, वन उपज से संबंधित व्यवसायियों ने अपनी दुकानें बंद रख सरकार के प्रति नाराजगी जतायी। इसके बहाने व्यापारियों ने अपनी एकजुटता का परिचय दे दिया है। उन्होंने बाजार समिति के विरोध चट्टानी एकता का परिचय दिया है। **– जीतेंद्र जैन, चतरा**

# आइटी सेक्टर में मंदी की संभावनाओं पर नजर

**सुधांशु कुमार**

जॉब्स

**सूचना** प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में कर्मचारियों की नियुक्ति में आ रहा धीमापन एक चेतावनी है। इस बात के पर्याप्त प्रमाण और आंकड़े मौजूद हैं कि इस क्षेत्र में मंदी की दस्तक है। ऐसे में यह चिंता बढ़ रही है कि वैश्विक स्तर पर अर्थव्यवस्थाओं में नजर आ रही मंदी आईटी सेवाओं की मांग को भी प्रभावित करेगी।

कम से कम अगली कुछ तिमाहियों तक तो ऐसा ही परिदृश्य बने रहने की संभावना है। कई इंजीनियरिंग कॉलेजों का कहना है कि इन्फोसिस और विप्रो जैसी बड़ी आईटी कंपनियों ने इस वर्ष कैंपस में आकर नए युवाओं की भर्ती नहीं की।

ऐसे में हम कह सकते हैं कि इस अकादमिक वर्ष में कम युवाओं को पहली नौकरी मिलेगी और चूंकि इन युवाओं को कई महीनों तक प्र?शिक्षण की आवश्यकता होती है इसलिए यह माना जा सकता है कि बड़ी आईटी सेवा कंपनियां ऐसी मंदी का अनुमान पेश कर रही हैं जो कुछ समय तक जारी रहेगी।

रोजगार संबंधी पोर्टल नौकरीडॉटकॉम की मातृ कंपनी इन्फो एज ने दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी करते हुए कहा कि आईटी क्षेत्र में खासतौर पर कमजोरी का माहौल बन रहा है। नौकरीडॉटकॉम देश का सबसे बड़ा रोजगार पोर्टल है और उसके कुल कारोबार में 36 फीसदी हिस्सेदारी आईटी क्षेत्र की नौकरियों की रहती है, संकेत यही है कि इसमें काफी कमजोरी आ रही है। निश्चित तौर पर टीसीएस ने तीसरी तिमाही में अपने कर्मचारियों की संख्या में कटौती की है और पिछली कई तिमाहियों में पहली बार ऐसा हुआ है। समान तिमाही में इन्फोसिस ने केवल 1,600 कर्मचारियों को काम पर रखा है। उसने यह भी कहा है कि रोजगार नहीं देने की अनिच्छा केवल शुरूआती स्तर की नौकरियों तक सीमित नहीं है। ब?ल्कि मझोले और वरिष्ठ स्तर के अनुभवी कर्मचारियों के साथ भी यही ?स्थिति है।

ऐसे प्रमाण भी हैं जिनसे पता चलता है कि नौकरी बदलने की चाह रखने वाले आईटी कर्मियों की तादाद उपलब्ध नौकरियों से अ?धिक हो सकती है। ऐसी अन्य वजह भी हैं जो इस दिशा में संकेत करती हैं। अब बहुत कम नई स्टार्टअप शुरू हो रही हैं। इसकी वजह से आईटी क्षेत्र में रोजगार का एक अहम जरिया कम हो रहा है। फेसबुक, ट्विटर और गूगल जैसी प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों में बड़े पैमाने पर छंटनी हुई है। इसके चलते हजारों की तादाद में अनुभवी कर्मचारी बाजार में हैं जिनके पास वैक?ल्पिक रोजगार नहीं हैं। अब वेबसाइटों पर भी ऐसी सूचनाएं कम ही आती हैं जहां आईटी क्षेत्र के फ्रीलांस काम करने वालों को अनुबंधित रोजगार मिल सके।

बड़ी कंपनियों को भी अब उन कर्मचारियों को लेकर शिकायत नहीं हैं जो नियमित काम के अलावा बाकी के घंटों में कुछ और काम कर रहे हैं। हालिया नतीजों के बाद दिग्गज आईटी कंपनियों ने भी मंदी का संकेत दिया है। अ?धिकांश बड़ी कंपनियों ने आईटी व्यय पर एक तरह से रोक सी लगा दी है। इसका अर्थ यह है कि केवल उन्हीं प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाया जा रहा है जिनसे आय पर तत्काल सकारात्मक असर पड़ने वाला हो या फिर जिनसे व्यय को नियंत्रित करने में मदद मिले। उदाहरण के लिए डिजिटलीकरण के प्रयास तथा क्लाउड और साइबर सुरक्षा की मांग मजबूत बनी हुई है। आईटी उद्योग आर्थिक गतिविधियों से मजबूती से जुड़ा होता है, यह भी संभावित मंदी की एक बड़ी वजह है। भारतीय आईटी उद्योग का अधिकांश राजस्व उत्तरी अमेरिका से आता है और क्षेत्र के मुताबिक यूरोप दूसरा बड़ा योगदानकर्ता है। फिलहाल सभी आर्थिक क्षेत्र प्रभावित हैं।

# बिहार में शराब पसर गया है, नीतिश भी उलझ गये हैं

**एनके मुरलीधर**

समस्या

**शराबबंदी** की सफलता पर बड़ा सवाल है। मध्य बिहार के गया, जहानाबाद औरंगाबाद से लेकर नवादा नालंदा तक शराब पसर गया है। मगही में पसरने का अर्थ फैलना होता है। जिस राज्य में बेरोजगारी चरम पर हो, शिक्षा ध्वस्त हो, उद्योग न के बराबर लगे हों वहां शराबबंदी ने लघु, मध्यम और बृहद उद्योग का स्थान प्राप्त कर लिया है। यूपी और झारखंड से शराब आसानी से उपलब्ध है। पुलिस के कमाने का एक बड़ा जरिया बना है। साथ ही दो प्रतिशत से भी कम शराब जब्त होते हैं या पकड़ें जाते हैं।

विशेषकर विवाह और सामाजिक क्रिया कलापों में शराब की खुलेआम उपलब्धता पर औरगांवाद के दाउदनगर से सटे पिसाई गांव के मनोज सिंह की बात को सार्थक सिद्ध करती है कि शराब की सरकारी बिक्री बंद होने से दो तरफा नुकसान हुआ है।

पहला नुकसान सामाजिक नुकसान है जिसकी भरपाई आने वाले 50 वर्षो में संभव नहीं हो सकता है। सहज ही कोई भी युवा पैसा कमाने के लिये शराब आपूर्ति करने वाले गिरोह का सदस्य बन जाता है। अगर आप यह सोचे कि राज्य सरकार को दस हजार करोड़ रुपये शराब बिक्री के शुल्क से आता था तब आज वह शुल्क पूरी गति से बढ़ता हुआ 15 हजार करोड़ तक पहुंचा है। सही मायने में शराब की बिक्री से होने वाला यह आय अब सीधे इस धंधे से जुड़े लोगों के हाथ में जाने लगा है। शराब के व्यापार को पहले भी बड़े लोग ही कर रहे थे और उनका एक बड़ा वर्ग आज भी इससे लाभ कमा रहा है। युवाओं के लिये वैसे गांव जो मुख्य सड़क से दो चार किलोमीटर दूर हैं वहां आपको दर्जनों घर के युवा इस काम में लिप्त मिल जायेंगे। अनेक प्रकार की प्रकिया से उपाय से वे पुलिस और उत्पाद विभाग को चकमा देते हैं। शराब बंदी गलत नहीं है लेकिन यह सामाजिक समस्या है और बिना समाज के सहयोग के सरकार और पुलिस मिलकर इसे रोक नहीं सकती है। हर जाति, समाज और व्यक्ति अब शराबबंदी के दुष्प्रभाव से डरा है। पुलिस इस कानून का गलत इस्तमाल कर रही है। संदेश के आधार पर पकडें गये युवाओं का भविष्य अधंकारमय हो रहा है।

आखिर आजादी के बाद या उससे पहले से ही नशा और मादक पदार्थो का व्यापार समाज के लिये एक अभिशाप रहा है। ऐसे में बिहार का शराबबंदी एक ऐसा प्रयोग है जो पैसे कमाने का सबसे बड़ा जरिया बनता जा रहा है।

राज्य के राजस्व का नुकसान दोहरा हो चला है क्योंकि शराब से जो पैसा सरकार के खाते में आता वह पैसा शराब माफिआयों के जेब में जा रहा है। इससे ईजी मनी से हथियार, अवैधबालू, जमीन कब्जा सहित दर्जनों अपराध फल-फूल रहें हैं। इन अपराधों में 35 प्रतिशत अपराध पुलिस थानों तक पहुंच ही नहीं रहें हैं। इस कारण सरकार अपनी पीठ आराम से थपथपा रही है। देश में शराबबंदी की विफलता एक ऐसी समस्या है जिसे लेकर सामाजिक विमर्श की आवश्यकता है। कानून से समाज का नियंत्रण एक पुरानी प्रकिया है जो बिहार के शराबबंदी में पूरी तरह फेल रहा है।

लाखों लोग जो शराबबंदी के कारण जेल जाने को विवश हुये हैं उनकी समस्या अलग है। सरकार ईमानदारी से यह सर्वे कराने से डर रही है कि शराब जब नियंत्रित रुप में बिकता था तब और अब नियंत्रण के बाद अनियंत्रित बिक रहा है तब की स्थितियों में किस प्रकार की दिशा निर्देशन की आवश्यकता है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## महागठबंधन प्रत्याशी के लिए वार्ड नंबर 5 में डोर टू डोर मांगा वोट



**रामगढ़।** रामगढ़ नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलराम साहू के नेतृत्व में गुरूवार को वार्ड नंबर 5 में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस क्रम में वार्ड के बंगाली टोला, शिबू कॉलोनी ,स्टाफ क्वार्टर, नेहरू रोड, सेठ मोहल्ला में जनसंपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो को वोट देने की अपील की गई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बजरंग महतो को विजय बनाएं विधानसभा क्षेत्र के अधूरे कार्यों को पूरा किया जाएगा। मौके पर संजीव खंडेलवाल ,अनिल मुंडा ,रोहित कुमार ,जेके अग्रवाल ,गगन करमाली , अनुराग कुमार ,दानिश कुरैशी, सोनू सिंह ,अजय बावला, संजय वर्मा ,मोहम्मद हुसैन ,मनीष पासवान ,नकुल मेहता, राजा करमाली ,टिंकू खान, आजाद सिंह आदि मौजूद थे।

## राजद प्रदेश उपाध्यक्ष बने गिरधारी गोप



भुरकुंडा (रामगढ़)। राजद झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने भदानीनगर के कुरसे निवासी गिरधारी गोप को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। संजय सिंह यादव ने कहा है कि गिरधारी गोप पिछले कई वर्षों से राजद से जुड़े रहें। इनकी पार्टी के प्रति समर्पण की भावना को ध्यान में रखते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। जो पार्टी के नीति और सिद्धान्तों के आधार पर समाज के अंतिम पायदान पर वंचित लोगो को राज्य की योजनाओं का लाभ पहुचाने में मदद्गार साबित होंगे। वहीं गिरधारी गोप ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेवारी दी है उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि सबों को एक सूत्र में पिरोकर राजद को और बुलंदियों तक ले जाना मेरा लक्ष्य होगा। श्री गोप ने मनोनयन पर राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव, बिहार के उप मुख्यमंत्रो तेजस्वी यादव और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है। बधाई देने वालो में प्रेम कुमार साहू, संतोष यादव, संतोष मिश्रा, वाहिद अंसारी, संजय यादव, अल्लाउदीन मंसूरी, जवाहीर यादव, बबन पांडेय, शौकत खान, जानकी ठाकुर, सुभाष तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हैं।

## डॉ. अशोक राम बने एनएसएस पदाधिकारी

**रजरप्पा।** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा, लारी में महाविद्यालय 13 वर्षो से लगातार बीएड एवं डीएलएड के विद्यार्थियों को शिक्षक प्रशिक्षण देते आ रहे हैं. साथ ही महाविद्यालय की मान्यता विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग तथा नाक से इ+ ग्रेड की उपाधि से अलंकृत है। अब महाविद्यालय में एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) से भी संचालित होगी, जो विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अधिनस्थ है। बीएड सहायक प्राध्यापक डॉ. अशोक राम को एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) में कार्यक्रम पदाधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार ने डॉ. अशोक राम को राष्ट्रीय सेवा योजना में कार्यक्रम पदाधिकारी बनने पर शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाई दी। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर ने डॉ. अशोक राम को कार्यक्रम पदाधिकारी नियुक्त होने पर शुभकामनाएं एवं बधाई दिये। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता गुप्ता एवं सभी शिक्षकों ने भी शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## जगन्नाथ पुरी में लहराया 108 फुट का तिरंगा



भुरकुंडा (रामगढ़)। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष नवीन जिन्दल ने जगन्नाथ पुरी नगर के प्रवेश द्वार बाटागांव छक में 108 फुट ऊंचा तिरंगा लगाया है। ओडिशा के राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल ने सोमवार को फ्लैग फाउंडेशन अफ इंडिया की उपाध्यक्ष शालू जिन्दल, ओडिशा के अनेक मंत्री, विधायक व अधिकारी के उपस्थिति में ध्वजारोहण कर धर्मनगरी पुरी को अनूठा उपहार दिया। मौके पर राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल ने नवीन जिन्दल की सराहना करते हुए कहा कि वे एक शहर, एक प्रदेश नहीं बल्कि पूरे विश्व के हैं। वे विशाल ध्वज की स्थापना कर देशवासियों के मन में राष्ट्र के प्रति प्रेम और समर्पण की भावना का संचार कर रहे हैं। नवीन जिन्दल ने कहा कि जाति, पंथ, राजनीतिक संबंधों से ऊपर उठकर तिरंगा हम सभी भारतीयों के स्वाभिमान का सर्वोच्च प्रतीक है। यह विशाल तिरंगा भगवान श्री जगन्नाथ जी के दर्शनों को पुरी आये लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी जयी राजगुरु, चाखी खुंटिया और पंचसखा समेत अनेक लोगों के देश की आजादी में योगदान, त्याग और बलिदान को याद कर उन्हें नमन किया।

## कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के संजीव ने दिया इस्तीफा

भदानीनगर (रामगढ़)। पूर्व विधायक प्रतिनिधि बड़कागांव विधानसभा सह प्रदेश उपाध्यक्ष कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के संजीव साहू ने अपने पद और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देते हुए पार्टी छोड़ दी है। इस बावत बुधवार को प्रेस बयान जारी कर संजीव साहू ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस महागठबंधन की हेमन्त सरकार के नेतृत्व में प्रदेश का विकाश का पहिया रूक गया है। सरकार केवल कोरोना के नाम पर रोना रोती है की कोरोना के कारण विकाश बाधित रहा है। लेकिन वर्तमान परिस्थिति में भी सरकार विकाश करने में विफल साबित हो रही है। रोजगार नियोजन नीति, बेरोजगारी भत्ता, महिला सुरक्षा, महिलाओ को सरकारी नौकरी में 50 प्रतिशत आरक्षण, शहीद के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, 100 यूनिट बिजली फ्री सहित कई अन्य चुनावी वायदों सरकार विफल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महिला सशक्तिकरण की बात करती है और महिला कोटे के एक मंत्रालय आज भी लंबित है।

# 10 हजार से अधिक घरों में मिलेगा शुद्ध जल

**शैलेन्द्र पाठक**

**बिष्णुगढ़ प्रखंड में जल एवं स्वच्छता विभाग और चार कंपनियां घर-घर पानी पहुंचाने के लिए कर रहीं काम**

**बिष्णुगढ़।** बिष्णुगढ़ प्रखंड के एक बड़ी आबादी को गर्मी शुरू होने के पूर्व पीने के पानी देने की कवायद शुरू हो गई है। जल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा बिष्णुगढ़ प्रखंड में इस और चार कंपनियां घर-घर पानी पहुंचाने की दिशा में जोर शोर से काम कर रही है `इन कंपनियों को मार्च 31 तक जोबर, खरना, बराय,अलपीटो, अचलजामु, गोविंदपुर, गैड़ा, सिरय, नरकी, सारुकुदर, भेलवारा, पंचायत में आबादी के हिसाब से जल मीनार लगनाया जा रहा है` अलग-अलग पंचायतों में अलग-अलग कंपनीयां कार्य कर रही है जिसमें एसके कंस्ट्रक्शन को खरना,बाराय,अलपीटो वही राजेश जमुय कंस्ट्रक्शन को बकसपुरा , और अचलजामु, छोटेलाल कंस्ट्रक्शन गोविंदपुर और गैड़ा में काम कर रही है, तो वही सरस्वती इंटरप्राइजेज नरकी और शारुकुदर व वैष्णवी इंटरप्राइजेज भेलवारा में काम कर रही है।

इस संबंध में मार्स प्लानिंग सर्विसिंग प्राइवेट लिमिटेड के पुनीत कुमार महतो ने बताया कि वैष्णवी द्वारा कुल 257 घरों को पानी देना है इसमें 89 जल मीनार लगेगा । वही एसके द्वारा कुल 198 टंकी लगाया जाना है जो लगभग 4650 घरों तक पानी पहुंचाया जाएगा, इसमें खरना जोबर बराय अलपिटो पंचायत शामिल जिसमें खरना पंचायत के रेहड़ा में फिलहाल एक टंकी लगाया गया है। वहीं उच्चाघाना में 4 जल मीनार लगा है। सरस्वती कंस्ट्रक्शन द्वारा 90 जल मीनार लगाया जाना है जो लगभग 2124 घरों को शुद्ध पीने का पानी मुहैया कराएगा` छोटेलाल कंस्ट्रक्शन द्वारा 77जल मीनार लगेगा जो कुल 1820 घरों तक पानी पहुंचाएगा। राजेश जमुई कंस्ट्रक्शन द्वारा कुल 1726 घरों को पानी मुहैया कराने के लिए 72 जल मीनार लगाएगा। जानकारी के अनुसार आबादी के हिसाब से कहीं 2000 लीटर तो कहीं 5000 लीटर तो कहीं 8000 लीटर का जल मीनार लगेगा` 2000 लीटर वाले स्थान से लगभग 10 से 15 घरों तक 5000 लीटर के टैंक पर 20 से 25 घरों तक 8000 लीटर वाले जल मीनार से 30 से 35 घरों में पाइप के जरिए पीने का शुद्ध जल पहुंचेगा` बाकी पंचायत में 31 मार्च के बाद कंपनी काम करेगी योजना 2024 तक सम्पूर्ण होगा।



# आजसू नेता मनोज मुंडा की गोली मारकर हत्या

**अपराधियों की धरपकड़ को जुटी पुलिस, परिजनों का रो-रोकर है हाल बेहाल**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भदानीनगर (रामगढ़)।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र अमझरिया व लोवाडीह के बीच स्थित झांजीटोली में अपराधियों ने बुधवार शाम करीब पौने सात बजे आजसू नेता 35 वर्षीय मनोज मुंडा की गोली मार कर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार चिट्टो निवासी मनोज मुंडा झांजीटोली हाट में मुर्गा लड़ाई देखने गया था। इसी क्रम में तीन-चार लोग उसे पकड़ कर हाट से दूर ले गए और उसके सिर पर तीन गोलियां दाग दी। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण वहां पहुंच इलाज के लिए घायल मनोज मुंडा को लेकर रांची रिम्स के लिए रवाना हुए। जहां डक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलते ही पतरातू एसडीपीओ ड वींरेंद्र चौधरी, सर्किल इंस्पेक्टर रोहित महतो, भदानीनगर ओपी प्रभारी दुर्गाशंकर मंडल, बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला, पतरातू प्रभारी गौतम कुमार और बरकाकाना प्रभारी शशि प्रकाश सशस्त्र बल के जवान घटना स्थल पर पहुंचें। जहां पुलिस ने ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली।हमलावरों की गिरफ्तार के लिए पुलिस छापामारी कर रही है। पूछताछ में ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि मनोज मुंडा अपने मित्रों के साथ बैठे थें। उसी दौरान वहां तीन-चार लोग आए और मनोज को जबरदस्ती किनारे ले गए। थोड़ी देर के बाद उन्होंने तीन गोलियों की आवाज सुनी। जब वे गोली चलने वाली जगह पर पहुंचे तो देखा मनोज लहुलुहान जमीन पर पड़ा है। तत्काल उन्हें रिम्स ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक मनोज मुंडा की पत्नी मालती देवी ने बताया कि जेपीसी संगठन द्वारा तीन जनवरी को फोन से रंगदारी मांगते हुए 10 जनवरी को लोवाडीह जंगल में मिलने का बात कही गई थी। मालती ने बताया कि हमलोग रांची में दिहाड़ी मजदूरी का काम करते हैं। मृतक मनोज मुंडा अपने पीछे 14 वर्षीय बड़ी पुत्री प्रीति कुमारी, दो पुत्र आयुष कुमार 10 वर्ष व विवेक कुमार 7 वर्ष सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं। इसी वर्ष मनोज मुंडा की बहन रीता की शादी तय हुई थी। 16 को छेका होना था।



रोते बिलखते मनोज मुंडा के परिजन।

### जल्द ही पुलिस के गिरफ्त में होंगे हत्यारे : डॉ.बीरेंद्र चौधरी

मामले पर पतरातू एसडीपीओ ड वींरेंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि हत्यारों को किसी भी हाल में छोड़ा नहीं जायेगा। पुलिस जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजेगी।

उन्होंने बताया कि घटना को ले भदानीनगर, बासल, पतरातु व बरकाकाना पुलिस अभी भी घटना स्थल पर डटी हैं। साथ ही जांच-पड़ताल कर हत्यारों को पकड़ने के लिए छापामारी अभियान जारी है।

## झारखंड में विधि व्यवस्था चौपट हो गयी है : आजसू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड कमेटी द्वारा पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में गुरूवार को पार्टी के प्रखंड उपाध्यक्ष दिवंगत मनोज मुंडा की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त किया है। आजसू नेताओं ने कहा कि राज्य में विधि-व्यवस्था चौपट हो गई है। आदिवासियों की हितैसी बनने का ढोंग करने वाली राज्य सरकार आदिवासियों की रक्षा ही नहीं कर पा रही है। कांग्रेस और जेएमएम के शासनकाल में अपराध का ग्राफ काफी बढ़ा है। रामगढ़ जिले में निरंतर अपराधिक घटनाएं हो रही हैं। कहा गया कि पिछले कुछ दिनों में निरंतर कई व्यक्तियों पर गोलीबारी, हत्या व लूट जिले की विधि-व्यवस्था चौपट होने का प्रमाण है। प्रखंड उपाध्यक्ष दिवंगत मनोज मुंडा की हत्या से पार्टी में घोर आक्रोश है। कहा गया कि दोषियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो आजसू पार्टी सड़क पर उतर कर आंदोलन करेगी। बैठक के पूर्व कार्यकर्ताओं ने दिवंगत मनोज मुंडा के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। कहा गया कि राज्य को विधि व्यवस्था अब भगवान भरोसे है, पार्टी की संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हमेशा रहेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो, जिला प्रवक्ता बीरेंद्र झा, जिला उपाध्यक्ष भुवनेश्वर महतो, जिला उपाध्यक्ष राजू कुमार, जिला संगठन सचिव अशोक पाठक, वरीय नेता राहुल रंजन, प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, प्रखंड राम, चमरू महतो आदि शामिल थे।

## सामूहिक विवाह में अरुण साह और सांसद संगम लाल गुप्ता हुए शामिल



**बरही।** झारखंड प्रदेश तैलिक समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साहू के नेतृत्व में छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज, गुमला द्वारा आयोजित वार्षिक तेली महाजतरा सह सामूहिक विवाह हुआ। मुख्य अतिथि प्रतापगढ़ सांसद संगम लाल गुप्ता ने कार्यक्रम के नेतृत्कर्ता अरूण साहू का आभार व्यक्त किया और लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में अपने समाज के ऐसे कार्यक्रम में शामिल होना मेरे लिए गौरव की बात है। यहां पर आयोजित दहेज मुक्त सामूहिक विवाह निश्चय ही हमारे समाज के लिए एक बेहतर कदम है। हमारा यह प्रयास निश्चित ही आने वाली पीढ़ियों के लिए लाभकारी साबित होगा। उन्होंने कहा कि यहां के लोग काफी सरल स्वभाव और मिलनसार हैं। मुझे यहां आकर अनोखे अपनेपन का अहसास हुआ। मैं आपके इस अपनेपन व प्रेम को कभी भुला नहीं पाउंगा। मैं आपको भरोसा दिलाता हूँ कि आप सबको जब भी मेरी जरूरत होगी मैं बेझिझक आपके एक बुलावे पर आप सबों के साथ खड़ा रहूंगा। तैलिक समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साहू ने समाज की कुरीतिओं और युवाओं के रोजगार पर गंभीर चर्चा की।साथ ही प्रशासन से भी आग्रह किया कि गुमला में उचित कागजात व नियमों के अधीन काम करने वाले चालकों व व्यवसाइयों को तंग न किया जाए। इसके पश्चात मुख्य अतिथि संगम लाल गुप्ता एवं अरूण साहू ने संयुक्त रुप से सभी नवविवाहित वर वधू को आशीर्वाद दिया और उनके खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना की।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर आदर्श विद्यालय घोषित



**हजारीबाग।** विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन में सरस्वती, शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली हजारीबाग को आदर्श विद्यालय की घोषणा हुई साथ ही विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र को विद्यालय के शैक्षणिक एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया' सम्मेलन में विद्या भारती द्वारा आयोजित प्रतिभा खोज और चयन परीक्षा में कुम्हार टोली विद्यालय के सर्वाधिक बच्चों की उपस्थिति, समर्पण कार्य, शैक्षिक विकास, खेलकूद संस्कृति बोध परियोजना एवं विज्ञान के क्षेत्र में अखिल भारतीय स्तर पर बच्चों की शानदार सफलता के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि, शैक्षणिक गतिविधियों में सराहनीय एवं सर्वोत्तम प्रयास के लिए विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र को सम्मानित किया गया। प्रतिभा खोज एवं प्रतिभा चयन परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया- बहनों को प्रशस्ति पत्र और प्रोत्साहन राशि विद्यालय के प्राचार्य को प्रदान किया गया।

# डाक मतपत्र को लेकर दी गयी ट्रेनिंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**एसडीओ ने मतदान कर्मियों को दिया आवश्यक निर्देश**

**रामगढ़।** 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर विभिन्न चरणों में मतदान संबंधित प्रशिक्षणों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला परिषद कार्यालय रामगढ़ के सभागार में 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के दौरान डाक मतपत्र के माध्यम से होने वाले मतदान के मद्देनजर मतदान अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने सभी मतदान अधिकारियों को 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन के सफल आयोजन हेतु 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग व दिव्यांगजनों जिन्होंने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु आवेदन दिया है को सफलतापूर्वक मतदान कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण के दौरान बताई जा रही बातों को ध्यान पूर्वक सुनने एवं अपनी दुविधाओं को प्रशिक्षण के दौरान ही दूर कर लेने का निर्देश दिया । प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर राघवेंद्र कुमार सिंह, संजय राय एवं रवींद्र कुमार गोस्वामी के द्वारा निर्वाचन आयोग द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने को लेकर जारी दिशा निर्देशों के संबंध में विस्तार से सभी मतदान अधिकारियों को जानकारी दी गई एवं सभी दुविधाओं को दूर किया गया। इस दौरान वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग सह भूमि सुधार उप समाहर्ता, कार्यपालक दंडाधिकारी जिला जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य उपस्थित थे।



एक नजर में

## कृषि बिल को ले दूसरे दिन भी बंद रहीं दुकानें



**बड़कागांव।** बादम में कृषि बिल के खिलाफ थोक एवं खुदरा खाद्यान्न व्यापारियों द्वारा दूसरे दिन भी अनिश्चितकालीन बंदी जारी रहा जिससे आम उपभोक्ताओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। वही व्यापारियों ने कहा कि इसका खामियाजा सिर्फ दुकानदार ही नहीं बल्कि हर कारोबारियों को भुगतना होगा। जब हर कारोबारी को अकारण टैक्स देना होगा तो इससे साबित होता है कि सरकार आम जनता पर अलग से बोझ डालना चाह रही है जिसका हम खाद्यान्न व्यापारी संघ विरोध करते हैं और जब तक सरकार इस जजिया टेक्स को वापस नहीं लेती है तब तक हम खाद्यान्न व्यापारी संघ का अनिश्चितकालीन बंदी जारी रहेगा। कृषि बिल के विरोध में बादम बाजार के व्यापारियों में प्रेम कुमार गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, राजेश गुप्ता ,अंबिका साव, अनिल गुप्ता, निर्मल साव, बबलू खान ,महेश गुप्ता, अंकित कुमार की दुकान सहित सभी दुकाने बंद रही।

## जवान लूईस तिग्गा का पार्थिव शरीर आया



हजारीबाग। भारतीय वायु सेना असम तेजपुर के जवान लूईस तिग्गा का पार्थिव शरीर बुधवार को उनके निवास स्थान दीपूगढ़ा पंहुचा। उनकी अचानक मौत की खबर से परिजन हैरान थे ऊपर से शव पर लगी चोट के निसान ने उन्हें परेशानी में डाल दिया । परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था । परिजनों ने बताया कि डॉक्टर की रिपोर्ट और थाना प्रभारी ने नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट दिया है। मौत को प्राकृतिक बताया जा रहा लेकिन मृतक के शरीर की चोटे अलग ही कहानी बया दर्ज कर रही है। ज्ञात हो की चौथी श्रेणी में कार्यरत जवान लूईस तिग्गा की मौत दो दिन पूर्व भारतीय वायु सेना के असम तेजपुर बेस कैंप में हो गयी थी। जिसके बाद उनके शव को उनके घर पहुंचाया गया। शव को जिला प्रशासन की निगरानी में गॉर्ड ऑफ ऑनर देते हुए एयरफोर्स के द्वारा विधिवत श्रद्धांजलि दी गयी और मिट्टी दी गई। सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## पुस्तकालय प्रबंधन व सलाह समिति गठित



टाटीझरिया। सभी पंचायत में पुस्तकालय प्रबंधन एवं सलाह समिति का गठन किया जा रहा है। इसी के तहत भराजो पंचायत भवन में मुखिया स्वास्तिका कुमारी की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया।अध्यक्ष मुखिया स्वास्तिका कुमारी, सचिव स्वयंसेवक सरजू राम,सदस्य में पंचायत सचिव विश्वजीत दुबे, शिक्षा समिति के सदस्य कोलेश्वर कुमार, युवाओं में रवि कुमार एवं नितेश कुमार, महिला संगठन में सोनी देवी एवं देवंती देवी, पंचायत पंचायत में संचालित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों में प्रधानाध्यापको में विनोद कुमार दास, रम्भा देवी नरेश कुमार पांडे एवं निजी विद्यालय से भोलेनाथ यादव एवं लाइब्रेरियन के लिए रीतलाल प्रजापति का चयन किया गया। समिति गठन में विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय,महेश अग्रवाल, शिवा कुमार, सुधीर कुमार, पिंकी देवी, वीण देवी, उर्मिला, कौशल्या देवी, रंभा देवी रघुनंदन प्रसाद, रोहित कुमार, संगीता देवी, रवि कुमार, कृष्णा कुमार,नागेश्वर प्रजापति, कृष्णा प्रसाद, दीपक कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## कृषि मंत्री बादल पत्र लेख का पुतला फूंका

हजारीबाग। कृषि बाजार समिति काला कानून के विरोध में बुधवार से राज्य के सभी प्रकार के खाद्यान्न से संबंधित दुकानें बंद की गई है। व्यापारियों ने कहा कि झारखंड सरकार के हठधर्मी कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के द्वारा कृषि बाजार समिति नामक काला कानून के रूप 2फीसदी टैक्स लगाने के विरोध में मोर्चा खोल दिया है और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद करा दिया है ।इसी क्रम में अनिश्चितकालीन प्रतिष्ठान बंद के दूसरे दिन गुरुवार को गोला चौक से जुलूस निकाल कर झंडा चौक पर जहां कृषि मंत्री बादल पत्रलेख का पुतला फूंका गया।

## इचाक में बाल सभा का आयोजन

इचाक। बरकाखुर्द पंचायत के रतनपुर ग्राम में ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत महिला सभा एवं बाल सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया सीता कुमारी ने किया एवं संचालन बीएफटी शशि मेहता ने किया। बैठक में मुख्य रूप से गांव की सफाई, स्वच्छता, गांव की महिलाओं को रोजगार कैसे मिले बच्चों का स्कूल में पठन-पाठन सही रूप से हो स्कूल में प्रत्येक दिन के रोस्टर के हिसाब से नियमित एमडीएम मिले सरकार की योजनाओं का लाभ सभी घरों तक कैसे पहुंचे इस पर गहन रूप से चर्चा किया गया। मुखिया सीता कुमारी ने कहा कि सबको योजनाओं का लाभ मिल सके ऐसी योजना तैयार करनी है । तत्पश्चात इससे संबंधित योजनाओं का चयन किया गया।

## विहिप का धर्म प्रचार जागरूकता अभियान

टाटीझरिया ।झरपो गांव में विश्व हिन्दू परिषद अंतर्गत बजरंग दल और दुर्गा वाहिनी के द्वारा जय श्री राम के जय घोष कर क्षेत्रीय ग्रामीणों को सनातन (हिन्दू)धर्म प्रचार प्रसार को लेकर देवी मंडप टोला से आरंभ कर पंचायत भवन झरपो के आस पास मुहल्ला में जागरूकता अभियान चलाया गया । और क्षेत्रीय ग्रामीणों को हिन्दू धर्म के रीति रिवाजो को छोड़ अन्य धर्म को नही मानने का आग्रह कर सप्ताह के हरेक मंगलवार को सपरिवार देवी मण्डप प्रांगण झरपो में शाम 6:00 बजे से 7:00 बजे तक श्री दुर्गा स्तुति, राम स्तुति हनुमान चालीसा ,आरती में सम्मिलित होने की आग्रह किया गया। जागरूकता अभियान के दौरान पंचायत अध्यक्ष रामविलाश प्रसाद वर्णवाल उपाध्यक्ष संदीप पांडेय प्रखंड संयोजक रवि कुमार साहिल रंजन रिशु वर्णवाल राजेन्द्र प्रसाद पप्पू पांडेय पैक्स अध्यक्ष सरयू प्रसाद संग दुर्गा वाहिनी समिति के कई महिलाएं मौजूद थी।

## सीओ ने की प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बैठक

**दारू।** अंचलाधिकारी नीतू कुमारी ने गुरुवार को प्रज्ञा केंद्र के संचालकों के साथ एक आवश्यक बैठक किया। इस बैठक में अंचलाधिकारी नीतू कुमारी ने बताया कि अंचल क्षेत्र के सैकड़ों किसानों का प्रधानमंत्री किसान निधि योजना की राशि केवाईसी नही करने के कारण लंबित है।अंचलाधिकारी ने सभी प्रज्ञा केंद्रों के संचालक को निर्देश देते हुए कहा कि केवाईसी करने के कार्य को बड़े स्तर पर किया जाय उन्होंने कहा कि बिना केवाईसी किये किसी भी किसान के खाते में पैसा नही आएगा इसलिए इस प्रकिया को जल्द से जल्द पूरा करना है। इस योजना में वैसे लाभुक जो इसके योग्य नही है और वे इसका लाभ उठा रहे है वे जल्द अपना नाम इस योजना के लाभुकों की सूची से कटवा ले अन्यथा उनके ऊपर करवाई की जाएगी। इस योजना के बहुत से लाभुक की मौत पूर्व में हो चुकी है फिर भी उनके खाते में रकम जा रही है उनका नाम भी लाभुक के परिवार के सदस्य प्रज्ञा केंद्र जाकर नाम कटवा ले। इस बैठक में प्रज्ञा केंद्र संचालक दसरथ प्रसाद, फिरदौस आलम, रमेश राणा, विक्रम कुमार, मुकेश कुमार, प्रदीप कुमार, नरेश सोनी, पीयूष कुमार, अजीत यादव मौजूद थे।

## जैव विविधता प्रबंधन का प्रशिक्षण संपन्न

बरही। करियातपुर पंचायत भवन में जन जागरण केंद्र द्वारा जैव विविधता प्रबंधन समिति का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसका शुरूआत करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार, जैव विविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं जनजागरण केंद्र के समन्वयक चितरंजन महतो ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर किया। प्रदीप कुमार सिंह ने उपस्थित सदस्यों को चलचित्र दिखाकर समझाया। इसके बाद पीपीटी के माध्यम से जैव विविधता अधिनियम 2002 के प्रमुख उद्देश्य जैसे जैव विविधता का संरक्षण व सूचना से होने वाले लाभों की बराबर हिस्सेदारी एवं जैविक प्रजातियों के संरक्षण एवं पुनर्वास के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

स्पीड न्यूज

## ग्रामीण शुद्ध पेयजल को लेकर हैं परेशान

**गुमला।** गुमला सदर प्रखंड के तेलगांव पंचायत के बेलागढ़ा गांव में लोग पेयजल समस्या से झूज रहे हैं। गांव में लगा सोलर जलापूर्ति योजना खराब पड़ा हुआ है। उक्त पेयजल योजना से तेलगांव के लगभग सौ घरों मे जलापूर्ति होती है। मिशन बदलाव के ग्रामीण कार्यकारी अध्यक्ष बिनोद साहू के द्वारा गांव के दौरा के क्रम में यह समस्या सामने आया।

## बाबा दुख्खन शाह के मजार पर चादरपोशी

**लोहरदगा।** हजरत बाबा दुख्खन शाह के उर्स के मौके पर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा चादरपोशी कर जिले के अमन चैन के लिए दुआ मांगी। डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और एसपी आर रामकुमार ने सदर थाना से पैदल मजार तक पहुंचकर मजार में चादरपोशी की और दुआ मांगी।

## ज्ञान से होती है इंसान की पहचान : बीडीओ

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित डॉ अनुग्रह नारायण उच्च विद्यालय में गुरुवार को बुक क्लब एक्टिविटी के तहत लड़का लड़की एक समान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं को अनेक बिषय पर जानकारी देते हुए कहा कि आज के समय मे लड़का या लड़की होना किसी भी मायने पर एक दूसरे से कम रहने का कोई कारण नही हो सकता है, बल्कि किसके अंदर कितनी ज्ञान और कार्यो को करने के प्रति कितनी जज्बा है ये मायने रखती है।

## गुमला पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति का किया शव बरामद

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के लोहरदगा रोड स्थित माहेश्वरी धर्मशाला के पास से गुमला पुलिस ने गुरुवार को अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। मृतक की उम्र लगभग 65 वर्ष बतायी जा रही है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया।

## एसपी ने सिसई थाने का किया औचक निरीक्षण

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ऐहतेशाम वकारिव ने गुरुवार को सिसई थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान सिसई थानान्तर्गत चल रहे विकासात्मक कार्यों ग्राम-पोढा में जल-नल योजना एवं बन रहे गुमला-राँची राजमार्ग की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही सिसई थाना का औचक निरीक्षण किया।

## मवेशी के रस्सी में पैर फंस कर गिरने से महिला घायल

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के कटकाया निवासी 58 वर्षीय विनय प्रभा मिंज मवेशी चराने के लिए घर से निकली थी। इसी दौरान दौड़ते हुए मवेशी के रस्सी पैर में फंस गया। जिसे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना में महिला के सर पर गंभीर चोट आई है और पैर भी टूट गया। जिसे आनन-फानन में गुमला सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में घायल महिला का इलाज जारी है।

## दिव्यांग छात्रा को बीडीओ ने प्रदान किया ट्राईसाइकिल

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखण्ड कार्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकरी डॉ शिशिर कुमार सिंह ने दिव्यांग छात्रा को व्हील चेयर प्रदान किया। बताते चलें कि तिलवरी ग्राम के अनुष्का टोप्पो जो आर सी प्राथमिक विद्यालय की पांचवीं कक्षा की छात्रा है और शारीरिक रुप से विकलांग है। जिसे विद्यालय आने जाने में काफी परेशानी होती थी।

## व्यवसायियों ने खुले दुकानों को सड़क पर निकलकर कराया बंद

**घाघरा।** कृषि उपज और पशुधन विपणन विधेयक 2022 के विरोध में घाघरा में कृषि संबंधी व किराना दुकान गुरुवार को दूसरे दिन बंद रहा। इस क्रम में व्यवसायियों द्वारा कुछ किराना गोला कृषि संबंधित दुकानों को खोल दिया गया था। जिसके बाद संबंधित व्यवसायी बंद करवाने मोटरसाइकिल से निकले और छोटे-मोटे खुले दुकानों को भी बंद कराया। इस मौके पर उपस्थित लोगों में कई दुकानदार शामिल थे।

### नशामुक्ति अभियान के तहत जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

# झोलाछाप डॉक्टरों व झाड़ फूंक करने वालों पर करें कड़ी कार्रवाई: उपायुक्त

### झोलाछाप डॉक्टर दवा के रूप में देते हैं अफीम, युवाओं व आने वाली पीढ़ी को नशा मुक्त करने में दें योगदान

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त ।

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में नशा मुक्त गुमला अभियान के तहत जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई। जिले के युवाओं को नशे से मुक्त करने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा कई आयामों में कार्य किए जा रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि नशीले पदार्थों के सेवन से न केवल युवा वर्ग अपनी बल्कि पुरे समाज को बर्बाद करेंगे। क्योंकि युवाओं से ही आने वाले समाज का निर्माण होना है। इसलिए युवाओं व आने वाली पीढ़ी कम से कम नशे से मुक्त रहकर एक बेहतर समाज का निर्माण करें। इसी क्रम में आज नशा मुक्त अभियान के तहत स्टेट कॉर्डिनेटर्स की टीम एवं जिले की टास्क फोर्स टीम के साथ उपायुक्त ने बैठक की। बैठक में कई आयामों पर चर्चा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग द्वारा भेजे गए गाइडलाइन का अनुपालन करने का निर्देश दिया । उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा की 22 फरवरी से पूर्व सभी बिंदुओं पर कार्य किया जाए। उपायुक्त ने सभी विद्यालय, कॉलेजों, आंगनवाड़ी केंद्रों एवं भीड़ भाड़ वाले इलाकों में लगातार जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। जिसके लिए जिला शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग को आपस में समन्वय स्थापित करके कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस दौरान उक्त विषय के संबंध में 2022 -23 के लिए संयुक्त कार्य योजना तैयार किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। उत्पाद अधीक्षक को सभी दवा दुकानों में सीसीटीवी कैमरा का अधिष्ठापन करने का निर्देश दिया गया तथा बाल संरक्षण इकाई की टीम को सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से नियमित रूप से जांच करते रहने का निर्देश दिया गया ताकि पता चले कि यदि कोई युवा नशीले या प्रतिबंधित दवाओं को खरीद रहा है या नहीं। उपायुक्त ने झोला छाप डॉक्टरों एवं झाड़ फूंक करने वालो को चिन्हित करते हुए उनपर कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि अधिकतर पाया जाता है कि ऐसे डॉक्टर्स एवं झाड़ फूंक करने वाले दवा के नाम पर अफीम या अन्य नशीले पदार्थों को मरीजों को देते हैं। जिससे कुछ समय तक तो दर्द से राहत मिलती है और वो मरीज उस अफीम को दवा समझकर लगातार उसका सेवन करना शुरू कर देता है। इन सभी बिंदुओं को समझते हुए संबंधित अधिकारी नियमित जांच अभियान चलाएं। साथ ही उपायुक्त ने आम जनों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी बीमारी के लिए अच्छे एवं नामी डॉक्टर्स को दिखा कर ही अपना इलाज करवाएं न की झोला छाप डॉक्टर व झाड़ फूंक वालों से इलाज करवाएं, यह खतरनाक हो सकता है, अपनी सुरक्षा का दायित्व ले एवं जागरूक नागरिक बने। विद्यालयों, कॉलेजों में बच्चों की काउंसलिंग करने एवं उन्हें नशे से होने वाले नुकसान से एनिमेटेड वीडियो एवं अन्य माध्यमों से अवगत करवाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बैठक में प्राप्त अधिकारी एवं कर्मियों द्वारा दिए गए सलाहों को लेते हुए एक बेहतरीन एवं कुछ प्रभावी कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से सिविल सर्जन, एसीएमओ, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, उत्पाद पदाधिकारी, नशा मुक्त अभियान के राज्य समन्वयक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## दूसरे दिन भी शत-प्रतिशत बंद रहे खाद्यान प्रतिष्ठान



बंद को सफल बनाने निकले चैंबर के लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** खद्यान व्यापार के अनिश्चितकालीन बंद के दूसरे दिन भी जिला के नगर क्षेत्र के साथ साथ सभी प्रखंड भी स्वतःस्फूर्त बंद रहा। इस बंद को व्यापारियों का अपार समर्थन मिल रहा है। वहीं इस अनिश्चितकालीन बंद ने व्यापारियों की एकजुटता को दशार्या है। व्यापारियों के द्वारा यह शपथ लेना कि जबतक कृषि कानून वापस नहीं, प्रतिष्ठान नहीं खोलेंगे। इनकी त्याग और दृढ़निश्चयी होने का अटूट प्रमाण है।

वही कृषि मंत्री बादल पत्रलेख द्वारा यह भ्रामक बयान देना कि केंद्र सरकार का आदेश का पालन मात्र के कारण कृषि उपज विधेयक लाना पड़ा, बिल्कुल आम जनता व व्यापारियों को बरगलाने वाली बयान है।

## लोहरदगा डीसी ने की समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते उपायुक्त।

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला में शुरू हो चुकी कुछ प्रमुख योजनाओं की समीक्षा समाहरणालय सभाकक्ष में की गई। इस बैठक में दोना पत्तल उत्पादन केंद्र में विद्युत कनेक्शन के लिए आवश्यक कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया गया। औद्योगिक सिलाई केंद्र किस्को में जेएसएलपीएस की महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा किये जा रहे उत्पादन संबंधी समीक्षा कर भविष्य की कार्ययोजना बनाये जाने का निदेश उप विकास आयुक्त, लोहरदगा को दिया गया। बांस हस्तशिल्प उद्योग केंद्र में उत्पादन प्रारंभ कराने हेतु आवश्यक निदेश डीपीएम, जेएसएलपीएस को दिये गये। कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, लोहरदगा के संबंद्धता हेतु आवश्यक निर्देश जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी को दिये गये। साथ ही, निदेश दिया गया कि सभी प्रखण्डों में भी कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र प्रारंभ किये जाएं ताकि उस प्रखण्ड के छात्र-छात्राओं को सुविधा मिल सके। ब्राम्बे, रांची स्थित आईएचएम में होटल मैनेजमेंट अंतर्गत चयनित कोर्स में नये सत्र के विद्यार्थियों के चयन हेतु रजिस्ट्रेशन संबंधी प्रक्रिया प्रारंभ कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश जिला योजना पदाधिकारी को दिया गया। सीएनसी ऑपरेटर व तकनीशियन के प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों को मोबिलाइज करने का निर्देश दिया गया। जिला में सेन्हा और पेशरार प्रखण्ड में ब्रिकेटिंग प्लांट स्थापित किये जाने हेतु उपयुक्त स्थल का चयन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर पूर्ण किये जाने का निर्देश जिला सहकारिता पदाधिकारी को दिया गया। साथ ही तिसिया स्थित ब्रिकेटिंग प्लांट से संबंधित आवश्यक निर्देश दिये।

## लोहरदगा में फर्जी नोटिस जारी कर भयादोहन में जुटा वनरक्षी

**लोहरदगा।** जिले में वन विभाग के अजब गजब कारनामों से आम लोग हैरान परेशान है। एक और जहां वन विभाग जंगल बचाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है वही दूसरी और आम लोगो को फर्जी तरीके से नोटिस देकर भयादोहन करने में महारत हासिल कर रहा है। ताजा मामला विभाग के एक बनरक्षी द्वारा फोरस्टर बनकर लोगो को अपने हस्ताक्षर से फर्जी नोटिस जारी कर लोगो से पैसा ऐंठने का मामला सामने आया है।यही नहीं जिस पत्रांक से ये नोटिस भेजी गई है उस पत्रांक से न्यायिक पदाधिकारी लोहरदगा को वनपाल द्वारा चिट्ठी भेजी गई है। सवाल उठता है आखिर किसके सह पर बनरक्षी अपने को अधिकारी के रूप में पेश कर लोगो को भयादोहन का कार्य लगातार किए जा रहे है। इधर अब तक भयादोहन से परेशान कुछ लोगो ने थाना में आवेदन देकर वनरक्षी नंद किशोर के खिलाफ करवाई की भी मांग की है। इधर इस मामले का खुलासा होने के बाद वन विभाग के अधिकारी इस मामले की लीपापोती में जुट गए है। इस बारे में जब डीएफओ अरविंद कुमार से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मुझे इस मामले की जानकारी नहीं है अगर वनपाल छुट्टी पर हो तो वनरक्षि उनके जगह हस्ताक्षर कर सकता है।

## खेल को करियर के रूप में लें बच्चे : निदेशक

### वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न




हैंडबॉल प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों के साथ स्कूल के निदेशक व शिक्षक।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** सांता पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता गुरुवार को संपन्न हो गया। अंतिम दिन गुरुवार को विद्यालय में बच्चों के लिए कई प्रतिस्पार्द्धा आयोजित की गई। जिसमें हैंड बॉल में गाँधी दल 4 - 2 से बिजयी रही। वहीं फ्रॉग जम्प में माया कुमारी फर्स्ट, सचिता कुमारी द्वितीय व प्रियंका उरांव तृतीय, खो-खो प्रतियोगिता में नेहरू दल प्रथम, गाँधी दल द्वितीय, फुटबॉल में गाँधी दल प्रथम व तिलक दल दूसरे स्थान पर रहा। वहीं प्रतियोगिता के सुई धागा रेस में प्रीति कुमारी, अर्पिता कुमारी, सोनल कुमारी, गोला फेंक में एनीम अभिजय एक्का, विनीत असुर, अभिषेक उरांव, स्पून रेस में साक्षी कुमारी, माया कुमारी, स्पून रेस बॉयज ग्रुप में आदित्य कुमार, श्याम कुमार, मैथ रेस में शिवाजीत कुमार साहू, परी कुमारी, संतोष साहू क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। सभी बिजयी प्रतिभागियो को 21 फरवरी 23 को स्कूल द्वारा सम्मानित किया जायेगा। मौके पर स्कूल के निदेशक हेमंत कुमार ने कहा कि खेल को बच्चे कैरियर के रूप में लें। जिसे उनका शारीरिक व मनसिक विकास हो सके। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर बच्चों को 6 ग्रुप में बांटा गया था। इन्हीं ग्रुप के बीच सभी प्रकार के प्रतियोगिता हुई। सांता पब्लिक स्कूल में सत्र 2023-2024 फ्री एडमिशन शुरू हो गई है। स्कूल शिक्षा दान महादान के तर्ज पर कार्य कर रही है। खेल को सफल बनाने में नोर्बेर्ट बेक, जसिंता बेक , हिमा कुमारी, अंकिता कुमारी, वीणा देवी, अनुरंजना कुमारी, कंचन कुमारी आदि सहित बच्चे टीचर्स आदि ने अहम भूमिका निभायी।

### सुबह 9 से रात के 8 बजे तक मरीजों को मिलेगी निःशुल्क दवा

## सदर अस्पताल में मरीजों को 24 घंटे उपलब्ध करायी जायेगी दवा : डॉ. अनुपम किशोर

### मरीजों की परेशानी को देखते हुए की गयी है व्यवस्था




गुमला सदर अस्पताल भवन।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला में अब सुबह 9 बजे से लेकर रात के 8 बजे तक मरीजों को निःशुल्क दवा मुहैया करायी जाएगी। यह आदेश सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर अनुपम किशोर ने जारी किया है। जिसके तहत रोस्टर वार कर्मियों की नियुक्ति भी दवा वितरण केंद्र में किया गया है। अस्पताल प्रबंधन के इस प्रयास से सदर अस्पताल में इलाजरत गरीब मरीजों को अब जीवन रक्षक दवाओं के लिए रात में भटकना नहीं पडेंगा। साथ ही उनके जेब पर पड़ने वाले दवाओं का अतिरिक्त खर्च भी बच पाएगा। यह पहल वास्तव में कई गरीबों को जीवनदान देगी। ज्ञात हो कि पूर्व में सुबह 9 बजे से शाम के पांच बजे तक ही मरीजों को अस्पताल में दवा दिया जाता था। जिसके कारण रात में चिकित्सक द्वारा लिखे जाने वाले दवाओं को मरीजों को बाहर की दुकानों से खरीदने के लिए विवश होना पड़ता था। वहीं रात में अस्पताल के बाहर भी दवा दुकानों के बंद हो जाने से मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अस्पताल उपाधीक्षक अनूपम किशोर ने बताया कि सदर अस्पताल के मरीजों को हो रही परेशानी को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन के द्वारा रात में भी दवा देने की व्यवस्था की गई है। अगर यह कारगर रही तो भविष्य में 24 घंटे मरीजों को अस्पताल प्रबंधन दवा उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करेगी। अस्पताल उपाधीक्षक ने बताया कि रात आठ बजे तक दवा वितरण हेतु कर्मियों की प्रतिनियुक्ति भी की गई है। जिसमें सुबह 9 बजे से पांच बजे तक सुरेंद्र लकड़ा, अनूप कुमार व मनोज कुमार साहू एवं 5 बजे से रात 8 बजे तक भूषण मिंज दवा खाना में रहेंगे।

एक नजर में

## चैंबर की अनिश्चितकालीन हड़ताल के दूसरे दिन भी बंद रहीं दुकानें

**गुमला।** चैंबर ऑफ कामर्स के अनिश्चितकालीन बंद के दूसरे दिन भी व्यापारियों ने अपनी- अपनी दुकानें स्वतः बंद रखकर कृषि उपज एवं पशुधन विपणन विधेयक का जोरदार विरोध किया। वहीं दूसरी ओर चैंबर के पदाधिकारी व व्यापारियों ने गुमला विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री भूषण तिर्की के आवास में जाकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। जिसमें उनसे उपरोक्त विधेयक के विरोध में साथ देते हुए आमजनता व व्यापारियों के हित में उनके द्वारा समर्थन देने की अपील की व इस संबंध में राज्यसरकार से वार्ता करने तथा पत्राचार करने की भी अपील की है। लेकिन विधायक गुमला में उपस्थित नहीं होने के कारण उनके आवास में ज्ञापन देते हुए उनसे फोन पर वार्ता की गयी।

## तिर्रा में नवनिर्मित देवी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा

**गुमला।** गुमला के तिर्रा स्थित नव निर्मित देवी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुरूवार को भव्य कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकाला गया। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व बहनें शामिल हुई। सिलम स्थित नदी से कलश में आचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जल उठाया गया। जल उठाने के बाद जया माता दी, जय अंबे भवानी के जयकारे लगाते हुए महिला कलश लेकर वापस मंदिर परिसर पहुंची। कलश यात्रा से माहौल भक्ति व आस्था में तब्दील हो गई। कलश के जल से प्रतिमाओं का स्नान कराया गया। जिसके बाद आचार्यों ने पूरे विधि विधान से प्रतिमाओं का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न कराया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद महाआरती हुई। तत्पश्चात भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

## अवैध शराब बिक्री के खिलाफ चलाया गया अभियान

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखण्ड मुख्यालय में गुरूवार की अहले सुबह उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा अवैध अंग्रेजी एवं महुआ शराब के खिलाफ छापामारी कीर गई। जिसे पूरे प्रखंड मुख्यालय में हड़कंप मच गया। उत्पाद विभाग की टीम ने चैनपुर के अल्बर्ट एक्का चौक, प्रेमनगर, बुट बारी, ब्लाक मोड़ सहित कई जगहों पर छापामारी कर अवैध अंग्रेजी शराब एवं जावा महुआ को जब्त करते हुए महुआ शराब को मौके पर ही नष्ट कर दिया। वहीं कुछ धंधेबाजों को हिरासत में भी लिया गया। मौके पर उपस्थित उत्पाद विभाग के दरोगा सोनू कुमार ने कहा कि चैनपुर क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री काफी जोरशोर से हो रही है। जिसपर अंकुश लगाने के लिए छापेमारी की जा रही है। छापेमारी में कुछ अंग्रेजी शराब की बोतलें एवं महुआ शराब को जब्त किया गया है। वही कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## फूड लाइसेंस एंड रजिस्ट्रेशन कैंप में 62 लोगों को दिया गया लाइसेंस

**घाघरा।** अनुमंडल पदाधिकारी गुमला के निर्देशानुसार घाघरा प्रखंड के सभागार में एक दिवसीय फूड लाइसेंस एंड रजिस्ट्रेशन कैंप सह जागरूकता कार्यशाला का आयोजन खाद्य सुरक्षा अधिकारी गुमला के द्वारा किया गया। शिविर में करीब 85 की संख्या में खाद्य व्यवसायी भाग लिये। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गुमला के द्वारा सभी खाद्य व्यवसायियों को निर्देश दिया गया कि अपने प्रतिष्ठान में साफ-सफाई रखेंगे। कोई भी मिलावट इत्यादि नहीं करेंगे, व्यवसाय अपना रजिस्ट्रेशन निबंधन निश्चित रूप से कराएंगे। साथ ही खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 के विभिन्न नियम के बारे में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गुमला के द्वारा बताया गया। आज के कैंप जागरूकता कार्यशाला में कुल 85 खाद्य व्यवसायिक ने अपना निबंधन लाइसेंस के लिए आवेदन जमा किया। जिसमें 62 व्यावसायी को शिविर में ही लाइसेंस दिया गया।

## पोषण ट्रैकर में गुमला जिला राज्य में पहुंचा 8वें स्थान पर

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत चल रहे सभी कल्याणकारी योजनाओं की बिंदुवार समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने एक एक कर सभी योजनाओं की अध्ययतन स्थिति की जानकारी लेते हुए उसपर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि पोषण ट्रैकर में गुमला जिला 22 वें रैंक से अब राज्य में 8 वें स्थान पर है। जिसपर उपायुक्त ने अच्छी प्रोग्रेस को देखते हुए उन्होंने और अधिक मेहनत करने का निर्देश दिया।

## बजट से देश का होगा सर्वांगीण विकास : डीके सिन्हा

**लोहरदगा।** जिला भाजपा द्वारा जिला अध्यक्ष मनीर उराँव के अध्यक्षता में बुधवार को अग्रसेन भवन लोहरदगा मे आम बजट पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित की गई। बजट पर चर्चा कार्यक्रम मे मुख्य रूप से राँची के सीए राजकुमार, धर्मेद्र कुमार सिन्हा, सीए प्रदीप कुमार जालूका एवं शहर के गणमान्य, बुद्धिजीवी, किसान, व्यवसायी, समाज के सभी वर्ग के लोगों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर विधिवत रुप से कार्यक्रम प्रारंभ की गई। मौके पर सीए प्रदीप कुमार जालूका ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा 2023-24 का फरवरी माह में जो अमृतकाल का बजट प्रस्तुत किया है यह देश के लिए समावेशी बजट है ।बजट ग्रामीण क्षेत्र का विकास का वजट है, जिससे ग्रामीणों की आय मे भी प्रति व्यक्ति बढ़ोतरी करने वाली वजट है। यह बजट 25 वर्षो का खाका खिचकर बनाया गया बजट हैं, जिसमे 10 हजार करोड़ इन्फरास्ट्रकचर के साथ साथ उद्योग, यातायात का भी विकास होगा। बजट में ग्रामीण आर्गेनिक खेती की बढ़ावा के साथ साथ मोटे अनाज के उत्पादन में बढ़ोतरी कर लोगो की स्वास्थ्य, सेहत को ध्यान मे रखते हुए बजट पारित की गयी है।

## राज्य सरकार को मजबूत बनाने के लिए करें वोट : धीरज साहू

**लोहरदगा।** राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने झारखंड प्रदेश के रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो के पक्ष में गोला प्रखंड के मगनपुर बाजार के समीप आयोजित नुक्कड़ सभा में भाग लिया। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने उपस्थित क्षेत्रवासियों को महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो जी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करवाने के लिए प्रेरित किया, जिससे वो अपने क्षेत्र की समस्याओं को पूरे ताकत के साथ विधानसभा में उठाकर उनका समाधान करवा सके। श्री साहू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार आम लोगो की हितों में कार्य कर रही है। कई योजना का लाभ आम लोगो की दी जा रही है। उन्होंने लोगो से सरकार को और मजबूत बनाने के लिए कांग्रेस को वोट देने की अपील की। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू और युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज भी मौजूद थे।

## पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का दुर्गेश प्रसाद साहू ने किया उद्घाटन

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम स्थित खेल प्रांगण में पाँच दिवसीय स्वर्गीय नन्दलाल प्रसाद साहु मेमोरियल फुटबॉल टूनामेंट आयोजन किया गया। मौके पर खेल प्रतियोगिता के संरक्षक सह मुख्य अतिथि दुर्गेश प्रसाद तथा आयोजन कमिटी के अध्यक्ष जयनाथ साहु,नेसार अहमद तथा प्रखण्ड क्षेत्र के कांग्रेसियों द्वारा स्व साहु के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया।

स्पीड न्यूज

## 100 शैया वाले अस्पताल का शिलान्यास

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड में कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग मद से प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में 100 शैया वाले प्री फेब्रिकेटेड फील्ड अस्पताल कार्य का विधिवत पूजा व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया।

## पठन-पाठन सामग्री का वितरण

**सतगावां (कोडरमा)।** टेहरो पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कलीडीह में संचालित विद्यालय में गुरुवार को सैकड़ों छात्र-छात्राओं के बीच पठन-पाठन सामग्री वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां सचिव अमित वास्के व अध्यक्ष दीपेश कुमार रौशन ने संयुक्त रूप से सैकड़ों छात्र-छात्राओं के बीच पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया।

## उपायुक्त ने दिये समाधान के आश्वासन

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर जन समस्याओं से रूबरू हुए। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये ग्रामीणों ने बारी बारी से अपनी समस्याओं को रखा और आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की।

## जिला नियोजन कार्यालय में भर्ती कैंप का आयोजन

**कोडरमा।** जिला नियोजन कार्यालय में 16 व 17 फरवरी को दो दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया गया है। इस सम्बंध में जिला नियोजन पदाधिकारी इमरान फारूकी ने बताया कैंप में 16 फरवरी को मेसर्स होली फैमिली अस्पताल के द्वारा एक और मेसर्स आरोहन फाइनेंशियल सर्विसेस रांची के द्वारा 11, मेसर्स लीमिर इंटरप्राइजेज अहमदाबाद के द्वारा 26 और महिंद्रा स्किल ट्रेनिंग झुमरीतिलैया के द्वारा 4 अभ्यर्थियों का शार्ट लिस्टेड किया गया।

## तिलैया टाइटंस की टीम ने बॉलीवुड हीरोज गुमो की टीम को हराया

**डोमचांच (कोडरमा)।** युवा शक्ति एक नई सोंच के बैनर तले खेले जा रहे डोमचांच प्रीमियर लीग का चौथा महा-मुकाबला तिलैया टाइटंस और बलीवुड हीरोज गुमो के बीच खेला गया। टस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बलीवुड हीरोज गुमो की टीम ने निर्धारित 183 ओवर में 138 रन पर पूरी टीम ऑल आउट हो गई। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी तिलैया टाइटंस की टीम 173 ओवर में ही 142 रन बनाकर मैच को आसानी से जीत लिया। इनकी टीम की तरफ से बीरमल सिंह 37 रन और मोहित ने 34 रन की शानदार पारी खेली।

## सक्षम सेंटर का उद्घाटन

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पारहो में पारहो आजीविका महिला संकुल संगठन के तहत ढोढाकोला पंचायत में सक्षम सेंटर का उद्घाटन किया गया। सक्षम सेंटर के तहत कई सुविधाएं दी जाती है, जिसमें निर्धन परिवारों को वित्तीय साक्षरता से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करना, सदस्यों का व्यक्तिगत बचत खाता एवं सखी मंडल का बचत खाता सहित ऋण खाता खोलने में कैंप के माध्यम से सहयोग प्रदान करना, बीमा, पेंशन, आयुष्मान कार्ड बनवाने और उनका लाभ दिलाने में सहयोग करना, पशु एवं फसल बीमा करवाने में सहायता प्रदान करना आदि शामिल हैं।

## जिले के जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों व उच्च विद्यालयों को किया जायेगा सुदृढ़

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक की गयी। जिसमे सर्वसम्मति से डीएमएफटी मद से 50 प्रतिशत अनुदान पर सिलाई कटाई की प्रशिक्षण ले रही महिलाओं को सिलाई मशीन उपलब्ध कराने, जिले के सभी उच्च विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण करने, जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों का मरम्मती कार्य करवाने, वन प्रमंडल चेकनाका को सुदृढ़ीकरण करने, डोमचांच व चंदवारा प्रखंड अंतर्गत खनन क्षेत्र में मनरेगा दर पर पौधा क्रय कर ग्रामीणों को उपलब्ध कराने, आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल बनाने को लेकर निर्णय लिया गया।

### लूटे गये पिकअप वाहन के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, एसपी ने दी जानकारी

# वाहन लूट व गाड़ी मालिक की हत्या मामले का पुलिस ने किया खुलासा

### हत्या में प्रयुक्त पत्थर और मृतक के मोबाइल को भी पुलिस ने किया बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** पुलिस ने वाहन मालिक की हत्या कर पिकअप वाहन लूटने के मामले का उद्‌भेदन करते हुए लूट के वाहन के साथ पुलिस ने हत्याकांड में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बजरंग नगर कोडरमा दीपेश सलूजा पिता स्व जगदीश सलूजा और सहार जोरी थाना चंदनकियारी जिला बोकारो निवासी उत्तम कुमार तिवारी के नाम शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक एयर गन, लुटा हुआ बेलोरो पिकअप वाहन, लूट में प्रयुक्त स्कूटी, पत्थर व मृतक के मोबाइल को बरामद किया है। उक्त जानकारी गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसपी कुमार गौरव ने देते हुए बताया कि बीते 11 फरवरी को चंदवारा थाना क्षेत्र अंतगर्त जवाहर घाट के समीप एनएच के किनारे एक शव बरामद हुआ था। जिसकी पहचान झुमरीतिलैया के सोनू पण्डित के रूप में हुई थी, बाद में मृतक के परिजनों ने चंदवारा थाना में अज्ञात के खिलाफ हत्या करने का मामला कांड संख्या 12/2023 में दर्ज किया गया था। एसपी ने बताया कि एनएच के किनारे हत्या कर वाहन लूट लेना पुलिस के लिए चुनौती थी, जिसके बाद पुलिस ने इसे गम्भीरता से लेते हुए कांड के अनुसंधान को लेकर माइका निरीक्षक अजय कुमार सिंह और चंदवारा थाना प्रभारी नितेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम



गठित की गई और अनुसंधान शुरू किया गया। छानबीन के क्रम में पता चला हत्याकांड में शामिल आरोपियों का बोकारो के चंदनकियारी थाना क्षेत्र के सहार जोरी में छिपे होने की सूचना मिली, जिसके बाद छापामारी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं एसपी ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपियों ने अपने स्वीकारोक्ति ब्यान में घटना में संलिप्त होने की बात कही। एसपी ने हत्याकांड की जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपियों ने बीते 10 फरवरी को सोनू पण्डित का बेलोरो पिकअप जेएच12पी/8143 को घंघरी जाने की बात कह कर बुक किये थे और अपनी स्कूटी जेएच12जे6780 को उसी वाहन में लोड कर जवाहर घाट पहुंचते ही दोनों आरोपियों ने शराब पिया और वाहन चालक की चाकू और पत्थर से हत्या कर पिकअप वैन और मृतक का मोबाइल लेकर फरार हो गए। एसपी ने बताया कि दीपेश सलूजा करीब 5-6 वर्ष पूर्व कोडरमा के बजरंग नगर में रहता था, बाद में वह उत्तम कुमार तिवारी के सम्पर्क में आया और चंदनकियारी के सहार जोरी में रह कर चोरी की गाड़ी का खरीद बिक्री का काम दोनों करते थे। पहली बार दोनों ने हत्या कर वाहन लूटने के कार्य को अंजाम दिया। मौके पर पुलिस निरीक्षक अजय कुमार सिंह, चंदवारा थाना प्रभारी नितेश कुमार आदि मौजूद थे।

# रक्तदान शिविर का आयोजन

### मरीजों के बीच किया गया फल वितरण



मंत्री का जन्मदिन मनाते लोग व इनसेट में रक्तदान करते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के जन्मदिन के मौके पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। तत्पश्चात मरीजों के बीच फल एवं ब्रेड का वितरण किया। इससे पूर्व मंत्री श्री ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जन्मदिन मनाया। झामुमो कार्यकर्ताओं ने नौ यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, महिला मोर्चा मुख्य संयोजक रेखा चौबे, मेराल महिला मोर्चा अध्यक्ष अराधना सिंह, महिला मोर्चा जिला सचिव चंदा देवी, विवेक सिंह, विकास राणा, मयंक दिवेदी, भोला केशरी व अमरेश झा का नाम शामिल है। लोगों ने केक काटकर मंत्री श्री ठाकुर के लंबी उम्र की कामना किया।

### राजकीय इटखोरी महोत्सव के लिए गठित कोषांगों की हुई समीक्षा

# समय पूर्व सभी कोषांग अपने कार्यों को करें पूर्ण : पवन कुमार मंडल

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** डीसी अबू इमरान के निर्देश पर ऐसी पवन कुमार मंडल ने गुरुवार अपने दफ्तर में राजकीय इटखोरी महोत्सव के लिए गठित कोषांगों की प्रगति का जायजा लिया। समीक्षा के उपरांत उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि समय पूर्व सभी कार्य करें पूर्ण। राजकीय इटखोरी महोत्सव की तैयारी के लिए डीसी की अध्यक्षता में 4 फरवरी 2023 ई को 15 कोषांगों का गठन किया गया था। जिसमें सूचना एंव प्रसारण कोषांग, टीआईबी कोषांग, वित्तीय प्रबंधन कोषांग, आमंत्रण समिति सह वितरण कोषांग, निविदा कोषांग, सांस्कृतिक कार्यक्रम कोषांग, विधि व्यवस्था कोषांग, वीआईपी कोषांग, मेडिकल हेल्थ कोषांग, साफ सफाई



एंव रंग रोगन कोषांग, पार्किंग कोषांग, गेस्ट हाउस नियंत्री कोषांग, भोजन एंव अल्पाहार कोषांग, पेयजल एंव स्वच्छता कोषांग और विधुत कोषांग शामिल है। माँ भद्रकाली मंदिर के प्रांगण में आयोजित 19, 20 और 21 फरवरी को राजकीय महोत्सव मनाया जाएगा। तीन धर्मों के संगम माँ भद्रकाली प्रांगण में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या उपस्थित होंगे।प्रशासन एंव पुलिस के शांतिपूर्ण एंव सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्यक्रमों का निष्पादन कराना एक बड़ी चुनौती होगी। आस्था की इस नगरी में आने वाले तीन धर्मों के श्रद्धालुओं के अनुकूल वातावरण बनाए रखने की आवश्यकता है। उद्‌घाटन समारोह में के बाद सबसे अधिक भीड़ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में होती है।इस दौरान कार्यक्रम स्थल के लिए निर्धारित प्रवेश द्वार पर महिलाओं एंव पुरुषों की बड़ी संख्या आती रही है। उस समय व्यवस्थित रूप से सांस्कृतिक स्थल के लिए श्रद्धालुओं को प्रवेश कराना प्रशासन और पुलिस के लिए बड़ी चुनौती होगी। इस दौरानअसामाजिक तत्वों पर भी पैनी नजर रखने की आवश्यकता है।

# राजकीय इटखोरी महोत्सव में दिखेगा तीन धर्मों का संगम

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** सनातन धमार्लंबियों की मां भद्रकाली, भगवान बुद्ध के शरणस्थली और जैन धर्मावलंबियों के दशवें तीर्थंकर स्वामी शीतलानाथ जी का जन्म स्थल इटखोरी में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव की तैयारियां तेजी से की जा रही है। इटखोरी महोत्सव में इस वर्ष भी तीन धर्मों के महत्व की अनोखी झलक दिखेंगी। तीन धर्मों का संगम स्थल पर इस वर्ष इटखोरी महोत्सव का 9 वर्ष है। कोरोना के 2 वर्ष बाद जिले में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का आयोजन किया जाना है। 19 से 21 फरवरी तक आयोजित होने वाले राजकीय इटखोरी महोत्सव का शुभारंभ

**रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की होगी प्रस्तुति**

प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा तैयारियों को तेजी से अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजन स्थल की साफ-सफाई और परिसर को नया स्वरूप देने के लिए काम तेजी से चल रहा है। डीसी अबू इमरान स्वयं इटखोरी महोत्सव को भव्य स्वरूप में आयोजित कराने की तैयारियों में लगे हुए हैं। महोत्सव आरंभ होने से पहले लगातार वे अधिकारियों को निर्देश जारी कर रहे हैं।

**सीएम हेमंत सोरेन करेंगे महोत्सव का शुभारंभ:** 19 फरवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। तीन दिवसीय कार्यक्रम के विशेष आकर्षण रात के समय ख्याति प्राप्त कलाकारों की संगीतमय जुगलबंदी है। कार्यक्रम में मुख्यतः प्रसिद्ध संगीतकार शब्बीर कुमार, पूजा चटर्जी, मैथिली ठाकुर, रोहन देव पाठक व अन्य शाम छह से दस बजे तक प्रस्तुतियां देंगे। वहीं स्थानीय कलाकारों की सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

# दूसरे दिन भी बंद रहीं दुकानें




खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** कृषि उपज एवं पशुधन विपणन विधेयक के विरोध में गुरुवार को भी शहर सहित आसपास के कस्बों में खाद्यान्न व्यावासायी, कृषि उपज, वन उपज से संबंधित व्यवसायियों ने अपनी दुकानें बंद रखकर सरकार के प्रति नाराजगी जतायी। बुधवार से व्यावासियों का विधेयक के विरोध में अनिश्चितकालिन दुकानें बंद प्रारंभ किया गया। व्यापारियों ने अपनी एकजुटता का परिचय देते हुए बाजार समिति के विरोध चट्टानी एकता का परिचय दिया और चतरा जिला के सभी फल, सब्जी, अंडा, मुर्गी, किराना गला खाद्य सामग्री जनरल स्टोर आदि दुकानें बंद रही। सभी व्यापारियों ने अग्रवाल धर्मशाला में एकजुट होकर शाम में काले झंडे लेकर सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए पूरा शहर में भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि जब तक बाजार समिति वापस नहीं होगी तब तक हम अपनी अपनी दुकानें बंद रखेंगे।

# डकैती में शामिल चार अपराधी धराये

### लूटे गये पैसे का जमीन में करते थे निवेश



खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** जयनगर सहित नवलशाही, सरिया व बगोदर थाने में दर्ज लूटपाट व डकैती के मामले का उद्‌भेदन करते हुए पुलिस ने गिरोह के मुख्य सरगना सहित चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अपराधियों के पास से तीन छोटा मोबाईल, एक बिना नंबर का टीवीएस कंपनी का मोटरसाईकिल व 8 हजार रूपए बरामद किए गए है। पकड़े गए अपराधियों में गैंग लीडर सुदेश पासवान उर्फ बाबू पासवान उर्फ बाबू राम शिवसागर डोमचांच निवासी के अलावा नसीम अंसारी ग्राम समसिहरिया थाना डोमचांच, विक्की साव उर्फ मधु गुप्ता केश्वारी रोड सरिया गिरिडीह निवासी व मोनू वर्मा साकिन बेलाटांड, थाना बेंगाबाद गिरिडीह के नाम शामिल हैं। पुलिस निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने बताया कि गैंगघ लीडर सुदेश पासवान उर्फ बाबूघ पासवान उर्फ बाबू राम पर कोडरमा थाना कांड संख्या 222/05, 218/12, नवलशाही थाना कांड संख्या 12/23 दर्ज है। वहीं नसीम अंसारी पर डोमचांच थाना कांड संख्या 28/08, कोडरमा थाना कांड संख्या 94/22, लावालौंग थाना कांड संख्या 21/16, विक्की साव उर्फ मधु गुप्ता पर हजारीबाग सदर थाना कांड संख्या 39/15, मोनू वर्मा पर बेंगाबाद थाना में मामला दर्ज है।

# 15 अगस्त तक ग्राम पंचायत स्तर पर कैंप का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** वित्त मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले के सभी 189 ग्राम पंचायतों में 16 फरवरी से 15 अगस्त तक जिले के सभी बैंक शाखाओं की ओर से कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी अग्रणी बैंक प्रबंधक इंदु भूषण लाल ने दी। उन्होंने बताया कि उक्त कैम्प में जन धन खाते, सामान्य बचत खाते, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना सहित मुद्रा लोन, केसीसी लोन, स्टैंड अप इंडिया लोन से संबंधित आवेदन भी लिए जायेगे। इस संबंध में पंचायतवार तिथि का निर्धारण किया जा चुका है। अग्रणी बैंक प्रबंधक ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड कृषि कार्य के लिए बैंको से केसीसी के माध्यम से किसानों को ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इसके लिए ग्रामीणों का खाता बैंक में होना जरुरी है। मुद्रा लोन इसमें बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वरोजगार के लिए बिना किसी गारंटर के 10 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही वैसे लाभुक जो पूर्व से रोजगार कर रहे है उसे बढ़ाने के लिए भी मुद्रा लोन दिया जाता है। प्रधानमंत्री जन धन खाता कि सभी योजनाओं का



अग्रणी बैंक प्रबंधक इंदु भूषण लाल

संचालन बैंक खातों के माध्यम से की जाती है। ग्रामीणों के बचत को बढ़ाने के मकसद से योग्य व्यक्ति का एक बैंक खाता होना अत्यंत आवश्यक है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत इस योजना के अंतर्गत 18 वर्ष से 70 वर्ष के व्यक्ति जिनकी दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु हो जाती है उनके परिवार के नामित व्यक्ति को एक मुश्त दो लाख की राशि अथवा पूर्ण या आंशिक विकलांगता पर लाभार्थी को क्रमशः दो लाख या एक लाख की राशि देने का प्रावधान है जिसके लिए दावा करना होता है।

इसके लिए लाभार्थी का बैंक खाता होना अनिवार्य है और इसके लिए प्रतिवर्ष 20 रुपये की प्रीमियम राशि बैंक खाते के माध्यम से जमा करनी होती है। प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत इस योजना के अंतर्गत 18 वर्ष से 50 वर्ष के व्यक्ति जिनकी किसी भी कारण से मृत्यु हो जाती है उनके परिवार के नामित व्यक्ति को एक मुश्त दो लाख की राशि देने का प्रावधान है जिसके लिए दावा करना होता है। इसके लिए लाभार्थी का बैंक खाता होना अनिवार्य है और इसके लिए प्रतिवर्ष 436 रुपये की प्रीमियम राशि बैंक खाते के माध्यम से जमा करनी होती है। अग्रणी बैंक प्रबंधक ने जिले वासियो से अपील करते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर होने वाले इन कैम्पों में ज्यादा से ज्यादा लोग विभिन्न योजनाओं में एनरोलमेंट कराकर लाभ उठाएं।

## एक नजर में

## यातायात नियमों के प्रति छात्रों को किया जागरूक

**इटखोरी (चतरा)।** यातायात जागरूकता को लेकर इटखोरी पुलिस की ओर से थाना क्षेत्र के पितीज के दिल्ली पब्लिक स्कूल पितीज(गुल्ली) में छात्रा-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया । इसी मौके पर मुख्य रूप से इटखोरी थाना प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा, एसआई बंटी यादव, प्रधानाध्यापक उनिकृष्णन मुख्य रूप से उपस्थित थे। छात्र-छात्राओं को थाना प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा है कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन नही चलाने को कहा। उन्होंने छात्राओं को बताया कि हमें कभी भी दोपहिया वाहन चलाते समय बिना हेलमेंट के सफर नहीं करना चाहिए तथा साथ ही ट्रिपल राइडिंग नही करनी चाहिए। चारपहिया वाहन चलाते समय फोन का बिल्कुल भी उपयोग नही करना चाहिए, सीट बेल्ट पहन कर गाड़ी चलानी चाहिए।

## जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**चतरा।** समाहरणालय के सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार पुलिस अधिक्षक राकेश रंजन एवं उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा अवैध उत्खनन के रोकथाम हेतु जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम जिले में खनिजों के अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण को लेकर पूर्व कि बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन प्रगति प्रतिवेदन की बारी बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की हुई बैठक

**चतरा।** विश्व हिंदू परिषद टंडवा प्रखंड की बैठक गुरुवार को टंडवा सूर्य मंदिर चुनुरु धाम में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री सुधीर कुमार उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता तारकेश्वर गुप्ता तथा संचालन नकुल राम ने की। बैठक की शुरूआत प्रखंड के मंत्री ने ओंकार, एकात्मता स्त्रोत से की. बैठक का उद्देश्य विहिप, बजरंग दल धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान को सफल बनाना तथा प्रखंड टोली का पूर्ण विस्तार करना था।

## अंचलाधिकारी ने की पत्थर माइंस की भूमि की मापी

**मझिआंव।** बरडीहा अंचल क्षेत्र के जीत पहाड़ी में मां मुंडेश्वरी इंटरप्राइजेज के द्वारा जमीनी सतह से मानक से आिक पत्थर माइंस की खुदाई दैनिक समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता के द्वारा जांच की गई। जांच के दौरान पत्थर माइंस की क्षेत्रफल भूमि की मापी की गई। साथ ही माइंस की गहराई की भी मापी की गई। इसके पश्चात मांइस मापी प्रतिवेदन जिले के वरीय पदाधिकारी के पास सौंपी गई।

## जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने को लेकर बैठक

**भवनाथपुर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को जिला सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी चन्ददेव पासवान ने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने को लेकर प्रखंड के पंचायत सचिव के साथ बैठक की। बैठक में सभी पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया कि जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए आफिस का चक्कर लगाना नहीं पड़े। इसलिए सभी पंचायत सचिव को 21 दिन के अंदर संबंधित परिवार को जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कराना है।

## मिशन दल ने योजनाओं का किया निरीक्षण

**कोडरमा।** राज्य ग्रामीण विकास अनुसमर्थन मिशन 2023 के तहत गठित दल संख्या 8 के द्वारा जयनगर व मरकच्चो प्रखंड में मनरेगा के तहत क्रियान्वित योजनाओं का निरीक्षण और अनुश्रवण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जयनगर प्रखण्ड के नईटांड पंचायत में मनरेगा के तहत क्रियान्वित योजनाएं पार्क, कूप निर्माण, आम बागवानी, मुख्यमंत्री पशुधन अंतगर्त शेड निर्माण के अलावे अन्य विभागों से संचालित योजनाओं का निरीक्षण किया। साथ ही योजनाओं के बाबत ग्रामीणों से भी पूछताछ किया।

## सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य हुए सम्मानित

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** प्रांतीय प्राचार्य सम्मेलन गिरिडीह में कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरीतिलैया के नाम कई पुरस्कार आए, जिन्हें प्राचार्य साहु ने ग्रहण किया। सर्वप्रथम विद्यालय परिसर के लिए खुशी का केन्द्र प्राचार्य ही बने, क्योंकि उन्हें अंग वस्त्र देकर आदर्श प्रधानाचार्य के रूप में सम्मानित किया गया। पश्चात प्रतिभा चयन एवं प्रतिभा खोज में चयनित होने वाले भैया दुर्गेश वैभव, बहन नंदनी कुमारी व सुधांशु कुमार की राशि स्वीकार की। वहीं निबंध प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाली बहन अनुष्का सिंह रही, तो चित्रकला में बहन प्रिया कुमारी ने चौथा स्थान प्राप्त किया। वंदना सभा में इन सभी विजित भैया बहनों को उनको उपहार दिया गया।

## 28वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मना

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बाघमारा में संचालित आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय में गुरुवार को 28वां वार्षिक महोत्सव मनाया गया। जिसका सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी व विधायक अमित कुमार यादव ने विधिवत दीप प्रज्वलित एवं फीता काट संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। वहीं विद्यालय के बच्चों के द्वारा स्वगत गीत के साथ शुभारंभ किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया संघ अध्यक्ष गणपत यादव एवं संचालन शिक्षक पिंटू पाण्डे ने किया। वहीं अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां तथा खेलकूद विद्यार्थी के व्यक्तित्व विकास एवं भावी सफलता के लिए अति सहयोगी होता है।

# 86वें उर्स पर कव्वाली का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** पाक हजरत बाबा अब्दुर्रहीम रहीम शाह रहमतुल्लाह अलैह का 86वां सालाना उर्स के मौके पर 15 फरवरी की रात्रि शानदार कव्वाली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्‌घाटन ककरचोली पंचायत के मुखिया सह प्रमुख प्रतिनिधि राजकुमार यादव ने फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि आज कव्वाली का परंपरा धीरे-धीरे समाप्त होते जा रहा है, परंतु जयनगर के नवयुवकों ने इस कार्यक्रम का आयोजन कर फिर से इस परंपरा को जीवंत करने का प्रयास किया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नेता खालिद खलील ने दोनों कव्वाल को मोमेंटो एवं खादिम आबिद हुसैन सहित कई अतिथियों को शॉल देकर सम्मानित किया। वहीं उन्होंने कहा कि जयनगर सही मायनों में जयनगर है, यहां गंगा जमुनी की तहजीब देखने को मिलती है। वहीं कार्यक्रम का संचालन युवा समाजसेवी अरमान खान ने किया। इस दौरान फहीम गुलाम वारिस कव्वाल, (यूपी) और जुबेर सुल्तानी कव्वाल के बीच शानदार कव्वाली का आयोजन हुआ, जिसे हजारों श्रोताओं ने रात भर लुत्फ उठाया। वहीं इससे पूर्व दरगाह शरीफ पर कई समितियों ने चादर पोशी कर हिंदू मुस्लिम एकता की मिशाल कायम की। कार्यक्रम में जिप अध्यक्ष रामधन यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खान, थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा, कौशर खान, राजू सिंह, हुजैफा आलम, मुश्ताक खान, इरफान अंसारी, पवन सिंह, डॉ. जावेद, नौशाद आलम, सुरेंद्र भाई मोदी, सलीम खान, नसीम खान, फैजुल्ला खान, इरफान खान, एजाज खान, तस्सवर खान इकरार खान, इकराम खान, महेश साव आदि मौजुद थे।

## स्पीड न्यूज

### एसडीपीओ ने बालूमाथ थाने में पदाधिकारियों के साथ की बैठक


बैठक में मौजूद पुलिस पदाधिकारी।

**बालूमाथ।** बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार ने गुरुवार को बालूमाथ थाना में कार्यरत सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। बैठक में थाना में लंबित कांड,वारंट,कुर्की आदि पर चर्चा हुई। उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को एसडीपीओ ने बालूमाथ थाना में सभी सभी लंबित कांडों का निष्पादन जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं जितने भी वारंटी है उनकी जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की बात कही। इसके अलावा अपराध कर्मी के विरुद्ध कुर्की जब्ती हेतु न्यायालय के आदेश बालूमाथ थाना में प्राप्त हुए हैं। उन लोगों के घर की कुर्की जब्ती सुनिश्चित समय अवधि के दौरान करने की बात कही। मौके पर बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद,सब इंस्पेक्टर धीरज कुमार, सुरेश मरांडी, धीरज कुमार, नीतीश कुमार, मो. कसमुद्दीन एएसआई संजय चौधरी, केके शर्मा सहित कई लोग पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

### अनुमंडल स्तरीय वनाधिकार समिति की हुई बैठक

**महुआडांड़।** अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक की गई। जिसमें गारू अंचल अंतर्गत लाटु कुजरूम गांव से संबंधित वन पट्टा पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। लंबित वन अधिकार दावा प्रस्ताव एवं पूर्व से प्राप्त दावा प्रस्ताव की भी समीक्षा की गई। मौके पर गारू, महुआडांड़, बारेसांढ रेंजर अंचल कार्यालय से सीआई कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बीडीओ की अध्यक्षता में बैठक कर्मचारी व जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

**महुआडांड़।** प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मनरेगा प्रधानमंत्री आवास, अंबेडकर आवास, बिरसा आवास, 15वें वित्त समेत अन्य प्रकार की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा जो भी आवास पूर्ण हो गए हैं उसे जियो टैग करने एवं जो अपूर्ण है उसे जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा से संबंधित जो भी योजनाएं चल रही है सभी को सुचारू रूप से करने का निर्देश दिया गया। साथ ही साथ 15वें वित्त की राशि जहां पर खर्च नहीं किया गया है उसे खर्च करने का भी निर्देश दिया गया। मौके पर सभी पंचायत के पंचायत सचिव, मुखिया, कनीय अभियंता, रोजगार सेवक समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### महाशिवरात्रि पर किया जायेगा झांकी व भंडारा कार्यक्रम

**चंदवा।** महाशिव रात्रि के मौके पर हिन्दू उत्सव समिति के द्वारा गायत्री मंदिर के समीप महा भंडारा व शिव पार्वती की झांकी कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुये समिति के विकाश मित्तल ने बताया कि झांकी व भंडारा को लेकर तैयारी पुरी कर ली गयी है। इस वर्ष का झांकी आकर्षण का केन्द्र होगा। इन्होने झांकी व भंडारा कार्यक्रम में लोगो से शामिल होने की अपील की है।

### सचिवालय में लगा जनता दरबार


जनता दरवार में मौजूद ग्रामीण।

**बेतला।** लातेहार जिला उपायुक्त महोदय के निर्देश के आलोक में प्रत्येक पंचायत में सप्ताह में 2 दिन जनता दरबार का आयोजन करना है,इसी के आलोक में बरवाडीह प्रखंड के बेतला पंचायत सचिवालय में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें मौजूद पंचायत के मुखिया मंजू देवी उप मुखिया बसंती देवी, पंचायत सचिव सर्वेश सिंह, रोजगार सेवक ताहिर अंसारी, समेत पंचायत के सभी वार्ड सदस्य एव कई ग्रामीण मौजूद थे। ऐसे में पंचायत के लोगों को पंचायत में ही सभी लोगों के उपस्थित रहने से अपने कागजी प्रक्रिया पूर्ण करने में काफी सहूलियत हो रही है इस कार्य से पंचायत में विकास कार्य को गति देने में कारगर साबित हो रहा है मौके पर उमेश रजक आवास मित्र, अख्तर अंसारी पूर्व मुखिया संजय सिंह, वार्ड सदस्य जमुना सिंह, संजय सिंह समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### माता साबरी पूजा मनाने को लेकर बैठक, कमिटी गठित


बैठक में मौजूद ग्रामीण।

**बारियातू।** प्रखंड के डाढा पंचायत अंतर्गत ढूब साबरी पूजा स्थल मे अखिल भारतीय भुइयाँ समाज कल्याण समिति प्रखंड अध्यक्ष लाखो भुइयाँ के अध्यक्षता मे साबरी पूजा मनाने को लेकर बैठक सम्पन्न हुई.बैठक मे अध्यक्षता कर रहे लाखो भुइयां ने उपस्थित सभी महिला पुरुषों को बातया की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष 24 फरवरी को साबरी पूजा मनाया जाना है . शांति व्यवस्था बनाकर पूजा मनाने के लिए अध्यक्ष सुकनी देवी सहयोगी बिजय भुइयाँ, उपाध्यक्ष रूबी देवी, मुकेश भुइयाँ, सचिव सिता देवी सहयोगी गणेश भुइयाँ, कोषाध्यक्ष सबिता देवी सहयोगी मुन्द्रिका भुइयाँ को सर्व सम्मती से बनाया गया . मौके पर लछु भुइयां, सूरज भुइयाँ, गुलटन भुइयां, गीता देवी सरोज देवी सहित काफी संख्या मे भुइयाँ समाज के महिला पुरुष मौजूद थे।

# शौच के लिए बाहर निकली महिला को हाथी ने कुचला, मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के जबरा ग्राम निवासी बबिता देवी (26) वर्षीय को हांथी ने कुचल दिया जिससे इलाज के लिए रांची ले जाने के क्रम मे रास्ते मे ही मौत हो गई। आसपास के ग्रामीणों ने बताया की राकेश प्रजापति के पत्नी बबिता गुरुवार अहले सुबह घर से सटे टमाटर खेत मे शौच के लिए गई थी, जैसे ही शौच करने बैठी पीछे से बिछड़ा हुआ अकेला हांथी ने महिला को सूंड से पकड़ कर पटक-पटक कर अधमरा कर दिया साथ ही हाथी द्वारा कुचल दिया गया, जिससे महिला की पेट फट गया। ग्रामीणों ने अनान-फनान मे इलाज के लिए सीएचसी बालूमाथ ले गए जहां नाजुक स्थित देखकर चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स रांची ले जाने के क्रम मे ही रास्ते मे मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग से आनंद चौधरी, विजय शंकर शर्मा, अभय भगत, संतोष उरांव व धनंजय उरांव पहुँच कर घटना की जायजा लिया साथ ही बताया की मृतक के परिजनों को तत्काल सहायता राशि


घटना की जानकारी लेती वन विभाग की टीम।

पचीस हजार दिया जायेगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद प्रक्रिया के तहत तीन लाख पचहतर हजार दी जाएगी। अचनाक इस तरह का हुए हादसा के बाद मृतक के पुत्री सेजल कुमारी चार वर्षीय व एन्जल कुमारी ढाई बर्षीय दोनो बच्चे बिलख-बिलख कर रो रहे थे। वहीं ससुर महेश प्रजापति सहित परिवार के अन्य सदस्यों को रोते रोते बुरा हाल हो गया था. आसपास मे भी मातम पसरा हुआ था। इधर आजसू केंद्रीय सचिव जितेंद्र कुमार सिंह जीवन ने वन विभाग की कर्मी सहित अन्य जन प्रतिनिधियों को फटकार लगाते हुए कहा की अखबार व सोशल मिडिया मे एक सप्ताह पूर्व विश्रामपुर मे हाथी द्वारा घर तोड़ फोड़ किए जाने के बाद मैंने विभाग को आगाह किया था। की आम जनो को मरने का इंतजार नहीं करें. बिछड़ा हुआ हांथी को हटाने के लिए वन विभाग सहित विधायक से भी मांग किया था परंतु उक्त विषय को सभी ने हल्का मे लिया। शायद मेरे बात को विभाग गंभीरता से लेती तो दो बच्चे अन्नाथ नहीं होते और आज इस तरह का घटना देखने को नहीं मिलता। ग्रामीणों ने वन विभाग से अविलम्ब क्षेत्र से हाथी को हटाने की मांग की है अन्यथा सड़क जाम करने का भी चेतावनी दे दी है। वन विभाग के कर्मी आनंद चौधरी ने बताया की तुरंत बंगाल की टीम नहीं आ सकती है लेकिन ग्रामीणों के सहयोग से हाथी को हटाया जायेगा।

### नामुदाग में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने एकदिवसीय प्रशिक्षण का किया आयोजन

# कुपोषण दूर करने में गाय का दूध महत्वपूर्ण : सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित नामुदाग के पंचायत सचिवालय में दिन गुरुवार को जिला गव्य विकास कार्यालय लातेहार के निदेर्शानुसार कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के द्वारा पंचायत स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व गव्य तकनीकी पदाधिकारी अरविंद कुमार सिन्हा ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लोगों को गाय पालन,बकरी पालन,मुर्गी पालन, हरा चरा, गोबर के लाभ,कृषि समेत इत्यादि से संबंधित प्रशिक्षण दी गई। वहीं कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते


जानकारी देते पदाधिकारी।

हुए अरविंद कुमार सिन्हा ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य गांव के लोगों को मुख्यमंत्री पशुधन योजना कार्यक्रम के तहत लाभ उठाने के प्रति जागरूक करना है ताकि लोगों की आय में वृद्धि हो सके और मजदूरों का बाहर पलायन भी ना हो, इसके साथ ही लोगों को कुपोषण जैसी समस्याओं से भी बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना को कैसे लागू किया जाए और अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ कैसे उठा सकेंगे इस बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि गाय के पालन से दूध की कभी कमी नहीं होगी। कुपोषण जैसी बीमारियों से बचाने के लिए लोगों के जीवन में दूध बहुत महत्वपूर्ण होती है। वहीं मुर्गी पालन से लोगों को अंडा एवं मांस मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि बकरी पालन से भी बहुत से फायदे हैं, इसके साथ ही ग्रामीणों को हरा चारा और गाय के गोबर के क्या-क्या फायदे हैं इसकी जानकारी भी दी जा रही है। मौके पर पशुपालन पदाधिकारी डॉ हरेंद्र भगत, गव्य तकनीकी पदाधिकारी अरविंद कुमार सिन्हा, पूर्व उप प्रमुख उमेश प्रसाद यादव, बालकेशव यादव, योगेश्वर तुरी, सुनीता देवी, राजदेव राम, नागेंद्र यादव, नीरज कुमार, सुगमन यादव, प्रदीप यादव,अमित कुमार, कृष्णा यादव, राज कमल सिंह, समेत कई लोग उपस्थित थे।

### चंदवा सीएचसी में टीबी मरीजों के बीच हुआ पोषण टोकरी का वितरण


कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**चंदवा।** सीएचसी चंदवा में जिला टीवी पदाधिकारी डॉ. शोभना टोप्पो और एमओआईसी डॉ. एनके पांडेय के द्वारा टीवी रोगियों को पोषण टोकरी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बता दें कि प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निक्षय मित्र सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सीएसआर अंतर्गत टीवी रोगियों के लिए अतिरिक्त पोषण आहार का वितरण आने वाले 6 महीना, सिनी संस्था द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा हैं। डॉक्टरों ने बताया कि टीवी मरीजों को दवाई के साथ-साथ पोषक आहार का भी आवश्यकता होती है। इस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सीनी, सीसीएल के सहयोग से टीवी मरीजों के लिए अतिरिक्त पोषाहार सुनिश्चित कर रही है। उद्घाटन समारोह के दौरान जिला टीवी पदाधिकारी टीवी मरीजों का पोषण की आवश्यकता को विस्तार से बताते हुए सटीक अवधि तक दवा लेना सुनिश्चित करने के बारे में बताएं। उद्घाटन समारोह में सीएचसी चंदवा से सुक्रिता टोप्पो, सीताराम कुमार, सुमित कुमार, विकास रंजन, प्रवीण कुमार उर्फ भोला एसटीएलएस राजा महतो, सिनि संस्था से रेहान, सिमोन और सहिया शामिल थे।

### वन शक्ति मंदिर में वैद्यनाथ राम ने किया भंडारे का उद्घाटन

# समाज को एकता के सूत्र में बांधता है ऐसा आयोजन : बैद्यनाथ राम

एजेंसी

**चंदवा।** एनएच-75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के रूद-मूर्तिया स्थित वन शक्ति मंदिर परिसर में गुरूवार को मेसर्स चिंतापूर्णी इंटरप्राइजेज लातेहार द्वारा सातवां वार्षिक विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम व विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझु, लातेहार जिपस विनोद उरांव, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, समाजसेवी सुशील अग्रवाल व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण कर किया। इस मौके


भंडारे का उद्घाटन करते विधायक व अन्य।

पर लोगों को संबोधित करते हुए विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकसूत्र में बांधने का काम करता है साथ ही समाज में भेदभाव को समाप्त करती है। हमसभी को इसमें बढ़-चढ़कर भागीदारी निभानी चाहिए। इधर उद्घाटन के उपरांत आसपास के ग्रामीण इलाकों के सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए व भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इसके पूर्व मंदिर के पुजारी जितेंद्र पाठक के द्वारा विधिवत पूजन कराया गया तत्पश्चात नौ कन्याओं व ब्राह्मणों को भोग लगाया गया। मौके पर मैसर्स चिंतापूर्णी इंटरप्राइजेज के लक्ष्मी प्रसाद, सुरेंद्र सिंह, युवा नेता अंकित पाण्डेय, पंकज तिवारी, मोती सोनी, राजकुमार साहू, मो सरफराज, कन्हाई पासवान,दीपक कुमार, अरविंद कुमार, अशोक यादव, चंदन कुमार, मनीष दास, नीरज पांडेय समेत हजारों भक्त मौजूद थे।

### महायज्ञ से मनुष्य के कल्याण का मार्ग होता है प्रशस्त : राकेश मिश्रा



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत मुख्य बाजार स्थित पंचमुखी शिव मंदिर के प्रांगण में गणेश शक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ विद्वान पंडितो द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ किया जा चुका है। तीन दिवसीय महायज्ञ के पहले दिन गुरुवार को कलश स्थापना के लिए सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने जलभरी को ले कलश यात्रा निकाली। गाजे बाजे के साथ पूरे मोहल्ले का भ्रमण कर जय श्रीराम और हर हर महादेव के जयघोष करते हुए सैकड़ों की संख्या में कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु पंचमुखी शिव मंदिर से चलकर छठ नदी पहुंचे। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलभरी की गई। जिसके उपरांत कलश धारी महिलाओं ने पुनः भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंच कलश को स्थापित किया। कलश यात्रा के समय ईश्वर से प्रार्थना की गई की प्रखण्ड क्षेत्र के साथ-साथ राज्य और देश दुनिया में कोई विघ्न बाधा न आए।

### कृषि और पशुधन शुल्क लगाये जाने के विरोध में निकाली गया कैंडल मार्च

**बालूमाथ।** झारखंड सरकार द्वारा कृषि उपज और पशुधन विपनन शुल्क 2% लागू किए जाने के विरोध में बुधवार देर शाम बालूमाथ व्यवसाई संघ के तत्वाधान में कैंडल मार्च निकाली गई। यह कैंडल मार्च बालूमाथ बाजार से प्रारंभ होकर महावीर मंदिर चौक, थाना चौक, चेक नाका, मुरपा मोड होते हुए गुजरी। इस कैंडल मार्च के दौरान शामिल व्यवसाईयो ने कहा कि सरकार द्वारा 2% कर लगाए जाने से महंगाई और भ्रष्टाचार बढ़ेगी। जिसका हम सभी विरोध करते हैं और जब तक राज सरकार द्वारा 2% तक बढ़ाए गए कर को नहीं हटाया जा सकता, तब तक हम लोग शांति पूर्वक चरणबद्ध आंदोलन जारी रखेंगे। बता दे कि 2% टैक्स के विरोध में बालूमाथ के व्यवसाईयो ने बुधवार को किराना आढत आदि के अपनी-अपनी सभी प्रतिष्ठान बंद रखें थे। जिस कारण ग्रामीण क्षेत्रों से आए ग्राहकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। कैंडल मार्च को लेकर बालूमाथ के व्यवसाई मोहम्मद रिजवान संतोष कुमार गुड्डू गुप्ता अरुण कुमार गुप्ता मोहम्मद शफीक पूरणमल प्रसाद प्रमोद प्रसाद मोहम्मद परवेज मोहम्मद इरशाद मुकेश प्रसाद नारायण प्रजापति विक्की श्रीवास्तव संजय कुमार मोहम्मद सादिक अर्जुन कुमार संजय केसरी रवि चौरसिया अनिल कुमार अखिलेश पासवान समेंत कई व्यवसाई शामिल थे।

### पुलिस पिकेट की जल्द हो स्थापना : प्रतुल


सुनीता देवी के श्राद्धकर्म में शामिल होने मासियातु पहुंचे प्रतुल शाहदेव।

**लातेहार।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मासियातु की रहने वाली प्रमोद प्रसाद की पत्नी स्व सुनीता देवी के श्राद्धकर्म में गुरुवार पहुँचे भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने उनके परिजनों को ढाढ़स बांधा। ग्रामीणों से संग वार्ता के बाद प्रतुल ने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि मासियातु काफी संवेदनशील इलाका है। सुनिता देवी हत्याकांड के बाद से गांव व आसपास के इलाकों में भय का वातावरण अब भी बना हुआ। उन्होंने लातेहार एसपी से मांग की है कि इस गांव में जल्द से जल्द पुलिस पिकेट की स्थापना करें,ताकि यहाँ के लोग भयमुक्त वातावरण में रह सके। प्रतुल ने सुनीता के परिजनों को आश्वस्त कराया है कि उनको न्याय दिलाने के लिए डीजीपी से भी मिलना होगा तो मिलकर इस संबंध में चर्चा करूंगा। मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में हो इसकी मांग करूंगा। मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिवरात्रि महोत्सव

# परमात्मा का अवतरण पाप और भ्रष्टाचार के नाश के लिए होता है : विधायक

एजेंसी

**लातेहार।** जिला मुख्यालय अंतर्गत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय धर्मपुर सेवा केंद्र में गुरुवार को शिवरात्रि महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक बैद्यनाथ राम उपस्थित हुए। जहां संस्था की संचालिका बीके गुड़िया ने शिवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर शिव का ध्वज फहराया गया एवं दीप प्रज्वलित किया गया। जहां विधायक बैधनाथ राम ने महाशिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि परमात्मा का अवतरण पाप और भ्रष्टाचार के नाश के लिए होता है। अभी संसार में पाप, अशांति बढ़ती जा रही है। ऐसे समय पर भगवान अपने



शिवरात्रि महोत्सव के दौरान मौजूद विधायक, उनकी पत्नी व अन्य।

वायदे के अनुसार इस संसार में अवतरित हो चुके हैं। हम सबको सेवा भाव के साथ लोगों की सेवा करनी चाहिए क्यों की ईश्वर अद्दश्य है पर सब कुछ देख रहा है। उन्होंने ईश्वरीय विश्वविद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था ने इसी प्रतिवर्ष ऐसे धार्मिक आयोजन कर एक अनूठी मिशाल पेश की है। वहीं बीके गुड़िया ने बताया कि संस्था शिव शक्ति, शिव भक्ति, शिव का परिचय, महाशिवरात्रि पर्व की महत्ता पर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में मंच का संचालन बीके चंद्रेश भाई ने किया। वहीं कार्यक्रम के अंत में संस्था के सदस्यों ने सभी आगुंतुको का आभार व्यक्त किया। मौके पर समाजसेवी सीमा राय, राजधानी यादव, नगर उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा, बीके आशा, बीके गुड़िया, प्रीति, रंजू माता, रामशिला माता, रूबी माता, सुनीता माता, चंद्रेश, अजय, योगेंद्र, बद्री, राघव, निरंजन, अमित और नारायण समेत कई लोग मौजूद थे।

### पोस्ते की खेती नष्ट


अफीम की खेती को नष्ट करती पुलिस।

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत बाराखार मे थाना प्रभारी मुकेश चौधरी की नेतृत्व मे छः एकड़ मे लगे अवैध पोस्ता खेती को पुलिस द्वारा नस्ट कर दिया। जानकारी देते हुए थानेदार चौधरी ने बताया की बाराखार जंगल व नदी किनारे अवैध पोस्ता खेती होने की गुप्त सुचना मिली थी। टीम गठन कर ट्रेक्टर व एस्प्रे के माध्यम से पोस्ता खेती को नस्ट किया गया है। वहीं बताया की पोस्ता खेती करने वाले व्यक्ति को चिन्हित किया जा रहा है। जल्द कार्रवाई की जाएगी। पोस्ता खेती मे बढ़ावा देने वाले को भी बख्शा नहीं जायेगा। प्रखंड क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा की जो भी अवैध पोस्ता खेती किए हैं वे स्वयं नस्ट कर ले अन्यथा प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। अभियान मे मुख्य रूप से पुअनि बिन्देश्वर महतो, रवि कुमार, दीपक नारायण सिंह, सुरेश मरांडी सहित कई पुलिस बल के जवान मुस्तैद दिखे।

## एक नजर में

### विधायक ने किया विद्यालय का निरीक्षण


निर्देश देते विधायक व अन्य।

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा आवासीय विद्यालय का विधायक बैजनाथ राम ने औचक निरीक्षण किया। वार्डन रहे गायब विद्यालय की बच्चीयों से विधायक ने घंटो बात चीत किया, इस दौरान स्कूल में बहुत से कमिया पायी गयी। विधायक ने बताया कि आवासीय विद्यालय में बच्चियों के खाने का टेबल नहीं है, कोई भी रूम में पंखा, बच्चियों के पढ़ने के लिए बेंच डेस्क की सुविधा नहीं है साथ हीं खेल सामग्री व ड्रेस कमी है। मीनू के अनुसार में भी भोजन में भी थोड़ी कम मिलती है एवं ड्रेस में भी दुपटा नही दिया गया है। नहाने के लिए महीने में मात्र एक बार ही एक एक साबुन एक सौ एमएल का तेल मिलती है नहाने एवं कपड़े धोने का साथ मे दो सौ ग्राम का सर्फ एवं दस शेम्पू हीं मिलता है। अगर किसी बच्चियों को तबियत खराब हो गया तो इसके लिए भी कोई बेवस्था स्कूल में नही है। विधायक वैद्यनाथ राम ने बच्चियों को भरोसा देते हुये कहा कि आगामी मार्च माह तक सब कुछ ठीक हो जायेगा। इस दौरान वार्डन ने भी मुलाकात कर समस्याओं को जाना। वार्डन ने बताया कि विद्यालय में कंप्यूटर टीचर्स नही है, इसलिए वो क्लास नही होती है। मौके पर प्रमुख पार्वती देवी, जिला परिषद सदस्य, चंचला देवी, थाना प्रभारी शुभम कुमार, कैलाश मंडल, बिससूत्री अध्यक्ष, संदीप प्रसाद, बीरेंद्र दुबे, हरि साव समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

### व्यवसासियों ने विधायक के आवास का किया घेराव


विधायक को ज्ञापन सौंपते चेंबर ऑफ कॉमर्स के लोग।

➲ विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा, वे व्यवसायियों के साथ हैं, मुख्यमंत्री से की है बात

**लातेहार।** झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन (संवर्धन और सुविधा) विधेयक 2022 के विरोध में लातेहार चैंबर ऑफ कॉमर्स ने 16 फरवरी को स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम के आवास का घेराव किया। लातेहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल की अगुवाई में व्यवसासियों ने विधायक आवास घेराव के बाद विधायक को एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने झारखंड सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी की। विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि वे व्यवसायियों के साथ हैं। इस बिल को वापस करने की मांग वे मुख्यमंत्री से कर चुके हैं। 14 फरवरी को खतियानी जोहार यात्रा के दौरान उन्होंने मंच से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस बिल पर पुर्नविचार करने एवं दो प्रतिशत टैक्स की वसूली नहीं करने की मांग की थी। उन्होंने व्यवसायियों की मांगों को एक बार फिर सीएम तक पहुंचाने की बात कही। मौके पर प्रमोद प्रसाद साहु, गजेंद्र प्रसाद, विनोद प्रकाश मल्लान, राज बलम प्रसाद, निर्दोष प्रसाद गुप्ता, विशाल चंद्र साहु, राजन प्रसाद, अनूप कुमार, विष्णु प्रसाद गुप्ता, महेंद्र प्रसाद, अरविंद कुमार, अर्जुन प्रसाद, हेमंत प्रसाद, प्रदीप प्रसाद, आशीष प्रसाद, चंदन प्रसाद व उज्जवल साहु आदि उपस्थित थे। इससे पहले व्यवसायियों ने बुधवार की शाम शहर में कैंडल मार्च निकाल कर इस बिल का विरोध किया और इसे वापस लेने की मांग की।

### किसान अपने खेतों में जैविक खाद से खेती करें मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी : बलवंत सिंह



➲ झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी किसानों को खेती करने में कर रही है सहयोग, किसानों के चेहरे पर है खुशी

**मनिका।** मनिका प्रखंड के जुंगुर पंचायत अंतर्गत स्थित औराटांड़ गांव में दिन गुरुवार को झारखंड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाइटी (जेटीडीएस) लातेहार के द्वारा एससीए एवं टीएसएस स्कीम के अंतर्गत 25 लाभुकों को जैविक खाद तैयार करने के लिए वर्मी बेड का वितरण किया गया। वहीं वितरण करने का कार्य मनिका पश्चिमी जिला परिषद बलवंत सिंह एवं जुंगुर पंचायत के मुखिया देवेंद्र कुमार कुजूर के द्वारा किया गया। वहीं जानकारी देते हुए जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह के द्वारा बताया गया कि जेटीडीएस का यह पहल काफी अच्छा है क्योंकि रसायनिक खाद का प्रयोग काफी तेजी से किया जा रहा है जिससे मिट्टी का उर्वरता शक्ति दिन प्रतिदिन घटती जा रही है और लोग अनेकों बीमारी से ग्रस्त होते जा रहे है। इसलिए गांव के किसान अपने अपने खेतों में जैविक खाद से खेती करे जैविक खाद का उपयोग करने से मिट्टी का उर्वरता शक्ति को बढ़ाया जा सकता है तथा जैविक खाद से प्राप्त फसलों से शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि बाजार स्तर में जैविक खाद से उपज सब्जियों की काफी मांग है अधिक से अधिक दामों में बेचा जा सकता है। मौके पर जेटीडीएस लातेहार जिला के डीपीएम लखींद्र नाथ महतो, एफएओ नवनीत कुमार, पीएमयू विजयभूषण एक्का, मुखिया,देवेंद्र कुजूर, झामुमो युवा नेता सागर यादव, रवि कुमार, गोपाल सिंह, हरिहर सिंह, उषा देवी,विनोद कुमार,श्यामसुंदर उरॉव,समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### नाराज डीलरों ने विधायक को सौंपा मांगपत्र


विधायक को मांगपत्र सौंपते डीलर संघ के सदस्य।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं ने लंबित भाड़ा ढुलाई और बकाए कमीशन की मांग को लेकर गुरुवार को डीलर संघ के अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद के नेतृत्व में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह से मुलाकात कर उन्हें मांग पत्र सौंपा है। डीलरों की समस्याओं से विधायक को अवगत कराते हुए ज्वाला प्रसाद ने बताया कि हम सभी विक्रेताओं का 2021/22 का माह नवम्बर से माह मार्च तक का कमीशन बकाया है। इसके अलावा जनवरी 2022 से मार्च तक का कमीशन भाड़ा ढुलाई बकाया है। जिससे हमारे परिवार के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। भुगतान नहीं होने से हम सभी को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डीलर संघ के द्वारा कई बार शिकायत करने के बावजूद विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने विधायक रामचंद्र सिंह शीघ्र बकाया कमीशन और ढुलाई भाड़ा का भुगतान कराने के लिए आवश्यक पहल करने की गुहार लगाई हैं। वहीं मांग पत्र सौंपने के दौरान डीलर संघ के शिव कुमार जयसवाल, एकबाल सिंह, मुरारी लाल, अशोक राम, कमला देवी, बिगनी देवी, प्रमिला देवी, बबलु प्रसाद, नेजाम खान, मुनेश्वर प्रसाद साहू, अशोक कुमार सिंह, बिरेंद्र प्रसाद, मनता देवी, नागेश्वर राम, यमुना सिंह, मनोज सिंह, दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह सहित कई डीलर उपस्थित थे।




# क्रिकेट के पुजारी पुजारा का दिल्ली टेस्ट में होगा खास शतक

## कभी सोचा नहीं था कि मैं... दिल्ली टेस्ट से पहले पुजारा ने दिया बड़ा बयान

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच शुक्रवार (17 फरवरी) से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। दोनों टीमें दिल्ली पहुंच गई हैं और अगले मैच के लिए तैयारियां पूरी कर ली है। इस बीच भारतीय खेमे से एक बड़ी खबर सामने आई है। शादियों के सीजन कारण दिल्ली के पांच सितारा होटल पहले से ही बुक हैं और इस वजह से भारतीय टीम को दूसरे टेस्ट से पहले अपना होटल शिफ्ट करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 6 साल बाद टेस्ट मैच खेला जाएगा। पिछला मैच दिसंबर 2017 में खेला गया था। भारत ने नागपुर में पहला टेस्ट मैच एक पारी और 132 रन से जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय क्रिकेट टीम आमतौर पर दिल्ली में ताज पैलेस या आईटीसी मौर्या में ठहरती थी, लेकिन इस बार वे कड़कड़डूमा के होटल लीला में ठहरे हुए हैं। सूत्र ने बताया, इस बार टीम एक अलग होटल में ठहरी है जो दिल्ली के दूसरे हिस्से में है। होटल कड़कड़डूमा में है, क्योंकि हमें आईटीसी मौर्य या ताज में ठहरने के लिए नहीं मिला। जी20 और शादी के सीजन के कारण ऐसा हुआ। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली भी टीम के साथ नहीं रह रहे थे। कोहली ने गुरुग्राम में अपने घर पर कुछ दिनों के लिए अपने परिवार के साथ समय बिताने का फैसला किया।

- खिलाड़ियों को नहीं मिला होटल रूम
- दिल्ली में तय है टीम इंडिया की जीत
- भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट शुक्रवार से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में सुबह 9:30 बजे से खेला जाएगा।

- स्टार्क और ग्रीन को अंतिम एकादश में शामिल करने पर संशय में ऑस्ट्रेलिया
- भारत-ऑस्ट्रेलिया दूसरा टेस्ट आज से, अय्यर भी फिट
- पुजारा 100वां टेस्ट खेलेंगे 100 टेस्ट खेलने वाले 13वें भारतीय खिलाड़ी बनेंगे

### अद्भुत अविश्वसनीय अकल्पनीय... पुजारा के अनोखे शतक पर राहुल द्रविड़ ने यूं की तारीफ

भारतीय टीम की चट्टान के नाम से मशहूर चेतेश्वर पुजारा के लिए खास होने वाला है। दरअसल, पुजारा दिल्ली में अपने करियर का 100वां टेस्ट खेलने वाले हैं। ऐसे में खिलाड़ी के तौर पर जुझारूपन और लंबे करियर के लिए अपनी पहचान बनाने वाले राहुल द्रविड़ ने चेतेश्वर पुजारा की तारीफ करते हुए कहा कि इसके लिए कौशल के साथ समर्पण की भी जरूरत होती है। पुजारा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दिल्ली में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट मैच के दौरान 100 टेस्ट मैच के आंकड़े को छुएंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 13 साल बिताने वाले पुजारा के नाम 7000 से ज्यादा रन और 19 शतक दर्ज हैं। हां, आपको प्रतिभा की जरूरत है लेकिन आपको बहुत सी अन्य चीजों की जरूरत है। यह आपकी खेली की लंबी उम्र और कई अन्य चीजों का प्रतिबिंब है। यह आपकी फिटनेस, आपके जुझारूपन के साथ सफलता और असफलता को संभालने की क्षमता को दर्शाता है। जब कोई खिलाड़ी लगभग डेढ़ दशक तक शीर्ष स्तर पर होता है, तो उसे मैदान के अंदर और बाहर बहुत सारे सवालों का सामना करना पड़ता है। द्रविड़ को लगता है कि राजकोट के पुजारा ने ऐसी परिस्थितियों को आत्मविश्वास के साथ संभाला है। द्रविड़ ने कहा, जब आप 100 मैच खेलते हैं तो ऐसा नहीं हो सकता कि आपने उतार-चढ़ाव न देखा हो। आपको बाधाओं को पार करना होता है और जब आप अलग तरह की गेंदबाजी का सामना करते हैं तो दर्द को सहन करने की आवश्यकता होती है। मैदान के अंदर और बाहर आपको विभिन्न प्रकार के सवालों का जवाब देना होता है।

**दोनो टीमें इस प्रकार है**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल/केएल राहुल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, रवींद्र जडेजा, केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया :** पैट कमिंस (कप्तान), डेविड वॉर्नर, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रेविस हेड, पीटर हैंड्सकम्ब, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और टॉड मर्फी।



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच कल यानी 17 फरवरी से दूसरा टेस्ट दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाना है। यह मैच टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा के लिए बेहद खास होने वाला है। क्योंकि यह उनके करियर का 100वां टेस्ट होगा। अपने 100वें टेस्ट मैच को लेकर पुजारा ने एक पुजारा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जिसमें उन्होंने कई बातों का जिक्र किया है। चेतेश्वर पुजारा ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि जब मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया तो, कभी नहीं सोचा था कि मैं 100वां टेस्ट भी खेलूंगा, मैं वर्तमान में जीता हूं हां कई उतार-चढ़ाव से गुजरना पड़ता हैं, लेकिन मेरा ध्यान अपने प्रदर्शन पर है।

**मैने ताकत के साथ रहना सीखा**

चेतेश्वर पुजारा ने आगे अपने बयान में कहा कि ह्ये चुनौतीपूर्ण है एक खिलाड़ी के रूप में आपको अपनी ताकत और कमजोरियां को जानने की जरूरत है। पिछले कुछ सालों में मैंने ताकत के साथ रहना सीखा है, मैंने अपने क्रिकेट में कुछ शॉट साइड किए हैं लेकिन सीखना अहम है।

**अभी बहुत कुछ हासिल करना बाकी : पुजारा**

चेतेश्वर पुजारा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये भी कहा कि ह्र100वां टेस्ट खेलना मेरे और मेरे परिवार के लिए बहुत अहम है। इसमें मेरे पिता का अहम रोल है, वो कल यहां होंगे। मैं अपने परिवार का शुक्रगुजार हूं, जो उन्होंने मुझे हमेशा सहयोग किया, लेकिन अभी भी बहुत कुछ हासिल करना बाकी है।

### अय्यर ने दिन भर अभ्यास किया

श्रेयस अय्यर फिट हो चुके हैं और टीम से भी जुड़ गए हैं। उन्होंने बुधवार को दिन भर प्रैक्टिस की। ऐसे में नागपुर में डेब्यू मैच खेलने वाले सूर्यकुमार यादव को बाहर बैठना पड़ सकता है। इसके अलावा टीम मैनेजमेंट आउट ऑफ फार्म चल रहे केएल राहुल की जगह शुभमन गिल को ओपनिंग का मौका दे सकती है। नेट प्रैक्टिस के दौरान राहुल द्रविड़ गिल की बैटिंग को ध्यान से देखते नजर आए। कंगारू खेमे की बात करें तो तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क टीम से जुड़ गए हैं। वे दिल्ली टेस्ट में खेल सकते हैं। वहीं, टीम के मिडिल ऑर्डर बैटर ट्रेविस हेड ने भी बहुत देर तक बैटिंग प्रैक्टिस की। ऐसे में नागपुर टेस्ट के फ्लॉप बैटर मैट रेन्शॉ की जगह हेड को मौका मिल सकता है। ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन भी बॉलिंग करते नजर आए। ऐसे में वह भी टीम में शामिल किए जा सकते हैं। लेकिन, उन्हें शामिल करने के लिए किसे बैठाया जाएगा, यह अब तक साफ नहीं हो सका है।

## सौराष्ट्र ने फाइनल में कसा शिकंजा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रणजी ट्रॉफी 2022-23 का फाइनल मैच सौराष्ट्र और बंगाल के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर खेला जा रहा है। ऐसा माना जा रहा था कि बंगाल को अपने घर में फाइनल मैच खेलने का फायदा मिलेगा, लेकिन फिलहाल सौराष्ट्र ने मैच पर पकड़ काफी मजबूत बना रखी है। सौराष्ट्र ने बंगाल को पहली पारी में महज 174 रनों पर समेट दिया। जवाब में सौराष्ट्र ने फाइनल के पहले दिन दो विकेट पर 81 रन बना लिए हैं। स्टंप के समय हार्विक देसाई (38) और नाइटवॉचमैन चेतन सकारिया (2) क्रीज पर हैं। सौराष्ट्र की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही और आकाश दीप ने सलामी बल्लेबाज जे गोहिल को महज छह रनों पर आउट कर दिया, लेकिन इसके बाद हार्विक देसाई और विश्वराजसिंह जडेजा ने मिलकर पारी को संभाला, लेकिन जडेजा 25 के निजी स्कोर पर आउट होकर पवेलियन लौट गए।कप्तान जयदेव उनादकट और चेतन सकारिया ने तीन-तीन विकेट निकाले, जबकि चिराग जानी और धर्मेंद्रसिंह जडेजा ने दो-दो विकेट चटकाए। बंगाल की ओर से शाहबाज ने 69 और अभिषेक पोरेल ने 50 रनों की पारियां खेलीं, लेकिन इन दोनों के अलावा और कोई बल्लेबाज ज्यादा देर क्रीज पर टिक नहीं पाया। बंगाल ने 65 रनों तक ही अपने छह विकेट गंवा दिए। हालांकि इसके बाद शाहबाज और अभिषेक पोरेल ने पारी को संभाला है और स्कोर को 100 रनों के पार पहुंचाया। सौराष्ट्र मे टॉस जीता और बंगाल को पहले बल्लेबाजी का न्योता दे दिया। सौराष्ट्र का यह फैसला बिल्कुल सही साबित हुआ। क्योंकि तीन रन जुड़ने से पहले तो बंगाल के तीन विकेट उखड़ चुके थे।

### कार्लोस ने जीत के साथ की अपने अभियान की शुरुआत



**ब्यूनस आयर्स।** तीन महीने से अधिक समय बाद अपना पहला एटीपी टूर मैच खेल रहे कार्लोस अल्कराज ने अर्जेंटीना ओपन में जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की। अल्कराज ने बुधवार देर रात खेले गये एकल वर्ग के पहले दौर के मुकाबले में लास्लो जेरे को शिकस्त दी। हाल ही में पेट और हैमस्ट्रिंग की चोटों से वापसी करते हुए, अल्कराज ने दो घंटे तक चले मैच में लेस्लो जेरे के खिलाफ 6-2, 4-6, 6-2 से जीत दर्ज की। अल्कराज ने मैच के बाद कहा, फिर से जीतना शानदार अहसास है। बिना किसी प्रतिस्पर्धा के, बिना किसी मैच के, मुझे चोटों से उबरने में काफी समय लग गया। आखिरकार, मुझे 2023 की अपनी पहली जीत मिली। अल्कराज ने कहा,मैं वास्तव में ब्यूनस आयर्स में आकर खुश हूं। मुझे इतनी बड़ी भीड़ और ऐसे माहौल की उम्मीद नहीं थी। मैं ब्यूनस आयर्स में इस पहले मैच में यहां आए सभी प्रशंसकों का गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए धन्यवाद देता हूं। मुझे इस ऊर्जा के साथ टूनामेंट में आगे बढ़ने की उम्मीद है।

### होप वनडे और पॉवेल टी-20 टीम के कप्तान नियुक्त

**सेंट जॉन्स।** शाई होप और रोवमैन पॉवेल को वेस्ट इंडीज के वनडे और टी20 टीमों का कप्तान नियुक्त किया गया है। होप और पॉवेल निकोलस पूरन की जगह लेंगे, जिन्होंने पिछले साल वेस्टइंडीज के टी20 विश्व कप के पहले दौर से बाहर होने के बाद सीमित ओवरों के कप्तान के रूप में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। होप और पॉवेल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 16 मार्च से शुरू होने वाली आगामी वनडे और टी20 सीरीज में वेस्टइंडीज का नेतृत्व करेंगे। होप को 2019 में वेस्टइंडीज की एकदिनी टीम का उप-कप्तान नामित किया गया था और जून 2022 में वह उप-कप्तान की भूमिका में दोबारा लौटे थे। कप्तान नियुक्त किये जाने पर होप ने कहा,वेस्ट इंडीज टीम का कप्तान नियुक्त किया जाना एक जबरदस्त सम्मान और विशेषाधिकार है। ऐसी टीम का नेतृत्व करना जो न केवल मेरे और मेरे साथियों के लिए बल्कि दुनिया भर में हमारे प्रशंसकों के लिए इतना अविश्वसनीय महत्व रखता है।

### पृथ्वी शॉ से हाथापाई करने वाली लड़की गिरफ्तार



**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ और उनके दोस्तों के साथ हुई मारपीट को लेकर बड़ी अपडेट सामने आई है। पुलिस ने क्रिकेटर पृथ्वी शॉ के साथ हाथापाई करने वाली सपना गिल को गिरफ्तार कर लिया है। ब्लॉगर और यूट्यूबर सपना गिल का मेडिकल भी कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गिल को शुक्रवार (17 फरवरी) को कोर्ट में पेश किया जाएगा। वहीं इस मामले में पुलिस अभी और लोगों को गिरफ्तार कर सकती है। इस मामले को लेकर ओशिवारा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई, जिसमें 7 लोगों के खिलाफ शिकायत है। इन लोगों पर ये आरोप है कि उन्होंने शॉ के दोस्त की कार का शीशा तोड़ा और मारपीट की। इस दौरान शॉ कार में मौजूद थे। इसके बाद मामले को दबाने और झूठा केस बनाने की धमकी देते हुए 50 हजार रुपये की भी मांग की। पृथ्वी शॉ और कुछ लोगों के बीच बुधवार (15 फरवरी) को मुंबई के सहारा स्टार होटल में सेल्फी को लेकर कहासुनी हुई थी, जिसके बाद 8 लोगों ने शॉ के दोस्त की कार पर हमला करके गाड़ी का शीशा तोड़ दिया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक क्रिकेटर पृथ्वी शॉ अपने दोस्त आशीष और बृजेश के साथ डिनर के लिए एक होटल में गए थे, जहां कुछ लड़कों और लड़कियों के साथ सेल्फी को लेकर उनका झगड़ा हुआ है।

### उर्वशी रौतेला ने पाक गेंदबाज नसीम शाह को किया B'day विश



**नयी दिल्ली।** भारतीय एक्ट्रेस और मॉडल उर्वशी रौतेला ने पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह को जन्मदिन की बधाई दी है। उर्वशी ने इंस्टाग्राम पर कमेंट के जरिए नसीम को जन्मदिन की बधाई दी और फिर क्या था, सोशल मीडिया पर कुछ ही मिनटों में यह कमेंट वायरल हो गया। नसीम शाह इन दिनों पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में क्वेटा ग्लैडिएटर्स की ओर से खेल रहे हैं। इंस्टाग्राम पर नसीम शाह ने शादाब खान को शादी की बधाई देते हुए पोस्ट डाली थी। इसी पोस्ट पर उर्वशी रौतेला ने नसीम शाह को जन्मदिन की बधाई दी और साथ ही डीएसपी रैंक मिलने की भी बधाई दी। नसीम शाह ने इस पर थैंकयू रिप्लाय किया। पाकिस्तान के इस युवा गेंदबाज ने कुछ टाइम पहले ही कहा था कि वह उर्वशी रौतेला को नहीं जानते हैं। वहीं उर्वशी रौतेला नसीम शाह की काफी तारीफ कर चुकी हैं। उर्वशी रौतेला का नाम टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के साथ भी जुड़ चुका है।

### महिलाओं की विश्व चैंपियन वांग मनु को डब्ल्यूटीटी नामांकन मिला

**गोवा।** ओलंपिक चैंपियन मा लॉन्ग, चेन मेंग और अब मौजूदा महिला विश्व चैंपियन और दुनिया की नंबर तीन वांग मैन्यू की वाइल्डकार्ड एंट्री से आगामी विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) स्टार कंटेंडर गोवा में चीनी चुनौती अब और भी अधिक मजबूत हो गयी है। 27 फरवरी-मार्च 05, 2023 तक गोवा में होने वाले डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर में टेबल टेनिस की शासी विश्व निकाय, इंटरनेशनल टेबल टेनिस फेडरेशन (आईटीटीएफ) की वाणिज्यिक इकाई द्वारा जारी आठ वाइल्डकार्ड और डब्ल्यूटीटी नामांकन की सूची का नेतृत्व मौजूदा विश्व चैंपियन वांग मैन्यू करेंगी।

### बिहार में इंस्पेक्टर और डीएसपी चलाते हैं अपराधियों का सिंडिकेट : पप्पू यादव

**बेगूसराय।** जन अधिकार पार्टी (जाप) के सुप्रीमो पप्पू यादव ने अपराधियों की गोली के शिकार बने भगवानपुर के कमलापथ मुसहरी निवासी अर्जुन सदा एवं कृष्णा ट्रेडर्स बरौनी के मालिक जय कृष्ण लुहारका के परिजनों से गुरुवार की शाम मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दिया। इस दौरान उन्होंने बिहार की कानून व्यवस्था पर जोरदार हमला किया तथा अर्जुन सदा के परिवार को आजीविका के लिए 15 हजार रुपये नगद प्रदान किया। इसके साथ ही उन्होंने मृतक की अविवाहित पुत्रियों की शादी में अपनी ओर से 50-50 हजार रुपये देने की बात कही। उन्होंने हत्या मामले में स्पीडी ट्रायल के तहत आरोपी को सजा दिलाने की मांग प्रशासन से की। बरौनी में पत्रकारों से बात करते हुए पप्पू यादव ने कहा कि सूबे की वर्तमान गिरती सुरक्षा व्यवस्था की मामले किसी से छिपी हुई नहीं है। हत्यारों एवं अपराधियों की संरक्षा समाज करती है।

### इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड की धज्जियां उड़ा दी पहले ही दिन 325 रन पर घोषित की पारी

एजेंसी



**पहले दिन पारी घोषित करने वाली टीम**

1974, पाकिस्तान, इंग्लैंड 130/9

2013, ऑस्ट्रेलिया, भारत, 237/9

2016, साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, 259/9

**माउंट मॉन्गानुई।** जब से ब्रेंडन मैकुलम और बेन स्टोक्स इंग्लैंड के कोच और कप्तान बने हैं, टीम अलग लेवल का क्रिकेट खेल रही है। आक्रामक अंदाज का टेस्ट क्रिकेट खेल रही है। पिछले 10 में से 9 मैच जीते। मीडिया ने इंग्लिश क्रिकेट के इस नए अंदाज को बाजबॉल नाम दिया है। अब इसका कहर न्यूजीलैंड पर गिरा, जब स्टोक्स एंड कंपनी ने अपने पहले टेस्ट की पहली पारी, पहले ही दिन घोषित कर दी। इस दौरान उन्होंने महज 58.2 ओवर में 325 रन कूट दिए।

स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को समझ ही नहीं आ रहा था कि टेस्ट मैच चल रहा है या फिर टी-20 ।बे-ओवल में न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इंग्लैंड ने 9 विकेट के नुकसान पर 325 रन बनाकर पहले दिन ही अपनी पारी घोषित कर दी। उन्होंने केवल 58.2 ओवर में 5.57 रन प्रति ओवर की शानदार रन रेट से ये रन बनाए। डे-नाइट टेस्ट मैच में रोशनी के तहत नई गेंद का इस्तेमाल होना था और इंग्लैंड ने समझदारी से इसका इस्तेमाल करते हुए स्टंप्स तक न्यूजीलैंड के तीन विकेट भी गिरा दिए। न्यूजीलैंड अब इंग्लैंड से 288 रन पीछे है और उसके सात विकेट ही बाकी हैं।

इंग्लैंड के लिए ओपनर बेन डकेट ने 68 गेंद में 84 रन बनाए। तीसरे नंबर पर आए ओली पोप ने 42 रन बनाए। पांचवें क्रम पर उतरे हैरी ब्रूक ने 81 गेंद में 89 रन कूट दिए। न्यूजीलैंड के लिए नील वैगनर ने सर्वाधिक 4 विकेट लिए। टीम साउदी और डेब्यूटेंट स्कॉट कुगलगैन ने दो-दो विकेट चटकाए।

## कैबिनेट विस्तार ! जब इच्छा होगी तब हो जायेगा बार-बार तेजस्वी की ओर ताकते रहे सीएम नीतीश

एजेंसी

**पटना।** समाधान यात्रा के समापन के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में पत्रकारों से बात की। इस दौरान नीतीश कुमार ने साफ कर दिया कि कैबिनेट विस्तार की कोई जल्दी नहीं है। हालांकि इस दौरान उन्होंने ये भी कहा कि जब सबकी इच्छा होगी, तब मंत्रिमंडल का विस्तार हो जाएगा। इस दौरान वे बार-बार अपने डिप्टी तेजस्वी यादव की ओर देख रहे थे। नीतीश कुमार ने कहा कि कैबिनेट में तो कुछ ही जगह खाली है। हमलोग आपस में बात कर लेंगे। जब भी चाहेंगे तो हो जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव को देखते हुए कहा 'कैबिनेट का विस्तार जब इच्छा होगी तब हो जाएगा'। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह भी कहा कि कैबिनेट में अब कुछ ही जगह बची है। बिहार कैबिनेट में जितने पद थे, उन सभी पर लोग हैं। जगह खाली नहीं है। लेकिन जितना पद बना हुआ है, इच्छा होगी तो इस पर भी हो जाएगा।



### समाधान यात्रा बहुत अच्छी रही

बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समाधान यात्रा समाप्त हो चुकी है। बेगूसराय की यात्रा के बाद नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा की समीक्षा बैठक बुलाई। यह बैठक पटना के ज्ञान भवन में हुई। इस बैठक में तमाम अधिकारियों सहित बिहार के सभी विभागों के मंत्रियों ने हिस्सा लिया। साथ ही उन जनप्रतिनिधियों ने भी इस बैठक में हिस्सा लिया, जहां नीतीश कुमार की समाधान यात्रा आयोजित की गई थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बताया कि इस बैठक में तमाम अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जहां कोई कमी रह गई है, उसे पूरा किया जाए। विकास के जो कार्य किए जा रहे हैं, सरकार की ओर से जो योजना चलाई जा रही है, उसमें जो कमियां पाई गई हैं उसे पूरा करने का निर्देश दिया है। नीतीश कुमार ने कहा कि यात्रा बहुत अच्छी रही। हमने कमियों को पूरा करने का निर्देश दिया है।

### अगली यात्रा किसानों के सुधार के लिए

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि अब हमारा अगला लक्ष्य कृषि रोड मैप तैयार करना और बिहार के कृषि व्यवस्था को ठीक करना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए अब अगली यात्रा की जाएगी। इस दौरान नीतीश कुमार ने विपक्ष के कटाक्ष का भी जवाब दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि लगातार विपक्ष समाधान यात्रा पर सवाल उठा रहा है, इस पर मुझे कुछ नहीं कहना है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का नाम 'समाधान यात्रा' इसलिए दिया गया था कि जो कमी रह गई है उसे पूरा किया जाए। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार में कृषि रोड मैप बनाने को लेकर मेरी चौथे चरण की यात्रा होगी। उसके लिए भी हम तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के लिए भी हम गांव-गांव जाएंगे। जगह-जगह जाकर लोगों से मुलाकात करेंगे। किसानों की समस्या के समाधान और उनके सामने आने वाली परेशानी को समझेंगे। किसानों के लिए जो हो सकेगा करें

### आगे की योजनाओं पर काम करने का निर्देश

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हमने बिहार के सभी जिलों का दौरा किया। वहां के लोगों से मुलाकात की। उन लोगों की समस्याओं को सुना। लोगों के बीच जाकर योजनाओं की कमियों का पता चला है। उन्होंने कहा कि इस बैठक में हमने सभी को यह निर्देश दिया है कि कमियों को पूरा कर आगे और क्या किया जाना है, इस पर ध्यान देने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मीटिंग के दौरान हमने हर चीज पर चर्चा की है। निर्देश दिया है कि जो चीज छूट गई है, उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

## नये राज्यपाल अर्लेकर आज लेंगे शपथ

एजेंसी

पटना। बिहार के नये राज्यपाल शुक्रवार को शपथ लेंगे। नये राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर राज्यपाल के रूप में पटना स्थित राजभवन के राजेंद्र मंडप में शपथ लेंगे। यहां शपथ ग्रहण की सारी तैयारियां हो गयी है। पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश नये राज्य पाल को शपथ दिलायेंगे। इस अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, बिहार सरकार के सभी मंत्री और गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगेये।

राज्यपाल के रूप में राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर का राजेंद्र मंडप में शपथ ग्रहण समारोह होगा। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर तैयारी पूरी हो गयी है। मंडल में साज-सज्जा और मेहमानों के स्वागत के लिए अन्य तैयारियां की जा रही है। राजभवन में शुक्रवार को नए राज्यपाल का स्वागत किया जाएगा. शपथ ग्रहण समारोह 12:30 बजे शुरू होगा. वहीं राज्यपाल फागू चौहान आज पटना से विदा हो गये। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और बिहार सरकार के मंत्रियों तथा



अधिकारियों ने उन्हें पटना से विदा किया।

**गोवा के रहने वाले अर्लेकर**

बिहार के नए राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर, पहले हिमाचल के राज्यपाल थे। अब उनकी नियुक्ति बिहार में की गयी है। श्री अर्लेकर गोवा के रहने वाले हैं। वहां गोवा सरकार में वन पर्यावरण एवं पंचायती मंत्री भी रह चुके हैं। गुरुवार को फागू चौहान से भाजपा के कई नेताओं ने भी मुलाकात की। राज्यपाल फागू चौहान साढ़े 3 साल से भी अधिक समय तक बिहार के राज्यपाल रहे। अब उनका तबादला मेघालय के राज्यपाल के पद पर किया गया है।

# विदेशी कर्ज लेने को पाक सरकार ने जनता पर गिराया 'पेट्रोल बम'

एजेंसी

**170 अरब जुटाने के लिए संसद में मिनी-बजट पेश करने के कुछ घंटों बाद पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी का किया गया एलान पेट्रोल 272 रुपये लीटर, डीजल 196 और 289 रुपये लीटर और मिट्टी तेल 202 रुपये प्रति लीटर**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में गुरुवार को लोगों को पेट्रोल और गैस की कीमतों में ऐतिहासिक बढ़ोतरी के रूप में जोरदार झटका लगा। नकदी की कमी से जूझ रहे पड़ोसी देश ने आईएमएफ को खुश कर कर्ज पाने के लिए यह कदम उठाया। हालांकि, इस फैसले से महंगाई और बढ़ने की आशंका है, जो पहले ही विकराल स्थिति में पहुंच चुकी है। सरकार द्वारा नए करों के जरिए लोगों से 170 अरब रुपये जुटाने के लिए संसद में मिनी-बजट पेश करने के कुछ घंटों बाद पेट्रोल उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी का ऐलान किया गया। बिजली और गैस की कीमतों में भी वृद्धि की गई है। वित्त विभाग द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक पेट्रोल के भाव 22.20 रुपये बढ़कर 272 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गए हैं।

डॉलर के मुकाबले पाकिस्तानी रुपये के अवमूल्यन के कारण यह वृद्धि की गई। हाईस्पीड डीजल (एचएसडी) की कीमत में 17.20 रुपये प्रति लीटर, मिट्टी के तेल की कीमत में 12.90 रुपये प्रति लीटर और लाइट डीजल ऑयल (एलडीओ) में 9.68 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। एचएसडी की नई कीमत 280 रुपये प्रति लीटर होगी। मिट्टी का तेल 202.73 रुपये प्रति लीटर और एलडीओ 196.68 रुपये प्रति लीटर की दर से बेचा जाएगा। कीमत में वृद्धि पाकिस्तानी रुपये के अवमूल्यन के कारण हुई है। नई कीमतें गुरुवार से प्रभावी हो गई।




## इधर पाकिस्तान के पंजाब में ट्रेन विस्फोट में दो की मौत, नौ घायल

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में गुरुवार को एक यात्री ट्रेन में हुए विस्फोट में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। मीडिया की खबरों से इस बात की जानकारी मिली। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट जाफर एक्सप्रेस के अंदर उस समय हुआ जब वह क्वेटा से रावलपिंडी जा रही थी। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार के मुताबिक, पुलिस सूत्रों ने बताया कि धमाका यात्री ट्रेन के शौचालय के अंदर हुआ। उस समय यह ट्रेन प्रांत के एक जिले चिचावतनी पहुंची थी। डॉन अखबार के मुताबिक घायलों और हताहतों की पुष्टि करते हुए रेलवे के प्रवक्ता बाबर अली ने कहा कि विस्फोट की प्रकृति अभी निर्धारित नहीं की गई है। मुल्तान के उपाधीक्षक हम्माद हसन ने बताया कि आतंकवाद रोधी विभाग की एक टीम मौके पर पहुंच गई है और सबूत इकट्ठे कर रही है।

## मनी लांड्रिंग के नये मामले में ठग सुकेश चंद्रशेखर गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर को रेलिगेयर के पूर्व प्रमोटर मलविंदर सिंह की पत्नी को ठगने से जुड़े धनशोधन के एक नए मामले में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली की एक अदालत ने पीएमएलए के तहत उसे नौ दिन के लिए निदेशालय की हिरासत में भेज दिया है। चंद्रशेखर पर लगाए गए नए आरोप उस 3.5 करोड़ रुपए से संबंधित हैं, जो मलविंदर सिंह की पत्नी जपना ने कथित रूप से दिए थे। उससे कहा गया था कि इस धन का इस्तेमाल उसके पति को जमानत दिलाने के लिए किया जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### मेघालय में 3.9 तीव्रता का भूकंप

**गुवाहाटी।** मेघालय में गुरुवार को 3.9 तीव्रता का भूकंप आया । एक सप्ताह में पूर्वोत्तर भारत में इस तरह की यह तीसरी घटना है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप सुबह करीब नौ बजकर 26 मिनट पर आया था और इसका केंद्र पूर्वी खासी हिल्स में 46 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप शिलांग, पूर्वी खासी हिल्स जिला मुख्यालय, रि-भोई और असम के कामरूप मेट्रोपोलिटन जिले के कुछ हिस्सों में महसूस किया गया। भूकंप से किसी के तत्काल हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है।

### आंध्र भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**अमरावती।** भाजपा की आंध्र प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष के लक्ष्मीनारायण ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। गुंटूर में इस्तीफे की घोषणा करते हुए लक्ष्मीनारायण ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पूरा सम्मान करते हैं, लेकिन वह पार्टी के स्थानीय नेतृत्व से खुश नहीं हैं।

### पत्रकारों को धमकाने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कथित रूप से पत्रकारों को धमकाने और राष्ट्रविरोधी बयान देने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। श्रीनगर पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान सुहैल खान, नदीम शफी राठेर और उमर मजीद वानी के रूप में हुई है।

### बाल गृह में पांच दिन में 4 बच्चियों की मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में प्राग नारायण रोड स्थित राजकीय बालगृह में पांच दिनों में चार बच्चियों की मौत को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए उसके अधीक्षक को निलंबित कर दिया है तथा मजिस्ट्रेट जांच के भी आदेश दिए हैं । प्रशासन ने इन बच्चियों की ठंड से मौत की बात को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि मौत के कारणों के बारे में सही जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चल पायेंगी ।

### बजाज आलियांज का प्रिपेयर्डनेस सर्वे जारी

**मुंबई।** बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने सर्वेक्षण बजाज आलियांज लाइफ इंडिया'ज लाइफ गोल्स प्रिपेयर्डनेस सर्वे 2023 का दूसरा संस्करण जारी किया। इस सर्वेक्षण में भारतीयों के जीवन लक्ष्यों और आकांक्षाओं को चिह्नित किया गया है। इसे भारत के जीवन लक्ष्यों, आकांक्षाओं, प्रभावकारी कारकों और इन लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में तत्परता की पूरी तस्वीर लेने के लिए डिजाइन किया गया है। अध्ययन में 40 से अधिक जीवन लक्ष्यों को शामिल किया है ।

### अभिनेत्री स्वरा भास्कर ने सपा नेता फहद अहमद से शादी की



**मुंबई।** अभिनेत्री स्वरा भास्कर ने गुरुवार को घोषणा की कि उन्होंने फहद अहमद के साथ शादी कर ली है। वीरे दी वेडिंग की अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर अहमद को टैग करते हुए इस बात की जानकारी साझा की। फहद अहमद समाजवादी पार्टी की युवा शाखा समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। भास्कर ने पति के साथ वाले एक वीडियो को साझा करते हुए लिखा कि कभी-कभी आप किसी ऐसी चीज के लिए दूर-दूर तक खोज करते हैं जो आपके ठीक बगल में होती है। हम प्यार की तलाश कर रहे थे, लेकिन हमें पहले दोस्ती मिली। और हमने एक दूसरे को पाया।

# जल सुरक्षा भारत के लिए महत्वपूर्ण दायित्व : मोदी

एजेंसी

**प्रधानमंत्री ने किया राजस्थान में ब्रह्माकुमारी संस्थान के जल जन अभियान का उद्घाटन**

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल सुरक्षा को भारत के लिए महत्वपूर्ण दायित्व बताते हुए गुरुवार को कहा कि यह हमारी साझी जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें देशवासियों में जल संरक्षण के मूल्यों के प्रति फिर से प्राचीन आस्था पैदा करनी होगी। मोदी ने कहा कि हमें हर उस विकृति को भी दूर करना होगा जो जल प्रदूषण का कारण बनती है। प्रधानमंत्री ने राजस्थान के आबूरोड में ब्रह्माकुमारी संस्थान के जल जन अभियान की शुरूआत को लेकर आयोजित कार्यक्रम को डिजिटल तौर पर संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि जल जन अभियान ऐसे समय में शुरू हो रहा है जब पानी की कमी को पूरे विश्व में भविष्य के संकट के रूप में देखा जा रहा है। 21वीं सदी में दुनिया इस बात की गंभीरता को समझ रही है कि हमारी धरती के पास जल संसाधन कितने सीमित हैं।

मोदी ने कहा कि इतनी बड़ी आबादी के कारण जल सुरक्षा भारत के लिए भी एक महत्वपूर्ण दायित्व है और हम सब की साझी जिम्मेदारी है। इसलिए आजादी के अमृतकाल में आज देश जल को कल के रूप में देख रहा है। जल रहेगा तभी आने वाला कल भी रहेगा और इसके लिए हमें मिलकर आज से ही प्रयास करने होंगे।

उन्होंने कहा कि मुझे संतोष है कि जल संरक्षण के संकल्प को अब देश एक जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ा रहा है। ब्रह्मकुमारी के इस जल जन अभियान से जन भागीदारी के इन प्रयासों को नई ताकत मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के ऋषियों ने हजारों वर्ष पहले ही प्रकृति, पर्यावरण व पानी को लेकर संयमित, संतुलित व संवेदनशील व्यवस्था का सृजन किया था। हमारे यहां कहा गया है कि हम जल को नष्ट न करें उसका संरक्षण करें। यह भावना हजारों वर्षों से हमारे आध्यात्म व धर्म का हिस्सा है। यह हमारे समाज की संस्कृति है हमारे सामाजिक चिंतन का केंद्र है। इसलिए हम जल को देव की संज्ञा देते हैं नदियों को मां मानते हैं।



उन्होंने कहा कि जब कोई समाज प्रकृति से ऐसे भावात्मक संबंध जोड़ लेता है तो दुनिया जिसे सतत विकास कहती है वह उसकी सहज जीवन शैली बन जाता है। इसलिए आज जब भविष्य की चुनौतियों के समाधान खोज रहे हैं तो हमें अतीत की उस चेतना को पुर्नजागृत करना होगा। मोदी ने कहा कि हमें देशवाासियों में जल संरक्षण के मूल्यों के प्रति फिर से वैसी ही आस्था पैदा करनी होगी। हमें हर उस विकृति को भी दूर करना होगा जो जल प्रदूषण का कारण बनती है। कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत मौजूद थे।

## स्वच्छ ऊर्जा को लेकर हमारी प्रतिबद्धता हरित विकास को कर रही संचालित : राष्ट्रपति

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राजधानी में अंतरराष्ट्रीय इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी मेला (आईईटीएफ), 2023 का उद्घाटन किया और कहा कि स्वच्छ ऊर्जा को लेकर हमारी प्रतिबद्धता हमारे हरित विकास को संचालित कर रही है। मुर्मू ने कहा कि भारत 2070 में शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत उत्कृष्ट विनिर्माण अनुभव, उच्च गुणवत्ता वाली प्रतिभा व अत्याधुनिक उन्नत तकनीकी उपलब्धियों का लाभ उठाते हुए वैश्विक जुड़ाव का विस्तार करने के मिशन पर है। उन्होंने कहा कि ऐसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं, जहां इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में अंतरराष्ट्रीय सहयोग भविष्य में विश्व को एक समृद्ध और सुरक्षित जगह बनाने के लिए बदलाव लाएगा। उन्होंने कहा कि हमें सामाजिक परिवर्तन के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने का प्रयास करना चाहिए।

## देश विरोधी ताकतें सुप्रीम कोर्ट को औजार की तरह इस्तेमाल कर रही हैं : संघ

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट नेगुजरात दंगों पर बीबीसी की डॉक्युमेंट्री पर बैन के खिलाफ याचिका स्वीकार कर ली, इससे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) काफी खफा दिख रहा है। आरएसएस से जुड़ी साप्ताहिक पत्रिका 'पाञ्चजन्य' ने यहां तक कहा है कि भारत विरोधी तत्व सुप्रीम कोर्ट का उपयोग औजार के तौर पर कर रहा है। पत्रिका के ताजा संस्करण के एक संपादकीय में कहा गया है कि मानवाधिकारों के नाम पर आतंकवादियों को बचाने के प्रयासों और पर्यावरण के नाम पर भारत के विकास में बाधाएं पैदा करने के बाद अब यह प्रयास किया जा रहा है कि देश विरोधी ताकतों को भारत में दुष्प्रचार करने का अधिकार हो। बीबीसी की डॉक्युमेंट्री को लेकर शीर्ष अदालत के नोटिस का जिक्र करते हुए संपादकीय में कहा गया कि हमारे देश के हितों की रक्षा के लिए उच्चतम न्यायालय की स्थापना की गई थी, लेकिन भारत विरोधी अपना रास्ता साफ करने के प्रयासों के लिए इसका एक औजार की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं।' इसमें कहा गया है कि उच्चतम न्यायालय टैक्सपेयर्स के पैसे से चलता है और देश के लिए भारतीय कानून के अनुसार काम करता है।

## निक्की में अमेरिका का अगला राष्ट्रपति बनने की सभी योग्यताएं

**कई प्रमुख भारतीय-अमेरिकी नागरिकों ने कहा- रिपब्लिकन पार्टी की नेता निक्की हेली की अच्छी है साख**

**चार्ल्सटन (अमेरिका)।** कई प्रमुख भारतीय-अमेरिकी नागरिकों का मानना है कि रिपब्लिकन पार्टी की नेता निक्की हेली की साख अच्छी है और अमेरिका का अगला राष्ट्रपति बनने के लिए उनमें नेतृत्व की क्षमता है। अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की भारतवंशी नेता हेली (51) ने 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में अपनी दावेदारी के लिए बुधवार को औपचारिक रूप से अपने प्रचार अभियान की शुरूआत कर दी। इसके साथ ही, उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुकाबले खुद को एक युवा और नये विकल्प के रूप में पेश किया है। डियास्पोरा के संस्थापक एम. आर. रंगास्वामी ने कहा कि साउथ कैरोलाइना के गवर्नर के तौर पर निक्की हेली की साख अच्छी है और उन्हें संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के राजदूत के तौर पर विदेश नीति का अनुभव भी है। हेली पूर्व में साउथ कैरोलाइना की दो बार गवर्नर रह चुकी हैं और वह तीसरी ऐसी भारतीय अमेरिकी हैं, जिन्होंने राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी दावेदारी पेश की थी।

इससे पहले बॉबी जिंदल ने 2016 में और कमला हैरिस ने 2020 में इस पद के लिए अपनी उम्मीदवारी पेश की थी। हैरिस वर्तमान में देश की उपराष्ट्रपति हैं। रंगास्वामी ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी में भारतीय अमेरिकियों की प्रगति और



डेमोक्रेटिक पार्टी में उन्हें दी जा रही अहमियत को देखकर खुशी होती है। साउथ कोलंबिया से राज वासुदेव करीब 30 साल से हेली को जानते हैं। उन्होंने कहा, वह (हेली) अधिकांश मध्यमार्गियों का प्रतिनिधित्व करती हैं। वह चरमपंथी भी नहीं हैं। जिस तरह से उन्होंने साउथ कैरोलाइना का प्रतिनिधित्व किया, वह शानदार है। वासुदेव और पत्नी दोनों ही हेली के राष्ट्रपति चुनाव प्रचार अभियान की औपचारिक शुरूआत के समय मौजूद थे। उन्होंने कहा, ह्यह्यहमें उन पर विश्वास है। वह दिल की बहुत अच्छी हैं और बुद्धिमान हैं। हमारा मानना है कि वह दोनों पक्षों को साथ ला सकती हैं।

## एयर इंडिया के बेड़े में 470 नये विमान होंगे शामिल

**नयी दिल्ली।** एयर इंडिया ने एयरबस और बोइंग को 840 विमानों का ऑर्डर दिया है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि इस सौदे में 370 विमान खरीदने का विकल्प भी शामिल है। एयर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक और रूपांतरण अधिकारी निपुन अग्रवाल ने एक लिंक्डइन पोस्ट में कहा कि एयरलाइन द्वारा विमान खरीदने के लिए दिए गए ऑर्डर से दुनिया भर में दिख रहे उत्साह को लेकर कंपनी विनम्र है। उन्होंने बताया कि दो साल पहले एयर इंडिया के निजीकरण के साथ शुरू हुई प्रक्रिया के तहत 840 विमानों का यह ऑर्डर दिया गया है। उन्होंने कहा कि ऑर्डर के तहत अगले दशक में एयरबस और बोइंग से 470 विमान खरीदे जाएंगे, जबकि इसमें 370 विमान खरीदने का विकल्प शामिल है। यह आधुनिक विमानन इतिहास में किसी एयरलाइन द्वारा दिए गए सबसे बड़े विमान ऑर्डरों में से एक होगा। अधिकारी ने कहा कि भारतीय विमानन उद्योग के लिए यह ऑर्डर एक ऐतिहासिक क्षण है।इससे एक दिन पहले एयरलाइंस ने कहा था कि उसने 470 विमानों के लिए एक ठेका दिया है, जिसमें से एयरबस से 250 विमान और बोइंग से 220 विमान खरीदे जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमने सीएफएम इंटरनेशनल (सीएफएम), रोल्स-रॉयस और जीई एयरोस्पेस के साथ इंजनों के दीर्घकालिक रखरखाव के लिए करार भी किया है। अग्रवाल ने कहा कि यह ठेका एयर इंडिया को विश्व स्तरीय एयरलाइन में बदलने और भारत को दुनिया के हर बड़े शहर से सीधे जोड़ने की टाटा समूह की आकांक्षा को दर्शाता है।

## एचएएल को स्वदेशी ब्लैक बॉक्स के लिए डीजीसीए की मंजूरी

**बेंगलुरु।** हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने गुरुवार को बताया कि उसे स्वदेश में विकसित कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) और ह्यफ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) के लिए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय से भारतीय तकनीकी मानक आदेश (आईटीएसओ) अधिकार पत्र मिल गया है।

एचएएल ने एक बयान में कहा कि आईटीएसओ असैन्य विमानों में इस्तेमाल होने वाली निर्दिष्ट सामग्रियों, पुर्जों, प्रक्रियाओं और उपकरणों के लिए एक न्यूनतम प्रदर्शन मानक है। सीवीआर और एफडीआर को ब्लैक बॉक्स के नाम से जाना जाता है। बहरहाल, इन रिकॉर्डर को नारंगी रंग से रंगा जाता है ताकि विमान दुर्घटना होने की स्थिति में उन्हें आसानी से खोजा जा सके।

# भारत और फिजी के बीच वीजा में छूट

एजेंसी

**फिजी के पीएम और भारत के विदेश मंत्री ने किये हस्ताक्षर भारत और चीन के साथ पुरानी साझेदारी जारी रखने का फिजी ने किया एलान**

**सुवा।** भारत और फिजी के बीच वीजा में छूट देने पर सहमति बनी है। फिजी में 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन में शिरकत करने गए भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका ने इस समझौते पर हस्ताक्षर करने के साथ दोनों देशों का सहयोग और बढ़ाने की बात कही। फिजी के प्रधानमंत्री के साथ समझौते पर हस्ताक्षर के बाद दोनों देशों के बीच वीजा में छूट की राह खुल गई। इस समझौते के तहत दोनों देशों के उन नागरिकों को वीजा लेने में छूट दी जाएगी, जिनके पास डिप्लोमेटिक और काम संबंधी पासपोर्ट है। इससे फिजी जाने वाले भारतीयों की तादाद में इजाफा हो सकता है। यह समझौता दोनों देशों के नागरिकों के बीच पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। समझौते के बाद भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और फिजी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक तौर पर बेहद करीबी देश हैं। भारत और फिजी के लोगों का लोगों से संबंध है और दोनों देशों के बीच संबंध काफी पुराने भी हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि जैसे राष्ट्र निर्माण वाले क्षेत्रों में फिजी की मदद करना भारत के लिए खुशी की बात है। भारत ने फिजी के गन्ना उद्योग में काम किया है। अब भारत की ओर से अक्षय ऊर्जा और छोटे और मध्यम उद्योगों को आईटी सपोर्ट मुहैया कराने पर भी विचार किया जा रहा है। फिजी



प्राकृतिक आपदाओं के लिए संवेदनशील इलाका है और भारत हमेशा फिजी के मुश्किल समय में उसके साथ खड़ा रहा है। कोरोना जैसे समय में भारत ने फिजी की मदद की और वैक्सीन मैत्री के तहत फिजी को एक लाख वैक्सीन की डोज भेजी गई थी। भारतीय विदेश मंत्री डॉ.एस जयशंकर ने फिजी के राष्ट्रपति आर. विलियम कटोनिवेरे के साथ फिजी के स्टेट हाउस के सौर ऊर्जाकरण का उद्घाटन किया। इसके तहत प्रमुख आवासों में सौर ऊर्जा प्रवाह सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल सोलर एलायंस का मजबूत सदस्य होने के कारण फिजी इस क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है। दोनों नेताओं के बीच आपसी संबंधों को बढ़ाने पर बातचीत हुई।

# 500 करोड़ के क्लब में शामिल हुई फिल्म 'पठान'

मुंबई। बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान की फिल्म पठान 500 करोड़ के क्लब में शामिल हो गयी है। यशराज बैनर तले बनी सिद्धार्थ आनंद निर्देशित पठान में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम की मुख्य भूमिका है।फिल्म पठान 25 जनवरी को रिलीज हुयी है। पठान के जरिये शाहरूख ने चार साल बाद बॉलीवुड में वापसी की है।फिल्म पठान एक के बाद एक रिकॉर्ड तोड़ती जा रही है। इस फिल्म ने अपनी रिलीज के तीन सप्ताह पूरे कर लिए हैं।

फिल्म 'पठान' भारत में हिंदी, तमिल और तेलुगू तीन भाषाओं में रिलीज हुयी है। फिल्म पठान ने बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। पठान भारत में नेट 500 करोड़ से अधिक की कमाई करने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म बन गई है।



## महाराणा प्रताप की भूमिका निभायेंगे गुरमीत

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता गुरमीत चौधरी सिल्वर स्क्रीन पर राजा महाराणा प्रताप की भूमिका निभाते नजर आयेंगे। नितिन चंद्रकांत देसाई ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये इस बात की घोषणा की कि गुरमीत चौधरी महाराणा में महाराणा प्रताप की मुख्य भूमिका निभाएंगे। गुरमीत चौधरी ने कहा कि भारत की जड़ों से जुड़े प्रोजेक्ट पर काम करना मेरे लिए सम्मान की बात है। महाराणा प्रताप अपने साहस और वीरता के लिए जाने जाते थे, उनके जीवन के बारे में और जानने का मौका पाकर मैं बहुत खुश हूं। स्वयं महाराणा प्रताप जैसे सशक्त चरित्र को चित्रित करना भी एक बहुत बड़ी चुनौती है । मुझे यह प्रोजेक्ट देने के लिए मैं डिज्नी+ हॉटस्टार और नितिन चंद्रकांत देसाई का शुक्रगुजार हूं।





स्पीड न्यूज

### नये उभरते विषय रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं : डॉ विनोद

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के पीजी मनोविज्ञान विभाग में इमर्जिंग फील्ड इन साइकोलॉजी विषय पर व्याख्यानमाला गुरूवार को आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा ने की। व्याख्यान माला को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ शर्मा ने कहा कि मनोविज्ञान ने दर्शनशास्त्र से अलग होकर सवा सौ साल के इतिहास में काफी लोकप्रियता हासिल की। यह विषय सिद्धांतों व प्रयोगों के द्वारा न केवल मानव स्वभाव व व्यवहार को समझने व उसे अनुकूल वातावरण में ढालने का काम किया है। बल्कि मनोविज्ञान के उभरते नए शाखाओं ने इसकी आवश्यकता को और भी बढ़ा दिया है। वर्तमान जीवन का शायद ही ऐसा कोई अछुता क्षेत्र होगा। जहां मनोविज्ञान ने दस्तक नहीं दिया हो। अपने महत्व का परिचय नहीं दिया हो।

### भाकपा का विभिन्न मांगों को ले आमसभा का आयोजन

**हंसडीहा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के बैनर तले गुरुवार को हँसडीहा में विभिन्न मांगों को लेकर प्रतिरोध आमसभा का आयोजन किया गया। साथ ही प्रतिरोध, धिधकार रैली निकाली गई। कार्यक्रम के शुरूआत में मुख्य अतिथियों का भाकपा के कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान भाकपा कार्यकताओं ने जिला मंत्री शंभु मोहली के नेतृत्व में आमसभा स्थल से हंसडीहा गांधी चौक तक प्रतिरोध मार्च निकाला। वहीं भाकपा कार्यकर्ताओ ने राज्य और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### अवैध रूप से बिजली जला रहे पांच लोगों पर प्राथमिकी

**सरैयाहाट।** विधुत विभाग ने सरैयाहाट थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाकर अवैध रूप से बिजली जला रहे पाँच लोगों के उपर प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसकी जानकारी देतें हुए कनीय विद्युत अभियंता नितेश कुमार ने बताया की कनीय विद्युत अभियंता बासुकीनाथ सत्यनारायण भोक्ता के नेतृत्व में एक छापमारी टीम का गठन किया गया था, इसी दौरान राकुडीह गाँव के गौरीशंकर मांझी, महेन्द्र मांझी, मथुरी मांझी, राजेश मांझी और कमरडीहा गांव के योगेंद्र मंडल को अवैध तनप से विद्युत ऊर्जा का प्रयोग करते पाया गया। छापेमारी टीम में कनिय विद्युत अभियंता के साथ कनीय सारणी पुरुष सरैयाहाट भोला प्रसाद, कनीय सारणी रामगढ़ संतोष कुमार, सहित अन्य ऑउट सोर्सिंग विधुत कर्मी के अलावे स्थानीय पुलिस बल मौजूद थे।

### स्कूलों में पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**सरैयाहाट।** सड़क सुरक्षा को लेकर गुरुवार को हँसडीहा और सरैयाहाट थाना की पुलिस के द्वारा विद्यालयों में जाकर जागरूकता अभियान चलाया गया। हँसडीहा स्थित राजकीयकृत उच्च विद्यालय में थाना प्रभारी सुगना मुंडा ने यातायात के नियमों को विस्तार से समझाते हुए अपील की बाइक या कार चलाते समय सभी लोग यातायात नियमों का पालन अवश्य करें क्योंकि ये आपके साथ साथ सामने वालों की सुरक्षा के लिए बहुत जरुरी है। वहीं मोहरा उच्च विद्यालय में सरैयाहाट थाना के अवर निरीक्षक आनंद साहा ने बताया की आज यातायात नियमों की अनदेखी करने की वजह से ज्यादातर सड़क दुर्घटनायें घट रही हैं और इसकी वजह से लोगों की जान भी जा रही हैं।

# नक्सलियों के नाम पर लेवी वसूली करने वाले तीन गिरफ्तार, एक लाख 13 हजार बरामद

## बैंक मैनेजर से मांगी थी लेवी, एफआइआर के बाद हरकत में आयी पुलिस

- सोनुवा में नक्सलियों के नाम पर मांग रहे लेवी, भय से शिकायत नहीं कर रहे लोग
- पुलिस ने पैसे वसूलने वाले गिरोह का किया खुलासा, तीन को भेजा जेल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** सोनुआ पुलिस ने नक्सलियों के नाम पर लेवी वसूलने वाले गिरोह का खुलासा किया है। मामले में पिछले दिनों पुलिस ने सोनुवा निवासी महिला समेत तीन गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भी भेज दिया है। वही लोग भय से ऐसे मामलों में पुलिस तक नही पहुँच पाते है। जानकारी के मुताबिक पिछले माह सोनुवा के एक बैंक मैनेजर से गिरोह ने पांच लाख लेवी की मांग की थी। राशि नही देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। जिसके बाद मैनेजर की शिकायत पर पुलिस हरकत में आयी और नंबर को ट्रेस करना शुरू किया। जिसके बाद पुलिस ने इस गिरोह का मास्टरमाइंड एक महिला को पकड़ा तथा उसके सहयोगी दो अन्य को भी पकड़ कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार महिला लोंजो गांव के एक सरकारी स्कूल की संयोजिका हैं।

**ऐसे पकड़े गए लेवी वसूलने वाले अभियुक्त :** सोनुवा थाने में इस संबंध में दिनांक 24 जनवरी को कांड संख्या 08/2023 भादवी 385 व 387 के तहत मामला दर्ज किया गया। जिसके बाद पुलिस ने अनुसंधान के लिए अंचल पुलिस निरीक्षक शंकर प्रसाद के नेतृत्व में टीम गठित कर छानबीन शुरू किया। बैंक मैनेजर की शिकायत पर छानबीन शुरू करते हुए जब नम्बर को ट्रेस किया तब नबर का लोकेशन सोनुवा देख पुलिस चौकना हुई। जिसके बाद बड़े आसानी से सभी पकड़े गए जिसमें सोनुवा थाना अंतर्गत लोंजो गांव निवासी मंजू गागराई उम्र 32 एवं सहयोगी बेगुना निवासी प्रेमतोष प्रधान उम्र 23 व कनेशतर प्रधान उम्र 26 वर्ष शामिल है।पुलिस ने इनके पास से लेवी मांगने में उपयोग किये जा रहे एयरटेल सिम नम्बर 7763063163 को भी बरामद कर लिया है।

# प्रेम व भाइचारगी का संदेश देते हैं पर्व-त्योहार : बिश्राम

## मागे पर्व पर जदयू नेता बिश्राम मुंडा ने गांवों में बांटे नये वस्त्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चक्रधरपुर।** जनता दल यूनाईटेड के जिलाध्यक्ष बिश्राम मुंडा ने मनोहरपुर विस क्षेत्र के विभिन्न गांवों में ग्रामीणों के बीच नए वस्त्र का वितरण कर रहे है। इसी क्रम में मागे पर्व के मौके पर गोइलकेरा प्रखंड के कदमडीहा पंचायत के नरसंडा, बारूकुटी, डोरबो, छोटा कुइड़ा, इचाहातु आदि गांवों में पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से साड़ी, लूंगी, गंजी व धोती का वितरण कराया। कदमडीहा पंचायत के मुखिया द्रौपदी पुरती, पंचायत समिति सदस्य बुधन सिंह पुरती, अविनाश मारला, दिनेश सांडिल को ग्रामीणों के बीच बांटने के लिए नए वस्त्र दिए।

बिश्राम मुंडा ने कहा पर्व-त्योहार प्रेम व आपसी भाईचारगी का संदेश देते है। कहा कि उनकी कोशिश है कि पर्व-त्योहार ग्रामीण नए वस्त्र में मनाएं। इसके लिए ग्रामीणों के बीच साड़ी, लूंगी, गंजी व धोती का वितरण कर रहे है। उन्होंने कहा कि भविष्य में आगे भी इस तरह के कार्यक्रम करते रहेंगे। इसके अलावा गांव व ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए भी प्रयासरत रहेंगे।

## एसपी कॉलेज के एनएसएस इकाई 12 के विशेष शिविर का हुआ आयोजन



शिविर का उद्घाटन करते एनएसएस कोऑर्डिनेटर व प्राचार्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** एसपी कॉलेज के एनएसएस इकाई 12 के द्वारा विशेष शिविर का आयोजन गुरूवार किया गया। शिविर का उद्घाटन एसकेएमयू के एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ धनंजय कुमार मिश्र ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य से छात्रों को अवगत कराते हुए सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए अनुभव प्रदान करना बताया। विशेष शिविर का आयोजन करहड़बिल गांव में किया जा रहा है।

शिविर का समापन 22 फरवरी को होगा। कार्यक्रम में इकाई 12 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार दुबे, कॉलेज कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कुमार सौरभ, शिक्षा संकाय के प्रो अनील कुमार सिंह एवं एनएसएस स्वयंसेवक मौजूद थे।

## एसपी महिला कॉलेज के एनएसएस शिविर के समापन पर छात्रों को दिया गया प्रमाण पत्र

**दुमका।** एसपी महिला कॉलेज के एनएसएस इकाई 1 एवं 2 की ओर से आयोजित हो रहे सात दिवसीय शिविर का समापन गुरुवार को हुआ। समापन कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पूर्व कार्यक्रम समन्वयक डॉ मेरी मार्ग्रेट टुडू एवं विशिष्ट अतिथि डॉ धनंजय कुमार मिश्रा समेत शिक्षक शिक्षिकाओं ने महान विभूतियों के चित्र पर पुष्पांजलि कर किया। एनएसएस वालेंटियरों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। एनएसएस इकाई 1 की छात्रा चांदनी कुमारी एवं इकाई 2 की छात्रा एलिशा मरांडी ने अपने अनुभव साझा की। सुनीता किस्कू के निर्देशन में ह्नभारत दिसोमह्न के रूप में रंगारंग संथाली नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर डॉ नम्रता गौरव एवं डॉ महाश्वेता ने सात दिवसीय विशेष शिविर रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम समन्वयक धनंजय कुमार मिश्रा ने संबोधित करते हुए छात्रों के कार्यो की प्रषंसा करते हुए कहा कि वह गांव में सिर्फ समस्या ही नहीं ढूंढे, बल्कि इस समस्याओं के बीच यदि उजाला का कोई किरण भी वहां नजर आता है, तो आप उसे अपने अनुभव में अवश्य प्रस्तुत करें। उन्होंने लखीकुंडी गांव में सर्वेक्षण से मिली जानकारी के अनुसार एक बच्चा जिसका किडनी फेल हो चुका है और उसके लिए कॉलेज प्रशासन ने बीडीओ को पत्र लिखने की बात कही। छात्रा फरहीन एवं साक्षी ग्रुप ने महिला सशक्तिकरण में संविधान व शिक्षा की भूमिका पर एक बेहतरीन नाटक प्रस्तुत की।

# सात दिवसीय शिविर का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं अन्य।

**दुमका।** एएन कॉलेज में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन गुरूवार को हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह एवं एसकेएमयू के एनएसएस समन्वयक डॉ धनंजय कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ मिश्र ने संबोधित कहा कि एनएसएस इस देश की दिशा और दशा को आगे तय कर सकता हैं। एनएसएस के प्राण को बताते हुए कहा कि पहला प्राण विकसित भारत, दूसरा प्राण गुलामी की हर सोच से मुक्ति, तीसरा प्राण विरासत पर गर्व, चौथा प्राण एकता और एकजुटता और पांचवा प्राण नागरिकों के कर्तव्यबोध है। यह पांच प्राण के माध्यम से स्वयंसेवक इस देश को पुनः विश्वगुरु के सिंहासन पर पहुंचा सकता है, सोने की चिड़ियां बना सकते हैं। स्वयंसेवकों को अच्छे छात्र, अच्छे स्वयंसेवक एवं अच्छे नागरिक बनने का अपील किया। अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य डॉ सिंह ने कहा कि आज आवश्यकता है विकसित भारत को और विकास के लिए कटिबद्ध हो कर अनुशासित ढंग से इस प्रशिक्षण शिविर को आत्मसात कर आगे बढ़ें। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस यूनिट- 2 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ संजय कुमार पाठक, एनएसएस यूनिट- 4 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार झा एवं यूनिट- 5 के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो अन्हद लाल होंगे। तीनों इकाईयों में करीब 50-50 छात्र होंगे।

## एक नजर में

### ग्राहकों की संतुष्टि ही दुकान की पहचान होगी : सिकंदर

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर स्थित चैनगडा फोरलेन में न्यू हांडी मटन एवं चिकन नामक झारखंडी पंजाबी उरांव लाईन होटल का गुरूवार को उद्घाटन हुआ। इसका उद्घाटन रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह होटल के प्रोपराइटर सिकंदर उरांव ने फीता काटकर किया। मौके पर सिकंदर उरांव ने कहा कि ग्राहकों को बेहतर स्वाद देने के उद्देश्य से होटल खोला गया है। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि ही इस होटल की पहचान व हमारा उद्देश्य होगा। श्री उरांव ने कहा कि उचित मूल्य के साथ बेहतर क्वालिटी के लिए हांडी मटन और चिकन के शौकीन हमारे प्रतिष्ठान में एक बार जरूर पधारें। मौके पर प्रेमनाथ साहू, राजन करमाली, बलदेव उरांव, सूरज उरांव, बबलू गिरी, कालू सरदार, संतोष बेदिया, गौतम कुमार महतो, छोटे लाल महतो, किशोरी राम, ईश्वर उरांव, ललित उरांव, बिरजू उरांव सहित कई लोग मौजूद थें।

### पंचायत का विकास ही मेरा उद्देश्य : विजय मुंडा

**बासल (रामगढ़)।** बलकुदरा पंचायत में नवार्ड के सलाहकारों शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, पेयजल संबंधित योजनाओं को ले गुरूवार को ग्रामीणों संग बैठक की। इसमें मुख्य रूप से पंचायत के मुखिया विजय मुंडा उपस्थित थें। बैठक में नवार्ड के सलाहकार आशीष बर्मन व शंकर यादव ने ग्रामीणों से शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, पेयजल संबंधित योजनाओं की जानकारी लेकर समस्याओं को कैसे दूर किया जाए इसपर चर्चा की गई। साथ ही विकास योजनाओं को धरातल पर कैसे उरारी जाए इसपर भी विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान कई विकास योजनाओं के बारे में ग्रामीणों का विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए इसे धरातल पर भी उतारा गया। मौके पर पंचायत के मुखिया विजय मुंडा ने कहा कि पंचायत के विकास के लिए जो कदम उठाना पड़ेगा उठायेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत का चहुंमुखी विकास व जन समस्याओं का समाधान ही मेरा उद्देश्य है। मुखिया श्री मुंडा ने कहा कि पंचायत के विकास के लिए जो भी संस्था चाहे वह सीएसआर विभाग हो या अन्य कोई भी संस्था उनसे संपर्क किया जायेगा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य राजु मुंडा, जल सहिया अंजु देवी, जितेन्द्र मुंडा, राम जतन यादव, मनोज महली, खुशबू देवी, ललिता देवी, सविता देवी, शुषमा देवी, पिंकी देवी, देवंती देवी, सोनी देवी, उमा देवी, मालती देवी, पुजा देवी, सांझो देवी, विमला देवी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

### भाकपा माले के लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ महाअधिवेशन में कोयलांचल से सैकड़ों हुए शामिल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटना के गांधी मैदान में आयोजित भाकपा माले का लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ महाअधिवेशन में भुरकुंडा कोयलांचल सहित झारखंड, बिहार, श्रीलंका, अस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, नेपाल, फिलिस्तीन आदि विदेशी मेहमान देशों सैंकड़ों लोग शामिल हुए। रैली को संबोधित करते हुए कामरेड दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा 2024 में मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। इसके लिए विपक्षी दल को एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि देश में हिटलरशाही सरकार नहीं चलेगी। लोकतंत्र की रक्षा हमसबों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि मोदी देश में अंग्रेजी हुकूमत चलाना चाहता है। यह भारत में नहीं चलने दिया जाएगा। गरीब, किसान, छात्र, नौजवान, महिला-पुरूषों पर जुल्म ढाए जा रहा हैं जिसे भाकपा माले बर्दाश्त नहीं करेगी। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि इस सरकार के खिलाफ सभी वामदल को एक मंच पर आकर संघर्ष करना होगा। 2024 में मोदी सरकार की विदाई तय है। उन्होंने कहा कि देश में गरीब किसान की हुकूमत बनेगी। लोकतंत्र को बचाने, देश के संविधान की रक्षा, देश के सार्वजनिक प्रतिष्ठान को बचाने के लिए भाकपा माले संघर्ष तेज करेगी। महाधिवेशन को भाकपा माले विधायक विनोद सिंह, महबूब आलम, किसान नेता राजा राम सिंह, भाकपा माले के वामपंथी युवा नेता ड आशीष कुमार आदि नेताओं ने भी संबोधित किया।

### 18 को भक्ति उद्घोषों से गूंजेगा भुरकुंडा कोयलांचल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बीचा पंचायत के सुथरपुर गांव स्थित मंदिर में 18 फरवरी को श्रद्धापूर्वक भव्य तरीके से महाशिवरात्रि पर्व मनाया जायेगा। इस दौरान विशेष पूजा सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का भी आयोजन होगा। उक्त जानकारी देते हुए पूजा समिति के अध्यक्ष प्रेमलाल बेदिया, सचिव शिबू गंझू, कोषाध्यक्ष सुदेश कुमार बेदिया, पूर्व उपमुखिया नरेश गंझू, प्रमुख प्रतिनिधि सीताराम मुंडा व समाजसेवी जितेंद्र महतो ने बताया कि 18 की रात्रि 12 बजे भगवान शिव व माता पार्वती की विशेष पूजा-अर्चना होगी। वहीं 19 फरवरी की की रात्रि 10 बजे महा शिवरात्रि मेला का आयोजन होगा। मेला का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया करेंगे। पूजा की सफलता को ले मेला समिति के जगदीश बेदिया, मुंशी गंझू, सोमर करमाली, नेवालाल बेदिया, बाबूलाल महतो, रामधन गंझू, जय प्रकाश बेदिया, मनसा बेदिया आदि सदस्य जुटे हैं। इधर तीन नंबर झोपड़ी स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में भी प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी श्रीश्री बुढ़वा महादेव सेवा एवं विकाश समिति भुरकुंडा के तत्वावधान में 18 से 19 फरवरी तक दो दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। 18 को पूजा-अर्चना के साथ 24 घंटे के अंखड-हरिकर्तीन का शुभारंभ होगा। वहीं 19 को हवण-पुर्णाहुति व भव्य भंडारे के साथ महोत्सव का समापन होगा।

# बाबा मंदिर से उतारा गया पंचशूल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**देवघर।** महाशिवरात्रि के दो दिन पूर्व देवघर स्थित बाबा वैद्यनाथ और पार्वती मंदिर का पंचशूल गुरुवार के दिन शिखर से नीचे उतारा गया। इसके पूर्व अन्य सभी मंदिरों के पंचशूल को उतार कर उसकी सफाई की जा चुकी है। शुक्रवार सुबह इस पंचशूल की विशेष पूजा के बाद सभी मंदिर के शिखर लगाया जाएगा। पूरे साल में सिर्फ शिवरात्रि के दो दिन पूर्व पंचशूल को सफाई के लिए उतारा जाता है और शिवरात्रि के एक दिन पहले पंचशूल की विशेष पूजा कर उसे फिर से मंदिर के शिखर पर लगाया जाता है।

# महाशिवरात्रि की तैयारी शुरू, बासुकिनाथ धाम में उतारे गये पंचशूल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बासुकिनाथ।** मशहूर धार्मिक नगरी बासुकिनाथ धाम में गुरुवार को चार दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का आगाज हुआ। रंगारंग महाशिवरात्रि महोत्सव के प्रथम दिन गुरूवार को बाबा बासुकीनाथ मंदिर के गुंबद पर स्थापित पंचशूल चंद्रशूल त्रिशूल कलश ध्वज पताकाओं आदि को उतारा गया।

माता पार्वती काली अन्नपूर्णा राधा कृष्ण आनंद भैरव सहित अन्य मंदिरों के गुंबद से कलश एवं त्रिशूल को उतारा गया। जिसे महाशिवरात्रि के दिन मंदिर के शिखर पर पुनः स्थापित करने की परंपरा है। इस दौरान मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की खचाखच भीड़ दिखाई दे रही थी। भोले के भक्तों में पंचशूल स्पर्श करने को लेकर जबरदस्त प्रतिस्पर्धा थी। इस दरमियान मंदिर में मौजूद सभी श्रद्धालु किसी भी कीमत पर पंचशूल का दर्शन कर लेने पर आमादा थे।

श्रद्धालु अपने विघ्न बाधाओं को दूर करने एवं खुशहाल जीवन की कामना लिए पुराने गठबंधन के धागे एवं ध्वज को अपने साथ लिए जा रहे थे। इस अवसर पर मंदिर से उतारे गए ध्वज एवं पताके प्रसाद स्वरूप लोग अपने घर ले जाते हैं।



मंदिर के गुबंद से उतारा गया त्रिषूल

# ग्रामीणों को कौशल प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ना प्राथमिकता : उपायुक्त

नक्सल प्रभावित पत्थर औद्योगिक क्षेत्र शिकारीपाड़ा पहुंच जमीन पर बैठ उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जमीन पर बैठ लोगों की समस्या नोट करते उपायुक्त।

**शिकारीपाड़ा।** नक्सल प्रभावित शिकारीपाड़ा के लताकान्दर गांव में गुरूवार को जिले के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला अधिकारियों की टीम के साथ पहुंच ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त ने ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठकर उनसे बातें कर उनकी समस्याओं से अवगत किए। उपायुक्त ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत होकर खुद नोट किया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष जॉयस बेसरा भी मौजूद थी। साथ ही प्रखंड प्रमुख, स्थानीय मुखिया और अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या को काफी विकराल बताया। साथ ही ग्रामीणों ने आंगनवाड़ी केंद्र, विद्यालय सड़क और सिंचाई, रोजगार से संबंधित समस्या भी उपायुक्त के समक्ष रखी। लोगों की समस्या सुन उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने कहा कि यह पत्थर खनन का इलाका है। जहां लोग विस्थापित हैं और प्रषासन इसलिए यहां पहुंची हैं कि उनकी समस्याओं को जाने और उसका निराकरण कर सके। उपायुक्त ने विश्वास दिलाते हुए कहा कि यहां जो भी कमियां है। उसे जल्द से जल्द दूर किया जाएगा। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि यहां के कई लोग बांस से बने सामानों के निर्माण में दक्षता रखते हैं। ऐसे लोगों को प्रषिक्षण दिया जाएगा और उनके द्वारा बनाए गए उत्पाद के मार्केटिंग की भी व्यवस्था की जायेगी। खास बात यह रही कि यह सभी कार्य जिला खनन निधि से की जाएगी। इस अवसर पर जिप अध्यक्षा जॉयस बेसरा ने कहा कि इस इलाके में गरीबी बहुत ज्यादा है। इलाके का विकास अब तक नहीं हो पाया। इस वर्ष बारिश नहीं होने की वजह से खेती नहीं हुई। ऐसे में इन क्षेत्रों में विकास योजनाएं चलाना काफी आवश्यक है और उसी को देखते हुए इस तरह की पहल की जा रही है।

# हिजला मेला महोत्सव राज्य में रखती है अपनी एक अलग पहचान : उपनिदेशक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव के सफल आयोजन को सांस्कृतिक कार्यक्रम उपसमिति की बैठक गुरूवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी उप जनसम्पर्क निदेशक जुगनू मिंज ने की। बैठक में उप निदेशक जनसंपर्क श्री मिंज ने कहा कि हिजला मेला महोत्सव पूरे राज्य में अपनी एक अलग पहचान रखता है। यह मेला संथाल परगना की संस्कृति को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से इस राजकीय मेला को राष्ट्रीय मेला बनाने में हम सफल होंगे। मेला के बेहतर आयोजन को लेकर लोगों की अपेक्षाएं काफी बढ़ गई है। सभी के सहयोग से मेला महोत्सव का आयोजन सफलतापूर्वक कराने में सफल होंगे। उद्घाटन समारोह में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी जाती है। इसके लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को अपने स्तर से नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।



बैठक करते सांस्कृतिक कार्यक्रम उप समिति के सदस्य।